1966 1967 1968 1969 1970 1971

1972 1973 1974

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद

INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT AHMEDABAD

1975 1976 1977 1978 1979 1980

1981 1982 1983 1984 1985 1986

1987 1988 1989 1990 1991 1992

1993 1994

50 वार्षिक प्रतिवेदन ANNUAL REPORT 2011-12

1995 1996 1997 1998 1999 2000

2001 2002 2003 2004 2005 2006

2007 2008 2009 2010 2011 2012

संस्थापक प्रणेता

डॉ. जीवराज मेहता

कस्तूरभाई लालभाई

डॉ. विक्रम साराभाई

पूर्व अध्यक्ष

डॉ. जीवराज एन. मेहता

श्री प्रकाश टंडन

श्री एस.एल. किर्लोस्कर

श्री केशव महिन्द्रा

श्री वी. कृष्णमूर्ति

श्री ए.पी. वेंकटेश्वरन

प्रोफेसर एस.के. खन्ना

डॉ. आई. जी. पटेल

श्री एन.आर. नारायण मूर्ति

डॉ.विजयपत सिंघानिया

वर्तमान अध्यक्ष

श्री ए. एम. नायक

वर्तमान निदेशक

प्रोफेसर समीर के. बरुआ

पूर्व निदेशक

डॉ. विक्रम ए. साराभाई


प्रोफेसर रवि जे. मथाई

डॉ. सैम्युअल पॉल

प्रोफेसर वी. एस. व्यास

डॉ. आई. जी. पटेल

प्रोफेसर एन. आर. शेठ

प्रोफेसर पी. एन. खांडवाला

प्रोफेसर जहर साहा

प्रोफेसर बकुल एच. धोलकिया

50वाँ वार्षिक प्रतिवेदनः 2011-12

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद
Indian Institute of Management Ahmedabad

विषयसूची

वर्ष का सिंहावलोकन 5

द्विवर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम 5
फैलो कार्यक्रम 6
एकवर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम 6
संकाय विकास कार्यक्रम 6
प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) 6
अनुसंधान, प्रकाशन, सम्मेलन और संगोष्ठी 7
शैक्षणिक प्रशासन में नेतृत्व 8
व्यवहार जगत् से सम्पर्क 8
सामाजिक परिवर्तन में भागीदारी 8
सामाजिक दायित्व 9
वैश्विक आकांक्षाएँ 9
परिसर अवसंरचना 9
संस्थान की पचासवीं वर्षगाँठ 10
हमारा संकल्प 10

शैक्षणिक कार्यक्रम 11

प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम 11
कृषि-व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम 15
कार्यपालकों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम 16
प्रबंध में फैलो कार्यक्रम 18
नियुक्ति 19
दीक्षांत समारोह 22
प्रबंध में संकाय विकास कार्यक्रम 23

अनुसंधान एवं प्रकाशन 24

विकल्प: **निर्णयकर्ताओं का जर्नल 24**

प्रबंध विकास कार्यक्रम 26

अंतर्विषयक केंद्र एवं समूह 27

इलेक्ट्रॉनिक अभिशासन केन्द्र 27
लिंग समानता, विविधता, और समावेशिता केन्द्र 27
अवसंरचना नीति एवं विनियमन केंद्र 28

नवाचार, ऊष्मायन एवं उद्यमिता केंद्र 29

कृषि प्रबंध केंद्र 31

खुदरा बिक्री केंद्र 32

कंप्यूटर एवं सूचना प्रणाली समूह (सी. एंड आई.एस.जी.) 32

सार्वजनिक प्रणाली समूह (पीएसजी) 33

रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवाचार केंद्र 34

अनुशासनिक क्षेत्र 35

व्यापार नीति 35

संचार 36

अर्थशास्त्र 37

वित्त एवं लेखा 37

विपणन 38

संगठनात्मक व्यवहार 39

कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध 40

उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके 40

पूर्वछात्र केन्द्र गतिविधियाँ 42

वैश्विक भागीदारी और कॉर्पोरेट मामले 45

सहायता अनुदान 48

बुनियादी ढाँचे का विकास 49

कार्मिक 50

छात्र गतिविधियाँ 52

विक्रम साराभाई पुस्तकालय 68

कल्याण गतिविधियाँ 70

परिशिष्ट 73

वर्ष का सिंहावलोकन



यह वर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की उम्मीद के साथ शुरू हुआ। तथापि जैसे जैसे वर्ष आगे बढ़ता गया वैसे वैसे स्पष्ट होता गया कि ये उम्मीदें गलत थी। घरेलू अर्थव्यवस्था ने भी तनाव और मंदी के लक्षण दिखाने शुरू कर दिये। लगातार पाँचवें वर्ष तक आर्थिक संकट में रहने के बावजूद भी, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि संस्थान अपनी वित्तीय स्थिति को ओर आगे मजबूत करने में सक्षम रहा है। पेंशन दायित्वों को पूरा करने की दिशा में लगभग 30 करोड़ रूपये ओर अलग से रख देने के बावजूद, संस्थान ने लगातार दूसरे वर्ष, 2012 में, संचालन अधिशेष हाँसिल किया है। यह खर्चों पर विवेकपूर्ण नजर रखने तथा राजस्व स्रोतों को बढ़ाने और उनमें विविधता लाने के ठोस प्रयासों से ही संभव हो सका है। संस्थान द्वारा किये गये प्रयासों के माध्यम से आने वाले वर्षों में संस्थान ने वित्तीय स्थिति को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक नींव रखी है।

द्विवर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम

देश में सबसे प्रतिष्ठित स्नातकोत्तर प्रबंधन कार्यक्रम, द्विवर्षीय स्नातकोत्तर प्रबंध कार्यक्रम (पीजीपी) ने संस्थान के प्रमुखतम कार्यक्रम के तौर पर अपना वर्चस्व जारी रखा है। स्नातकोत्तर प्रबंधन कार्यक्रम के सातवें स्थान पर रैंककृत होने पर फ़ाइनैंसियल टाइम्स (एफ़.टी.) की वर्ष 2011-12 वैश्विक रैंकिंग में सुधार देखा गया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब इस कार्यक्रम को शीर्ष दस स्थानों में रैंककृत किया गया। भारत का यही एकमात्र कार्यक्रम है जिसने सूची में जगह लेना जारी रखा है।

यह पहला ऐसा वर्ष था जब पीजीपी में छात्रों की संख्या सर्वाधिक रही, प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों के साथ यह संख्या ओबीसी कोटा के अनुरूप, कार्यक्रम के बैच के आकार की आवश्यक संख्या तक पहुँच गई। इसके बावजूद भी, कार्यक्रम को सुचारु रूप से आयोजित किया गया था क्योंकि कार्यक्रम की भाषा-शैली तार्किकता को ध्यान में रख कर तैयार की गई थी। बैच के बढ़े हुए आकार के कारण कार्यक्रम की गुणवत्ता पर होने वाले संभावित प्रभाव के बारे में अब भी चिंता बनी हुई है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की प्रवृत्ति को देखते हुए, यहाँ से उत्तीर्ण हो रहे छात्रों की नियुक्ति के बारे में आशंकाएँ व्यक्त की जा रही थी। लेकिन आशंकाओं को गलत सिद्ध करते हुए, नियुक्ति के इच्छुक सभी छात्रों को सार्थक नौकरियों में नियुक्ति मिली।

कृषि क्षेत्र में संस्थान के शैक्षणिक कार्यक्रम, द्विवर्षीय स्नातकोत्तर कृषि-व्यवसाय कार्यक्रम (पीजीपी-एबीएम) ने कृषि एवं खाद्य तकनीक क्षेत्र में प्रबंध कार्यक्रमों के बीच शीर्षस्थ कार्यक्रम बनने का गौरव हासिल किया है। यह वैश्विक रैंकिंग एड्यूनिवर्सल नामक एक सम्मानित श्रेणी निर्धारक फ्रेंच एजेन्सी द्वारा दिया गया, जो कि क्षेत्रीय प्रबंधन कार्यक्रमों के भी श्रेणी क्रम को निर्धारित करती है। इस कार्यक्रम में भी ओबीसी कोटा के कार्यान्वयन से उत्पन्न विस्तार को पूरा होते देखा गया।

फैलो कार्यक्रम

इस वर्ष के दौरान संस्थान के द्वारा कई नीतिगत पहल फैलो प्रबंध कार्यक्रम (एफपीएम) के डॉक्टरेट कार्यक्रम को मज़बूत बनाने के लिए की गई। इसके प्रथम वर्ष के कार्यक्रम को फिर से तैयार किया गया है जिसमें तीसरे सत्र के क्षेत्रों को कार्यक्रम के प्रथम वर्ष में लेने का विकल्प दिया जा रहा है। डॉक्टरेट शोध निबंधों की गुणवत्ता को अधिक महत्व देने के कारण, कई एफ़पीएम छात्रों के पेपर इनके कार्यक्रम के पूरा होने से पहले ही प्रकाशित हो रहे हैं।

एफपीएम के बारे में एक बड़ी चिंता का विषय यह है कि यह एक अत्यधिक संकाय संसाधन प्रगाढ़ कार्यक्रम है। सरकार का अतिरिक्त छात्रों (पिछले कई वर्षों में कार्यक्रम के औसत आकार से बढ़कर) को आंशिक रूप से सहायता करने का सुझाव है, वह उन पुराने भारतीय प्रबंध संस्थानों के साथ भेदभाव होगा जो पहले से ही अच्छे आकारों के डॉक्टरेट कार्यक्रम चला रहे हैं। सरकार के समक्ष ऐसे तर्कों के साथ निवेदन किया गया है कि शिक्षकों की अपार तंगी के लिए निधि होनी चाहिए, ना कि केवल पुराने संस्थानों में वर्तमान डॉक्टरेट कार्यक्रमों की संख्या को बढ़ाने के लिए।

कई पूर्वछात्रों की तरफ से यह प्रस्ताव है कि इस कार्यक्रम को बाहरी उम्मीदवारों के लिए भी खोला जाए। इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेना होगा, जिसमें इन बाहरी उम्मीदवारों को अपनी डॉक्टरेट की उपाधि की आवश्यकताओं के लिए अनुमति प्रदान करने हेतु उचित शुल्क के भुगतान के लिए कहा जा सकता है। बाहरी उम्मीदवारों के लिए इस कार्यक्रम को खोलने के परिणाम-स्वरूप इस कार्यक्रम की गुणवत्ता पर कोई आँच नहीं आयेगी और इसके लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय रखे जायेंगे। इसके अलावा इस कार्यक्रम को समृद्ध बनाने के लिए थीसिस के विषयों की विविधता के माध्यम से, कार्यक्रम के लिए ज्यादा आवश्यक निधियों की पहल की जायेगी।

एकवर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम

वैश्विक रूप से तुलनात्मक कार्यक्रमों के बीच पूर्वानुभव की तरह कार्यकारी अधिकारियों के लिए एकवर्षीय स्नातकोत्तर प्रबंध कार्यक्रम (पीजीपीएक्स) ने अपना प्रभुत्व जारी रखा। लगातार दूसरे वर्ष में भी इस कार्यक्रम को फ़ाइनैंसियल टाइम्स (एफ़टी) द्वारा एमबीए कार्यक्रमों की प्रतिष्ठित वैश्विक रैंकिंग में 11वाँ स्थान दिया गया है।

इस कार्यक्रम के द्वारा प्राप्त आवेदनों की गुणवत्ता का उच्च होना जारी रहा है। इस कार्यक्रम में प्रविष्ट कॉहार्ट भी वैश्विक रूप से श्रेष्ठ बीजनेस स्कूलों के एमबीए कार्यक्रमों में प्रविष्ट साथियों की तुलना में ज्यादा बराबरी पर रहे, शायद ज्यादा बेहतर रहे । इस कार्यक्रम की व्यापक समीक्षा के बाद, कार्यक्रम की प्रस्तुति को प्रभावशाली बनाने के लिए बदलाव लागू किये गये।

संकाय विकास कार्यक्रम

संस्थान के चार माह के संकाय विकास कार्यक्रम (एफ़डीपी) पर ध्यान केन्द्रित करने से बदलाव देखा गया। प्रतिभागियों द्वारा अनुसंधान और शिक्षणशास्त्र संबंधित पाठ्यक्रमों और कार्यों पर ज्यादा जोर दिया गया। प्रतिभागियों को शिक्षण पर ध्यान केन्द्रित करने वाली जानकारी और केसों के लेख उपलब्ध कराये गये। प्रतिभागियों द्वारा डिजाइन में इस परिवर्तन की सराहना की गई। यह कार्यक्रम एक ऐसी क्षमता का विकास करता है जिसके माध्यम से आईआईएमए देश में प्रबंध शिक्षा की गुणवत्ता को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। एक केस में इस कार्यक्रम के वर्ष में दो बार प्रस्तावित करने हेतु स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट उद्देश्यों की शैक्षणिक निर्गम में संभावना की जाँच की गई है।

प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी)

संस्थान का कार्यकारी शिक्षा के क्षेत्र में वर्ष 2011-12 मे वर्चस्व जारी रहा। लगभग 150 कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन करने के अलावा, प्रथम बार संस्थान ने नेपाल और भूटान में कार्यकारी

शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन किया। नेपाल में आयोजित कार्यक्रम सबसे बड़े उद्यमों में से एक स्वनिर्धारित कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम था। भूटान में आयोजित मुक्त नामांकन वाले दो सामान्य प्रबंधन कार्यक्रमों को काफी सराहा गया। भूटानी संगठनों के प्रतिभागियों के अलावा, कई भारतीय कम्पनियों के प्रतिभागी भी इस कार्यक्रम के प्रति आकर्षित हुए थे। शायद संस्थान के लिए यह सोचने का समय आ गया है कि कॉरपोरेट शिक्षा के लिए एक सेंटर खोला जाये, जो संकाय संसाधनों को केवल संस्थान से ही नहीं अपितु संस्थान के बाहर से भी आकर्षित करेगा और कार्यकारी शिक्षा का विस्तार करते हुए उसकी विविधता को हर तरफ पहुँचायेगा।

अनुसंधान, प्रकाशन, सम्मेलन और संगोष्ठी

स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह को जारी रखते हुए, संस्थान ने शिक्षाविदों, शैक्षणिक प्रशासकों और कॉरपोरेट सेक्टरों के कार्यकारियों को एक साथ लाते हुए, प्रबंध शिक्षा को समाज की ऊभरती आवश्यकताओं के प्रति ज्यादा प्रासंगिक बनाने के लिए जरूरी उपायों पर चर्चा करने का कदम उठाया। आईआईएम-कोलकाता भी अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा था, उसे भी संस्थान ने भारतभर में पाँच सम्मेलनों की एक श्रेणी का आयोजन करने में सहयोग करने के लिए आमंत्रित किया। डॉ. श्रीकान्त दातार, आईआईएमए के पूर्वछात्र और एच.बी.एस. के एक संकाय सदस्य ने इन सम्मेलनों में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में भूमिका निभाने हेतु अपनी सहमति दी। ये सम्मेलन अहमदाबाद, कोलकाता, मुम्बई, चेन्नई और कोयम्बटूर में प्रबंध शिक्षा के विभिन्न विषयों पर आयोजित किये गये। इन सम्मेलनों में सौ से अधिक प्रबंधन स्कूलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इन सम्मेलनों की कार्यवाही महत्त्वपूर्ण सत्रों की वीडियो रिकोर्डिंग के रूप में उपलब्ध है जो कि देश में प्रबंध शिक्षा के सुधारों के लिए विचारों का एक बहुत अच्छा स्रोत बना रहेगा। इस प्रयास का एक दिलचस्प आकर्षण यह था कि चेन्नई में आयोजित सम्मेलन, आईआईएमए पूर्वछात्रों की चेन्नई सभा द्वारा अन्ना विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया था। इन सम्मेलनों में शुरू की गई बातचीत, बहस और चर्चाएँ जारी रहनी चाहिए और ऐसे सम्मेलनों से आईआईएमए देश में प्रबंध शिक्षा का नेतृत्व करने और शेष विश्व के लिए जरूरी परिवर्तनों के विचारों को पेश करने का अन्य माध्यम बन सकेगा।

आईआईएमए की व्यापार पुस्तक श्रृंखला के बैनर के तहत संस्थान के संकायों द्वारा लिखित प्रासंगिक प्रबंध पुस्तकों एवं पढ़ने के लिए आसान पुस्तकों के प्रकाशन के लिए रैंडम हाउस के साथ सहयोग जारी है। अब तक इस श्रृंखला में छः पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं; दिसम्बर 2012 तक अन्य चार पुस्तकों के प्रकाशन की उम्मीद है। इन पुस्तकों पर प्रतिक्रियाएँ काफी उत्साहजनक रही हैं और कई पुस्तकों की काफी अच्छी बिक्री हो रही है।

संस्थान के केसों और शैक्षणिक सामग्री तक वेब आधारित पहुँच के लिए संस्थान ने कदम उठाये थे। यह पोर्टल अब चालू हो गया है। ऐसी उम्मीद है कि शैक्षणिक वर्ष 2012-13 के अंत तक संस्थान 1000 केसों और अन्य शैक्षणिक सामग्रियों को डिजिटल रूप में डाउनलोडिंग के लिए पेश करने में सक्षम हो जायेगा। इससे प्रबंध शिक्षा के साथ संस्थान के संबंध और भी मजबूत होंगे तथा प्रबंधन के विचारों को प्रभावित करने में मदद मिलेगी। संस्थान के संकायों द्वारा लिखित केसों की गुणवत्ता एवं संख्या बढ़ाने के लिए इस वर्ष भी केस संपादन और केस लेखन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

पिछले कुछ वर्षों में, संस्थान ने अनुसंधान को प्रोत्साहन देने के लिए कदम उठाये हैं। इन प्रयासों का ही असर दिखाई देता है कि पिछले एक वर्ष में संस्थान के संकायों के पन्द्रह से अधिक पेपर वैश्विक स्तर की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। इस उद्देश्य के लिए ही बने केन्द्रों में काफी ध्यान केन्द्रित अनुसंधान किया गया। सीआईआईई (नवाचार ऊष्मायन एवं उद्यमिता केन्द्र) के नवाचार एवं उद्यमिता में अनुभव ने गुणवत्ता युक्त शैक्षणिक सामग्री को महत्त्वपूर्ण राशि में परिवर्तित करना शुरू कर दिया है जो कि भविष्य में देश में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उपयोगी रहेगा। विश्व में उभरती हुई सभी अर्थव्यवस्थाओं के लिए भी यह अनुभव उपयोगी होगा।

शैक्षणिक प्रशासन में नेतृत्व

आईआईएमए ने हमेशा ही देश में शैक्षणिक संस्थानों के प्रशासन में मानकों को बढ़ाने के लिए बदलाव लाने में अपना नेतृत्व रखा है। सभी हितधारकों के साथ काफी विचार विमर्श के बाद, इस वर्ष के अंत में संस्थान की प्रशासनिक नियम पुस्तिका एवं कामकाज के संचालन नियमों में बदलाव देखा गया है। इन बदलावों ने संस्थान को कहीं अधिक स्वायत्तता प्रदान की है और संस्थान के मामलों का प्रबंधन करने के लिए बोर्ड को एक बड़ी जिम्मेदारी प्रदान की है। यह तो समय ही बतायेगा कि संस्थान नई शासी संरचना की चुनौतियों से निपटकर कैसे ऊपर उठता है और सावधानी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करते हुए यह अभियान आगे जारी रखता है, जैसा कि पिछले कई वर्षों में दुनिया भर में अपनी प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए किया गया है।

बीते हुए इस वर्ष में भी संस्थान के संकायों के लिए एक व्यापक निष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) की रचना की गई। यह बहुविशिष्ट प्रस्तावित प्रणाली अनुसंधान एवं शिक्षा को अपेक्षित महत्व देते हुए सावधानी से तैयार की गई है। इस प्रणाली का बोर्ड ने अनुमोदन कर दिया है और शैक्षणिक वर्ष 2012-13 से प्रचलन में लायी जायेगी। पिछले कुछ वर्षों से पीजीपी के अभूतपूर्व विस्तार के बाद से अनुसंधान पर जोर दिया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में संस्थान के संकायों का रिकोर्ड प्रकाशन यह दर्शाता है कि संस्थान प्रबंधन के क्षेत्र में विचारक का नेतृत्व करने की राह पर है। यह पीएमएस संकायों को गुणवत्ता युक्त अनुसंधान करने की प्रेरणा देगा, जिससे वैश्विक स्तर पर प्रबंधन के विचारों में बदलाव आयेगा।

वर्ष 2007-08 में संस्थान ने एक प्रक्रिया के तहत परामर्श आय का 3% और एमडीपी के खुले नामांकन से प्राप्त राजस्व के 2% (2011-12 से बढ़ाकर 3% किया गया है) से कर्मचारियों को उनके कार्यनिष्पादन के आधार पर प्रोत्साहन के लिए भुगतान करने हेतु एक कोष बनाया है। यद्यपि , कर्मचारियों के कार्यनिष्पादन की निगरानी के लिए एक ज्यादा औपचारिक प्रणाली शुरू नहीं की गई है। कर्मचारियों के लिए एक औपचारिक कार्यनिष्पादन समीक्षा और मूल्यांकन प्रणाली (पीआरएएस) की पहल वर्ष 2011-12 में शुरू की गई। यह अनुभव एक व्यापक प्रणाली का विकास करने में समेकित होगा, जो संस्थान के प्रशासन के प्रति कर्मचारियों को कार्यदक्षता और प्रभावशीलता से योगदान देने के लिए प्रेरित करने में उपयोगी रहेगा। इस प्रकार से आँकी गई कार्यनिष्पादन क्षमता को भी कर्मचारियों में पुरस्कार का भुगतान करने के लिए बनाये गये प्रोत्साहन कोष के साथ जोड़ा जायेगा।

व्यवहार जगत् से सम्पर्क

अपनी स्थापना के बाद से निर्णयों और कार्रवाई में पूर्वाग्रह को देखते हुए, संस्थान ने हमेशा से सक्रिय रूप में व्यवहार जगत् से - सरकारों, गैर सरकारी संगठनों और कॉरपोरेट जगत् में संगठनों का साथ निभाया है। पिछले पाँच वर्षों में इन संबंधों में मजबूती देखी गयी है। वर्ष 2011-12 में, संस्थान ने संगठनों के प्रबंधन और प्रशासनिक व्यवहार को प्रभावित करना जारी रखा है।

कई संकाय सदस्य कम्पनियों के बोर्ड के सदस्य हैं, सरकार एवं नियामकों की प्रमुख नीति निर्धारण समितियों के सदस्य हैं, और सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत ट्रस्टों के बोर्ड के सदस्य हैं। ऐसे संगठनों के माध्यम से संकाय सदस्यों ने काफी संगठनों के व्यापक विस्तार में नीति एवं निर्णय निर्धारण को प्रभावित करना जारी रखा है।

सामाजिक परिवर्तन में भागीदारी

वर्ष 2011-12 में संस्थान द्वारा जवाजा परियोजना के लिए किये गये योगदान में ओर भी मजबूती देखी गई। संस्थान के प्रयासों को जारी रखते हुए जवाजा के कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों के आधुनिकीकरण के लिए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) की मदद से एक ग्रामीण विश्वविद्यालय सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया। बाजार के साथ इन कारीगरों के संबंध मजबूत बनाने के लिए भी इस बोर्ड ने पहल शुरू की है।

संस्थान के छात्र पिछले कई वर्षों से, संस्थान के परिसर के आसपास की सड़क पर रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से छात्रों द्वारा स्थापित 'प्रयास' नामक संगठन से जुडे हैं। वर्ष 2011-12 में ऐसे प्रयासों में निरंतरता और मजबूती देखी गई। इन बच्चों, छात्रों एवं आईआईएमए समुदाय को एकसाथ भारत का स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस, 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को मनाते हुए देखा गया। इन्होंने दोनों अवसरों पर ही ध्वजारोहण के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी भाग लिया।

उपरोक्त संगठनात्मक गतिविधियों के अलावा, कई संकाय सदस्यों ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता से सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत कई संगठनों के कामकाज में योगदान दिया।

सामाजिक दायित्व

वर्ष 2008-09 में, आईआईएमए शायद दुनिया का पहला ऐसा बिजनेस स्कूल बन गया, जिसने कुछ छात्रों को बिलकुल ही में मुफ्त शिक्षा देना शुरू किया। संस्थान ने वर्ष 2008-09 में 23 छात्रों को अपनी प्रथम वर्ष की शिक्षा बिलकुल मुफ्त प्राप्त करने में सहयोग किया। वर्ष 2009-10 में अन्य 22 छात्रों की निःशुल्क शिक्षा के लिए पहचान की गई तथा इनके जुड़ने से यह संख्या बढ़कर 45 हो गई। पूर्णतया शुल्क मुक्ति के अलावा, जो छात्र आर्थिक रूप से गरीब परिवारों से आये हैं उनको संस्थान ने ग्रेड शुल्क छूट भी प्रदान की है। यह पहल वर्ष 2011-12 में भी जारी रही।

वैश्विक आकांक्षाएँ

वर्ष 2008 में आईआईएमए भारत का पहला ऐसा प्रबंधन स्कूल बन गया, जिसे इक्विस (ईक्यूयूआईएस) से मान्यता दी गई। इस मान्यता को एक समीक्षा प्रक्रिया के बाद वर्ष 2011-12 में फिर से पुष्टि मिली है।

आईआईएमए, *दी इकोनोमिस्ट* द्वारा वैश्विक स्तर की शीर्ष 100 प्रबंध स्कूलों की रैंकिंग में स्थान प्राप्त करने वाला भारत का पहला प्रबंध स्कूल है। हमारा संस्थान भारत का एकमात्र ऐसा प्रबंध स्कूल है जिसके सभी तीनों स्नातकोत्तर कार्यक्रमों को वैश्विक रैंकिंग में उच्चस्थ स्थान पर रखा गया है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, एफ़टी द्वारा वैश्विक स्तर पर तुलनीय कार्यक्रमों की रैंकिंग में पीजीपी को 7वाँ और पीजीपीएक्स को 11वाँ स्थान प्राप्त हुआ है; और वैश्विक स्तर पर तुलनीय कार्यक्रमों में पीजीपी-एबीएम को एड्यूनिवर्सल द्वारा शीर्षस्थ रैंक दिया गया है। संस्थान ने विश्व की श्रेष्ठ स्कूलों में समाहित 70 से अधिक बिजनेस स्कूलों के साथ सक्रिय शैक्षणिक सहयोग किया है।

संस्थान ने अपनी एक वैश्विक प्रतिष्ठा स्थापित की है इसलिए इसे अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए भर्ती किये गये साथियों का अंतरराष्ट्रीयकरण करना होगा। इसके लिए संस्थान को प्रवेश के लिए जीमैट में अपना कट-ऑफ कम करना होगा, विशेष रुप से पीजीपी के लिए। आज के चलन में पीजीपी में प्रवेश के लिए साक्षात्कार के लिए बुलाये जा रहे उम्मीदवारों का जीमैट कट-ऑफ 760 या और भी ज्यादा होता है। चूँकि इतने उच्च जीमैट स्कोर वाले सक्षम आवेदकों को दुनिया के श्रेष्ठ स्कूलों में आसानी से प्रवेश मिल जाता है, अतः स्वाभाविक रूप से कोई भी उम्मीदवार संस्थान के पीजीपी के लिए आवेदन नहीं करता है।

संस्थान को अपने संकायों के बीच विविध नागरिकता प्राप्त करने के लिए भी कदम उठाने होंगे। यह फिर से तभी संभव हो सकता है अगर विदेशी संकायों को पर्याप्त प्रतिफल दिया जाये।

उपरोक्त मुद्दों के आसान जवाब नहीं हैं। हालाँकि, अगर संस्थान की ऐसी इच्छा है कि दूसरे देशों के स्कूलों से आये संकायों एवं छात्रों के बीच विविध नागरिकता पर सममूल्य बना रहे तो संस्थान को इन मुद्दों को उठाना होगा। ये विशेषताएँ रेटिंग और रैंकिंग के लिए महत्वपूर्ण हैं।

परिसर अवसंरचना

सन् 2001 में आये भूकंप से पुराने परिसर में क्षतिग्रस्त हुए प्रशासनिक भवनों की अति आवश्यक मरम्मत का कार्य विभिन्न कारणों से अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। इन भवनों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य जो 2010-11 में शुरू किया गया था, वह अंत में 2011-12 में सक्षम संरचनात्मक इंजीनियरों के मार्गदर्शन व सलाहों के आधार पर पूरा कर लिया गया है। प्रसिद्ध लुईस काह्न प्लाज़ा सहित, इन संरचनाओं का फिर से इनके मूल सौंदर्य में जीर्णोद्धार किया गया है।

इस वर्ष छात्रों के लिए नये 320 कमरों के आवासीय संकुल के निर्माण कार्य में तेज़ी देखने को मिली। परिसर के स्थापत्य संग्रह को जब देखते हैं तो, हम पाते हैं कि पुराने स्थापत्य डिजाइन के सामने नये डिजाइन के भवननिर्माण की लागत लगभग 30% कम हो गई है। इन आवासीय संकुलों का कार्य अभी पूर्ण हो चुका है। इन नये आवासीय संकुलों में स्नातकोत्तर छात्रों के रहने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संलग्न शौचालय के साथ, आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध करायी गई हैं।

इस वर्ष एक इनडोर खेल संकुल के निर्माण की नींव रखी गई और टेनिस कोर्ट का भी लोकार्पण किया गया। ये काम भी अभी पूरे हो चुके हैं। पहले से ही छात्रों को और परिसर के निवासियों को फिट रखने में पुनः सज्जित टेनिस कोर्ट और आलीशान खेल परिसर सहायक बन रहे हैं।

संस्थान की पचासवीं वर्षगाँठ

संस्थान के जिन पूर्व कर्मचारियों, संकायों एवं बोर्ड के सदस्यों का आईआईएमए को एक प्रतिष्ठित प्रबंध संस्थान बनाने में योगदान रहा, उनके सम्मान समारोह के साथ 11 दिसम्बर, 2010 को स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारंभ हुआ। यह स्वर्ण जयंती समारोह संस्थान के पूर्वछात्रों की उपलब्धियों की पहचान तक विस्तारित होकर 11 दिसम्बर, 2011 को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एक आयोजित समारोह में लगभग 40 पूर्वछात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन पूर्वछात्रों की उपलब्धियाँ शिक्षाविदों, कोर्पोरेट क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र, खेल, राजनीति और प्रदर्शन कलाओं सहित विविध क्षेत्रों में हैं। इन पूर्वछात्रों के स्वीकृति भाषण अपने पुराने दिनों की अतीत की यादों से भरे हुए थे। उन सभी ने कहा कि उनके द्वारा यहाँ बिताये गये दो वर्षों ने ही उनकी आज की उपलब्धियों की नींव रखी है। हर एक का सामान्य सुर यही था कि संस्थान द्वारा दी गई शिक्षा ने उनको बढ़े सपनें देखने के लिए और कम चलन वाले रास्तों पर जोखिम उठने में उनका हौसला बढ़ाया है तथा प्रोत्साहित किया है।

इस स्वर्ण जयंती समारोह में आईआईएमए के एक पूर्वछात्र श्री कंडास्वामी द्वारा संस्थान के पाँच दशकों की यात्रा पर बनायी गयी फिल्म प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर संस्थान के शुरूआती दौर में संकाय सदस्य के रूप में सेवा देने वाले तथा तीन दशक पहले आईआईएमए बोर्ड में सदस्य रहे श्री प्रफुल्ल अनुभाई द्वारा लिखित एक पुस्तक "दी आईआईएमए स्टोरी : दी डीएनए ऑफ एन इन्स्टिटयूशन" का भी अनावरण किया गया। इस पुस्तक में संस्थान के प्रारंभिक वर्षों का वर्णन किया गया है और संस्थान के उन संस्थापक सदस्यों के महत्त्वपूर्ण योगदानों को दर्शाया गया है जिन्होंने संस्थान के स्वरूप को आकार दिया है।

पूर्वछात्रों के उत्कृष्ट योगदान के लिए उपयुक्त प्रशस्ति के रूप में प्रतिष्ठित पूर्वछात्र, श्री के. वी. कामथ, अध्यक्ष आईसीआईसीआई बैंक एवं अध्यक्ष इन्फोसिस टेकनोलॉजिज लिमिटेड ने वर्ष 2012 के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर अध्यक्षता की। ये सन् 1971 में आईआईएमए से स्नातक हुए, तथा सन् 1997 से सन् 2010 तक आईआईएमए बोर्ड के सदस्य भी रहे हैं।

हमारा संकल्प

जैसा कि हमारा संस्थान पचास वर्षीय युवा के रूप में आगे बढ़ रहा है, सभी हितधारकों के लिए यही समय है जब स्वयं को पुनः एक बार संस्थान की सेवा में समर्पित करते हुए, यह सुनिश्चित करें कि जो दीपक उन्होंने पचास वर्ष पहले जलाया था उसकी तेज़ रोशनी को जारी रखा जाये और अपने देश के लोगों की भलाई के लिए उनके भाग्य का मार्गदर्शन किया जाये। हमें शपथ लेते हुए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आईआईएमए कुछ अलग कर दिखाने के साथ एक ऐसे प्रबंध संस्थान के रूप में आगे बढ़ता रहे – जो प्रबंध शिक्षा का प्रयोग करते हुए कम सुविधा प्राप्त समाज के उत्थान के लिए एक उद्देश्य के साथ कार्य करता रहे।

समीर के. बरुआ
निदेशक

शैक्षणिक कार्यक्रम

संस्थान द्वारा प्रस्तुत प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) सबसे लंबी अवधि तक चलने वाला कार्यक्रम है। भारत में और विदेशों में प्रकाशनों द्वारा किये गये सर्वेक्षणों में भारतीय प्रबंध स्कूलों के बीच यह कार्यक्रम लगातार शीर्ष पर रहा है। सर्वप्रथम पीजीपी की पेशकश 1964 में हुई थी। तब से संस्थान द्वारा कार्यक्रमों की श्रृंखला को विस्तारित किया गया है। वर्तमान में यह संस्थान अलग-अलग अवधियों के पाँच शैक्षणिक कार्यक्रम चलाता है : प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) (एमबीए के समकक्ष), कृषि व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एबीएम) (एमबीए के समकक्ष), कार्यकारियों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स), प्रबंध में फैलो कार्यक्रम (एफपीएम) (पीएच.डी. के समकक्ष), तथा प्रबंध-शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों के लिए संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी)।

1. प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम

प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) का अड़तालीसवाँ सत्र, 20 जून, 2011 को 376 छात्रों के साथ प्रारंभ हुआ। वर्ष की समाप्ति पर 372 छात्र, द्वितीय वर्ष के लिए प्रोन्नत हुए।

47वें बैच का द्वितीय वर्ष, 13 जून, 2011 को 371 छात्रों के साथ शुरू हुआ। द्वितीय वर्ष की समाप्ति पर, 369 छात्र स्नातक हुए।

छात्र	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	विकलांग
प्रथम वर्ष	49	22	103	9
द्वितीय वर्ष	55	16	100	10

विवरण, **परिशिष्ट क1** में दिए गए हैं।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, और विकलांग छात्रों का विवरण निम्नानुसार है :

तैयारी कार्यक्रम

तैयारी कार्यक्रम को उन नये प्रविष्ट छात्रों के मतलब से तैयार किया गया है, जो संचार एवं गणितीय कौशलों में अपेक्षाकृत कमजोर हैं। नियमित सत्र प्रारंभ होने से पूर्व, 30 मई से 18 जून, 2011 तक आयोजित इस कार्यक्रम में अठारह छात्रों ने भाग लिया।

परिचय कार्यक्रम

नए छात्रों के लिए परिचय कार्यक्रम, 20 से 22 जून, 2011 के दौरान चलाया गया। इसमें निदेशक व पीजीपी-अध्यक्ष के संबोधनों के अतिरिक्त, पीजीपी कार्यकारी समिति के साथ संवाद तथा कंप्यूटर एवं पुस्तकालय-सुविधाओं के उपयोग से संबंधित जानकारी परिचय कार्यक्रम में शामिल थी। छात्रों को केस-पद्धति शिक्षण से परिचित कराने हेतु केस-तैयारी और केस-पद्धति पर एक विस्तारित सत्र का आयोजन भी किया गया। इसका उद्देश्य नये छात्रों को शिक्षण की केस पद्धति से परिचित कराना था, क्योंकि यही एक प्रमुख शैक्षणिक उपकरण है।

शिक्षकीय

कार्यक्रम की आवश्यक अपेक्षाओं को पूरा करने में छात्रों की सहायता के उद्देश्य से, प्रथम वर्ष के कुछ कार्यक्रमों में प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षकीय दिए गए।

पाठ्यक्रम

नवीनतम अनुसंधानों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए पीजीपी पाठ्यक्रम समय समय पर पीजीपी समीक्षा समिति द्वारा संशोधित किया जाता है। इस वर्ष प्रथम वर्ष के छात्रों ने 6 स्लॉटों में विस्तारित 33 पाठ्यक्रम (25.50 क्रेडिट) लिए।

द्वितीय वर्ष के छात्रों से अपेक्षा की गई कि वे पाठ्यक्रमों के न्यूनतम 17 क्रेडिट पूर्ण करें, लेकिन पाठ्यक्रमों के 20 क्रेडिट लेने तक की उन्हें अनुमति दी गई।

द्वितीय वर्ष में, 100 वैकल्पिक पाठ्यक्रम व 47 परियोजना-पाठ्यक्रम (बिना क्रेडिट की 6 स्वतंत्र परियोजनाओं सहित) चलाए गए। पंजीकरण की अधिकता को देखते हुए एक वैकल्पिक पाठ्यक्रम को चार खंडों में, एक को तीन खंडों में और पचीस को दो खंडों में पढ़ाया गया। पेश किये गए 100 वैकल्पिक पाठ्यक्रमों में से छात्रों ने सभी पाठ्यक्रम लिए।

नए पाठ्यक्रम

द्वितीय वर्ष में 14 नए वैकल्पिक पाठ्यक्रम चलाए गए।

इन पाठ्यक्रमों के विवरण **परिशिष्ट क2** में दिये गये हैं।

दोहरी उपाधि कार्यक्रम एवं एक सत्रीय विनिमय कार्यक्रम

दोहरी उपाधि कार्यक्रम

शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्रों में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान विकसित करने के उद्देश्य से, संस्थान ने संयुक्त रूप से निम्नलिखित विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ स्नातकोत्तर स्तर पर दोहरी उपाधि कार्यक्रम की पेशकश की है :

- ईसेक बिजनेस स्कूल, फ़्रान्स
- यूनिवर्सिटी ऑफ बोकोनी, मिलान, इटली
- एचईसी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, फ़्रान्स

इस दोहरी उपाधि कार्यक्रम के अधीन, यूनिवर्सिटी ऑफ बोकोनी के दो छात्रों, ईसेक, फ़्रान्स के एक छात्र और एचईसी के एक छात्र ने द्वितीय वर्ष-पीजीपी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसी समय, अपने संस्थान से द्वितीय वर्ष के नौ छात्र, इस कार्यक्रम के अधीन ईसेक, यूनिवर्सिटी ऑफ बोकोनी एवं एचईसी में गए।

एक सत्रीय विनिमय कार्यक्रम

छात्र विनिमय कार्यक्रम का उद्देश्य पीजीपी का अंतरराष्ट्रीयकरण करना है और छात्रों को अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन प्रदान करना है। शैक्षणिक वर्ष 2011-12 के दौरान छात्रों के विनिमय के लिए संस्थान ने कई अंतरराष्ट्रीय बिजनेस स्कूलों के साथ सहयोग किया है। इस वर्ष के दौरान, संस्थान में 79 विनिमय छात्र और 4 दोहरी उपाधि के छात्र आए तथा 90 विनिमय छात्रों एवं 9 दोहरी उपाधि छात्रों को सहभागी संस्थानों में भेजा गया।

शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग का विवरण **परिशिष्ट क3 और क4** में दिया गया है।

व्याख्यान श्रृंखला

वर्ष 2011-12 के दौरान निम्नलिखित प्रसिद्ध व्यक्तियों ने छात्रों को संबोधित किया :

विजय गोविंदराजन	डार्टमाउथ कॉलेज में टक बिजनेस स्कूल में प्रोफेसर
ऋतु चौधरी	निरुला कॉर्नर के वाइस प्रेसिडेंट– विपणन
अरविंद सागर	प्रमुख – कोर्पोरेट पहल एवं योजना, मार्ग
पुनीत महिन्द्रू	कोर्पोरेट निदेशक, ताज होटेल रिसोर्ट्स एंड पेलेसेस

छात्रवृत्तियाँ

संस्थान ने शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर एक बड़ी संख्या में छात्रवृत्तियाँ प्रदान की हैं और जरूरत के आधार पर शुल्क माफी योजना भी चल रही है।

- **उद्योग छात्रवृत्तियाँ**

  इस वर्ष के दौरान अड़तीस छात्रों ने योग्यता के आधार पर उद्योग-छात्रवृत्तियाँ प्राप्त की ।

- **आदित्य बिड़ला छात्रवृत्तियाँ**

  आदित्य बिड़ला समूह ने इस वर्ष के दौरान सात छात्रों को प्रत्येक को 1,75,000 रुपयों की छात्रवृत्ति के लिए चुना।

- **सर रतन टाटा छात्रवृत्तियाँ**

  सर रतन टाटा ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित सर रतन टाटा छात्रवृत्तियाँ, पाँच छात्रों ने उनके प्रथम वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर प्राप्त की।

- **सैमसंग छात्रवृत्तियाँ**

  अपने प्रथम वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर पाँच छात्रों ने सैमसंग इंडिया द्वारा प्रायोजित सैमसंग छात्रवृत्तियाँ प्राप्त की।

- **टी थॉमस छात्रवृत्ति**

  यूनीलीवर, लंदन द्वारा प्रायोजित टी थॉमस छात्रवृत्ति, एक छात्र ने अपने प्रथम वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर प्राप्त की ।

- **ओ. पी. जिंदल इंजीनियरिंग एवं प्रबंध वृत्ति-छात्र**

  एक छात्र को ओ पी जिंदल इंजीनियरिंग एवं प्रबंध वृत्ति-छात्र के रूप में चुना गया । इस छात्रवृत्ति को ओ.पी. जिंदल समूह ने उत्कृष्ट शैक्षिक व नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया है।

- **श्री जी. सी. मित्तल उद्यमिता सहायता**

  यह पुरस्कार पीजीपी के एक पूर्वछात्र श्री अंकित मित्तल द्वारा स्वयं की उद्यमशीलता का व्यापार शुरू करने के लिए स्थापित किया गया है। इस पुरस्कार के लिए एक छात्र को चुना गया।

- **सोसाइटी जनरल वैश्विक समाधान केन्द्र छात्रवृत्तियाँ**

  तीन छात्रों को ये छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई।

इन छात्रवृत्तियों के प्राप्तकर्ताओं की सूची **परिशिष्ट क5** में दी गई है।

- **श्री एस. के. शेठ स्मारक पुरस्कार**

  यह पुरस्कार श्रीमती शान्ति शेठ द्वारा अपने पति स्व. श्री एस. के. शेठ, संस्थान के प्रथम पुस्तकालयाध्यक्ष की स्मृति में कार्यक्रम के प्रथम वर्ष में उच्चतम ग्रेड अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र को दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार कपिल सिंह ढाका को दिया गया।

- **एस. उमापति पुरस्कार**

  यह पुरस्कार, स्वर्गीय एस. उमापति के भाई द्वारा किसी एक छात्र की शैक्षणिक उत्कृष्टता को पहचान दिलाने तथा संस्थान के साथ उमापति के सम्मान की स्मृति में सहयोग के लिए स्थापित किया गया है। यह पुरस्कार प्रथम वर्ष के श्रेष्ठ पीजीपी छात्र को दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार कपिल सिंह ढाका को दिया गया।

- **सर्वोत्तम पीजीपी ऑल राउंडर के लिए कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास पुरस्कार**

  कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास पुरस्कार, स्वर्गीय श्री कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास के माता-पिता द्वारा किसी असाधारण छात्र के बहुमुखी प्रदर्शन को पहचान दिलाने एवं संस्थान के साथ श्रीनिवास के सम्मान की स्मृति में सहयोग के लिए स्थापित किया गया है। इस वर्ष, यह पुरस्कार ठाकर रुषि को दिया गया।

- **शैक्षिक प्रदर्शन के लिए देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्वर्ण पदक**

  यह पुरस्कार, भारत के प्रथम राष्ट्रपति, स्व. डॉ राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति में कामधेनु फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया है। यह उस छात्र को दिया जाता है जो कार्यक्रम के दोनों वर्षों में सर्वोच्च ग्रेड अंक प्राप्त करता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार गौरव जगदीश सिंघल को दिया गया था।

- **महिला ऑल राउंडर पुरस्कार**

  पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता पुरस्कार, इस संस्थान के अल्युम्नस श्री अरूण दुग्गल की पत्नी श्रीमती रीता दुग्गल द्वारा एक असाधारण महिला छात्रा के ऑलराउंड निष्पादन को मान्यता देने हेतु स्थापित किया गया है। इस वर्ष, यह पुरस्कार सौम्या सेन को दिया गया।

पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता स्वर्ण पदक क्वेजल फाउंडेशन द्वारा एक असाधारण महिला छात्रा के ऑलराउंड निष्पादन को मान्यता देने हेतु स्थापित किया गया है। इस वर्ष, यह पुरस्कार सौम्या सेन को दिया गया।

शुल्क माफी योजना

वर्ष 2011-12 के लिए, आय से जुड़ी शिक्षण शुल्क छूट योजना के तहत कुल 5,08,87,419 रु. की राशि का शुल्क माफ किया गया, इसमें द्वितीय वर्ष के 30 छात्रों (2010-12 बैच) के लिए सम्पूर्ण शुल्क छूट शामिल है।

भा. प्र. संस्थान अहमदाबाद की विशेष आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्तियाँ

आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्ति में 97 पीजीपी के और 15 पीजीपी-एबीएम के छात्रों (सत्र 2011-13) को रु. 3,06,20,281 की राशि दी गई। इसमें दो पुनरावर्तन करने वाले छात्रों की रु. 7,35,281 की शुल्क माफी शामिल है। इस छात्रवृत्ति में 40,281 रूपए से लेकर 6,95,000 रूपए तक की धनराशि थी।

सर्वोच्च श्रेणी की शिक्षा के लिए केन्द्र सरकार की केन्द्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना

अनुसूचित जाति के लिए छात्रवृत्ति – पिछले वर्ष के दावे के अनुसार 9,77,042 रु. की धनराशि छात्रवृत्ति के लिए प्राप्त हुई और बाँट दी गई। मंत्रालय को चालू वर्ष की छात्रवृत्ति के लिए चार आवेदन भेज दिये गये और तीन छात्रों के लिए 6,69,420 रु. की धनराशि प्राप्त हुई, जिसमें से 4,16,280 रु. की राशि दो छात्रों में बाँटी गई । एक छात्र ने यह छात्रवृत्ति लेने से मना कर दिया, क्योंकि उसे दूसरी संस्था से उच्च धनराशि की छात्रवृत्ति मिल गई थी।

अनुसूचित जनजाति के लिए छात्रवृत्ति – पिछले वर्ष के दावे के अनुसार 60,800 रु. की धनराशि छात्रवृत्ति के लिए प्राप्त हुई और बाँट दी गई। मंत्रालय को चालू वर्ष के लिए तीन आवेदन भेज गये। चालू वर्ष के लिए अभी धनराशि आना बाकी है।

अ.जा./अ.ज.जा. छात्रवृत्तियाँ

इस वर्ष 145 छात्रों को 1500/- रु. प्रत्येक के हिसाब से अ.जा./अ.ज.जा. छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई।

प्रवेश

कंप्यूटर-आधारित परीक्षा, सामान्य प्रवेश परीक्षा (कैट) 2011, 22 अक्टूबर, 2011 से 18 नवम्बर, 2011 तक आयोजित की गई। जून 2012 से शुरू होने वाले स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए कई विदेशियों के सहित 1,73,886 आवेदन किये गये। साक्षात्कार चरण तक के प्रवेश डाटा के बारे में अतिरिक्त विवरण **परिशिष्ट क6 और क7** में दिये गये हैं।

	पुरुष	महिला	कुल
सामान्य	167	25	192
एनसी-ओबीसी	94	9	103
अ.जा.	46	2	48
अ.ज.जा.	16	4	20
विकलांग	8	1	9
कुल	**331**	**41**	**372**

पीजीपी प्रवेश (2011-2013 बैच)

2. कृषि-व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम

कृषि व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एबीएम) यह सुनिश्चित करते हुए तैयार किया गया है कि यह उच्चतम अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करे , और इसमें वास्तविक जगत् की प्रत्यक्ष प्रासंगिकता रहे। कृषि-खाद्य उद्योग के अत्यधिक बाजारोन्मुख परिवेश में काम की बढ़ती पर्यावरण चिंताओं एवं चुनौतियों में बदलाव के जवाब में गतिशीलता तथा प्रबंधकीय नीतियाँ लानी होंगी। नवीन कौशलों के साथ साथ, इन उद्योगों में काम कर रहे लोगों को प्रबंधन कौशलों, नीतिगत पर्यावरण का परिचय, और एक रणनीतिक परिपेक्ष्य की आवश्यकता है। यह कार्यक्रम इस गतिशील उद्योग में प्रमुख बदलावों के उन दुष्कर कार्यों के लिए छात्रों को तैयार करता है और उन बदलावों के लिए प्रक्रिया का प्रबंधन करना सिखाता है। संकायों, कार्मिकों, पूर्वछात्रों, और साथ में काम कर रहे कोरपोरेट भागीदारों के सशक्त सहयोग से कृषि-व्यवसाय शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए कृषि-व्यवसाय में संभावनाओं की खोज करने के लिए यह कार्यक्रम अवसर प्रदान करता है। यह कार्यक्रम, कृषि व्यवसाय मूल्य श्रृंखला के लिए छात्रों को तैयार करता है, जबकि विशिष्ट रूप से यह निम्नलिखित का प्रयास करता है :

- छात्रों को संकल्पनात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक कौशल से सुसज्जित करना और साथ ही, उनमें कृषि-व्यवसाय के विशिष्ट संदर्भ में प्रबंधकीय निर्णय लेने और निर्णयों के कार्यान्वयन के सामाजिक उद्देश्य जाग्रत करना।
- छात्रों को सफल व्यवसायियों के रूप में ढालने हेतु उन्हें कृषि-उद्यम अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना।
- छात्रों में नेतृत्व-क्षमताएँ विकसित करना, ताकि वे परिवर्तन के अनुरूप ढल सकें और जिन संगठनों में वे कार्य करते हैं, उन्हें प्रेरित कर सकें।
- छात्रों की कल्पना-शक्ति का विस्तार करना तथा व्यावसायिकता, सत्यनिष्ठा, आचरण एवं सामाजिक प्रतिबद्धता के मूल्यों को उनके मन में बैठाना।

इस कार्यक्रम के कई पूर्वछात्र भारत एवं विदेशों में कई कृषि-व्यवसाय संबंधित कंपनियों के संगठन में महत्त्वपूर्ण पदों पर योगदान या नेतृत्व करते हैं।

एड्यूनिवर्सल, पेरिस द्वारा किये गये विशेषज्ञ मास्टर डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रमों के एक सर्वेक्षण में पीजीपी-एबीएम को विश्व में प्रथम स्थान पर रखा गया है।

प्रारंभिक कार्यक्रम

गणित, संचार एवं कम्प्यूटर कौशलों को मजबूत करने हेतु सभी छात्रों को 25 मई, 2011 से 18 जून, 2011 तक चलाए गये एक प्रारंभिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कहा गया।

अभिविन्यास कार्यक्रम

पीजीपी-एबीएम में नए भर्ती हुए छात्रों के लिए 20 से 22 जून, 2011 की अवधि के दौरान एक स्वागत एवं अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा, पीजीपी-एबीएम कार्यकारी अधिकारी समिति के साथ बातचीत हुई और कम्प्यूटर एवं पुस्तकालय सुविधाओं तथा उनके उपयोगों के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों को केस-पद्धति शिक्षण से परिचित कराने के लिए केस-तैयारी और केस-चर्चा पर एक सत्र का भी आयोजन किया गया।

पाठ्यक्रम

प्रथम वर्ष के छात्रों नें 25.50 इकाई क्रेडिट का अध्ययन किया।

द्वितीय वर्ष के छात्रों से अपेक्षा की गई कि वे न्यूनतम 17 क्रेडिटों के लिए और अधिकतम 20 क्रेडिटों के लिए पंजीकरण करें। चार क्षेत्रों के विशिष्ट अनिवार्य पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त, प्रबंधन के विशिष्ट क्षेत्रों में छात्रों की समझ गहरी हो तथा ग्रामीण एवं कृषि व्यवसाय क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में निर्णय लेने का कौशल, छात्रों में विकसित करने के दृष्टिकोण से छात्रों को वैकल्पिक पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए गए। द्वितीय वर्ष के छात्रों को प्रत्येक संयुक्त स्लॉट में या अन्य संयुक्त स्लोट में 3.75 इकाई क्रेडिट के पंजीकरण करने की भी अनुमति दी गई ।

शिक्षा सत्र 2011-12 के दौरान चलाए गए पाठ्यक्रमों की सूची, **परिशिष्ट ख1** में देखी जा सकती है।

ग्रामीण निम्नगता मॉड्यूल

ग्रामीण निम्नगता मॉड्यूल का पहला चरण, 5 से 14 अप्रैल, 2011 तक आयोजित किया गया। छात्रों को छह समूहों में विभाजित किया गया। इन समूहों में से दो समूहों को सीतामढ़ी और मधुबनी में, दो समूहों को महाराष्ट्र के औरंगाबाद में रखा गया और दो समूहों को सीड्स (एनजीओ) आधारित एक्सएलआरआई, जमशेदपुर, झारखंड में रखा गया। दूसरा चरण कि जो कार्यान्वयन चरण के रूप में जाना जाता है, 5 से 18 दिसंबर, 2011 तक आयोजित किया गया। इस मॉड्यूल से छात्रों को ग्रामीण समाज के बारे में जानने की बहुत अच्छी अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई।

प्रवेश

वर्ष 2011 में आवेदनों की संख्या में मामूली गिरावट के बावजूद भी **पीजीपी-एबीएम** कार्यक्रम का, छात्र-समुदाय ने अच्छा स्वागत किया है। इस वर्ष, संस्थान को पिछले वर्ष के 1,37,544 आवेदनों की तुलना में, 1,19,779 आवेदन प्राप्त हुए।

(**परिशिष्ट ख2** देखें)

गहन चयन प्रक्रिया के बाद, अड़तीस छात्रों को शैक्षणिक वर्ष 2011- 2013 के दौरान कार्यक्रम में शामिल किया गया।

3. कार्यपालकों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम

पीजीपीएक्स 6 महिलाओं सहित 101 छात्रों के साथ 11 अप्रैल, 2011 से शुरू हुआ। इसका औसत जी-मेट स्कोर 714, औसत आयु 34 वर्ष, और उनके पास औसत 10 वर्ष का कार्यानुभव था तथा अंतर्राष्ट्रीय अनुभव 4.7 वर्ष का था।

कार्यक्रम की संरचना

पीजीपीएक्स समीक्षा समिति के रिपोर्ट पर आधारित इस कार्यक्रम की संरचना फिर से की गई। पाँच शैक्षणिक सत्रों में विस्तृत पीजीपीएक्स को इन छह क्षेत्रों में पेश किया गया है : प्रेरण, ब्लॉक निर्माण, शीर्ष प्रबंधन की तैयारी, अंतरराष्ट्रीय निमग्रता, चयनात्मकता और कैपस्टोन। इस वर्ष के दौरान 30 अनिवार्य और 43 वैकल्पिक पाठ्यक्रम पेश किये गये।

अंतरराष्ट्रीय निमग्रता कार्यक्रम

यह विदेशी संस्थानों में होने वाला दो-सप्ताह का एक शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यह 5 से 18 सितम्बर, 2011 के दौरान आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने निम्न पाँच समूहों का दौरा किया :

- चाइनीज़ युनिवर्सिटी ऑफ हाँगकाँग, हाँगकाँग
- स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट, फूदान युनिवर्सिटी, शंघाई
- वारविक बिजनेस स्कूल, वारविक युनिवर्सिटी, कोवेन्ट्री
- ईएससीपी, पेरिस
- ईएसएसईसी, सिंगापुर

पीजीपीएक्स छात्र गतिविधियाँ

पीजीपीएक्स छात्रों ने इस वर्ष के दौरान निम्न अवसरों की कल्पना की , योजना बनाई और निष्पादित किया :

- **कोनेक्सियन 2011** : यह शिक्षाविदों के साथ औद्योगिक संपर्क करने का एक वार्षिक अवसर है। इस वर्ष में दो-दिवसीय सम्मेलन 4-5 नवम्बर, 2011 के दिन 'नेतृत्व विचार' विषय पर आयोजित हुआ जिसमें भारत से और विदेशों से 30 से अधिक मुख्य कार्यकारियों ने भाग लिया, और प्रोद्योगिकी उन्मुख व्यवसायों एवं डिजिटल मार्केटिंग जैसे ऊभरते क्षेत्रों के महत्त्वपूर्ण विकास पर चर्चा की गई। एक पैनल ने वैश्विक मंच पर भारत को ले जाने के लिए 'भारत की विकास क्षमता के दोहन' पर ध्यान केन्द्रित किया, जबकि दूसरे पैनल ने 'प्रोद्योगिकी के नेतृत्व में व्यवसाय नवाचार' पर चर्चा करते हुए प्रौद्योगिकी का व्यवसाय में कैसे सार्थक उपयोग किया जा सकता है विषय पर विचार व्यक्त किये। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को बनाये रखने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए 'भारत के विकास इंजन को कायम रखने' के बारे में चर्चा हुई।

- **एक्सबिज़ :** एक्सबिज़ एक वार्षिक व्यवसाय योजना प्रतियोगिता है। अपने व्यवसाय विचारों की मजबूती का प्रदर्शन करने एवं व्यवसाय योजना कौशलों को सुधारने हेतु उभरते उद्यमियों के लिए यह एक मंच प्रदान करता है। अभिनव समाधान उपलब्ध कराने में वैश्विक अग्रणी, एमर्सन द्वारा प्रायोजित एक्स-बिज़ 2011 में भारत से और कुछ विदेशी प्रमुख संस्थानों से आयी टीमों की 62 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई। प्रतिष्ठित जजों के एक पैनल के सामने आखिरी तीन टीमों ने अपनी योजना प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त किया। आईआईएम, शिलोंग की इन्नोप्रिन्यर टीम ने प्रथम पुरस्कार जीता। उनकी व्यवसाय योजना कम कीमत में उच्च मूल्य प्रदान करते हुए गुरनैल सिंह ढोंसी द्वारा डिजाइन मशीनीकृत कृषि उपकरणों के उत्पादन एवं विपणन के बारे में थी। आईआईएमबी की वेस्ट जंक्शन टीम दूसरे स्थान पर और आईआईटी मद्रास की हैबरमास टीम तीसरे स्थान पर रही।
- **टेलिकॉम सीएक्सओ कॉनक्लेव :** 'एनटीपी 2011 - टेलिकॉम परिदृश्य को बदलने वाले वाहक' विषय के अंतर्गत आईआईएमए आइडिया टेलिकॉम एक्सैलेन्स सेन्टर (आईआईटीसीओई) के साथ सहयोग से इसका आयोजन किया गया। विभिन्न व्यवसाय मॉडलों और इस क्षेत्र के विनियमन निर्णयों के प्रभाव के निहितार्थ टेलिकॉम तथा संबंधित क्षेत्रों से आये विशेषज्ञों ने चर्चा की। राष्ट्रीय दूरसंचार नीति 2011 के महत्त्वपूर्ण पहलुओं की घिसी-पीटी बातों का विचार-विमर्श हुआ। प्रस्तावित टेलिकॉम नीति में स्थानीय विनिर्माण, आर. एंड डी., और स्पैक्ट्रम के बँटवारे से संबंधित प्रावधानों पर ध्यान दिया गया।

- **वक्तव्य श्रृंखला :** इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित प्रतिष्ठित वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित किया :
  - श्री जुंग सू शिन, मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रमुख, दक्षिण पश्चिम एशिया, सैमसंग
  - सुश्री किरण सेठी, संस्थापक/निदेशक, रिवरसाइड स्कूल, अहमदाबाद
  - श्री श्रीनिवास आदेपल्ली, वरिष्ठ उप प्रमुख, कॉरपोरेट रणनीति, टाटा कम्युनिकेशन्स
  - डॉ. दानी रोद्रिक, प्रोफेसर, हार्वर्ड युनिवर्सिटी
  - श्री आलोक कुमार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सियर्स इंडिया
  - श्री हर्ष नंदा, कार्यकारी निदेशक, गोल्डमैन सैच्स
  - लेफ्टिनेंट जनरल राजेश कोचर, चीफ ऑफ स्टाफ, सेना प्रशिक्षण कमान, भारतीय सेना
  - डॉ. मिया दे क्विपेर, सह डीन, द्विसेनबर्ग स्कूल ऑफ़ फाइनैन्स, एम्स्टर्डम, और मुख्य कार्यपालक अधिकारी, दे क्विपेर ग्लोबल पार्टनर्स

शैक्षणिक प्रदर्शन और छात्रवृत्तियाँ

सभी 101 पीजीपीएक्स छात्रों ने सफलतापूर्वक स्नातक की उपाधि प्राप्त की। निम्नलिखित प्रशस्तियाँ दी गई :

- शिवराम रामकृष्णन को संस्थान के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।
- शिवराम रामकृष्णन, विनय भास्कर, पुनीत कुमार सराफ, अर्पिता बिशोयी, और समीर जैन : प्रत्येक को 20,000/- रु. की नकद धनराशि के साथ शैक्षणिक योग्यता पुरस्कार दिये गये।
- श्री अरुण दुग्गल (अध्यक्ष, श्रीराम कैपिटल लिमिटेड, आईआईएमए अतिथि संकाय एवं 1974 बैच के पूर्वछात्र) द्वारा प्रायोजित 50,000/- रु. की नकद धनराशि के साथ अर्जव जगन्नाथ चक्रवर्ती को ऑल-राउंड उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय मान्यता

पीजीपीएक्स ने कैरियर प्रगति में लगातार अपना प्रथम स्थान जारी रखा और फाइनेंशियल टाइम्स एफटी वैश्विक रैंकिग 2012 में समग्र रूप से ग्यारहवें स्थान पर रहा। अंतरराष्ट्रीय पत्रिका *सीईओ वर्ल्ड* ने भी वरिष्ठ कार्यपालकों एवं उद्यमियों के लिए शीर्षस्थ 25 श्रेष्ठ वैश्विक एमबीए स्नातक बिजनेस स्कूल रैंकिंग्स में पीजीपीएक्स को 11वाँ स्थान दिया है। सीईओ वर्ल्ड्स की श्रेष्ठ 25 प्रतिष्ठित स्नातक बिजनेस स्कूल रैंकिंग्स में कार्यपालकों एवं उद्यमियों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम को सातवाँ स्थान दिया गया।

पीजपीएक्स 2012-13 प्रवेश

अगले बैच के लिए छह महिलाओं सहित 85 छात्रों का चयन किया गया।

4. प्रबंध में फैलो कार्यक्रम

संस्थान का डॉक्टरेट स्तर का कार्यक्रम, प्रबंध में फैलो कार्यक्रम के नाम से जाना जाता है, इस दो वर्ष के पाठ्यक्रम के अंत में एक शोध प्रबंध करना होता है। छात्रों को स्नातक होने पर, "फैलो ऑफ दी इंडियन इन्सटीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद" की उपाधि दी जाती है। इस वर्ष स्नातक हुए 5 छात्रों को जोड़ कर, कुल डॉक्टरेट हुए छात्रों की संख्या 279 हो गयी है। वर्तमान में, 37 छात्र उनके शोध चरण में हैं और 28 छात्र पाठ्यक्रम कार्य कर रहे हैं।

वर्ष 2012 में स्नातक हुए एफ़पीएम छात्रों के विवरण, **परिशिष्ट ग** में दिये गये हैं।

पीजीपी, पीजीपी-एबीएम और एफपीएम में छात्रों की पिछले 10 वर्ष की संख्या **परिशिष्ट घ** में दी गई है।

पुरस्कार

श्रेष्ठ शोध-प्रबंध प्रस्ताव हेतु आईएफ़सीआई एवं चौधरी-पद्मनाभन-पन्त पुरस्कार सुदीप के. कृष्णन (सीआईएसजी) ने प्राप्त किया, जबकि प्रथम वर्ष में विद्वत्तापूर्ण प्रदर्शन हेतु अतुल अरुण पाठक (व्यापार नीति) ने चौधरी-पद्मनाभन-पन्त पुरस्कार प्राप्त किया। श्रेष्ठ शोध-प्रबंध प्रस्ताव के लिए आईएफसीआई पुरस्कार देबदत्त पाल (सीएमए) ने प्राप्त किया।

पाँचवीं आईआईएम-ए डॉक्टरीय वार्ता :

संस्थान द्वारा विप्रो टेक्नोलॉजिज के सहयोग से 6 से 8 जनवरी 2012 तक पाँचवीं डॉक्टरीय वार्ता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्योग समर्थन और डॉक्टरेट उम्मीदवारों की इस अवसर में भागीदारी के विचार पर बड़ी सफलता मिली। इस वर्ष इस वार्ता को बड़ा और बेहतर बनाने के लिए इसके प्रारूप में सुधार किया गये। भारत से और विदेश से बड़ी संख्या शोधकर्ताओं ने इसमें भाग लिया।

इस वर्ष की वार्ता में, एक पूर्व सम्मेलन कार्यशाला 6 जनवरी, 2012 को आयोजित की गई, जिसमें पद्धति और प्रबंधन अनुसंधान में प्रयुक्त उपकरणों पर छह कार्यशालाएँ आयोजित की गई। इसमें औद्योगिक अनुसंधान एवं प्रबंधन के तरीकों में अग्रणियों ने भी भाग लिया।

यह अवसर डॉक्टरेट छात्रों एवं प्रतिभागियों को प्रख्यात अनुसंधान विद्वानों और उद्योग विशेषज्ञों के साथ वास्तविक जीवन की समस्याओं और प्रबंधन के मुद्दों पर चर्चा करने के मौके उपलब्ध कराता है। एक विख्यात समाज अर्थशास्त्री और समाज विज्ञान अध्ययन केन्द्र के निदेशक प्रोफेसर एस. मारजित इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे। केस वेस्टर्न युनिवर्सिटी में मार्केटिंग के अध्यक्ष प्रोफसर जगदीप सिंह मुख्य वक्ताओं में से एक थे। विप्रो टेक्नोलॉजिज के श्री जयन्त प्रभु, एम.एस. विश्वविद्यालय के पूर्व उप कुलपति डॉ. अनिल काने, और पवन उर्जा विशेषज्ञ (प्रमुख एमेरिटस, डबल्यूडबल्यूईए, अध्यक्ष, आईएनडबल्यूईए), थर्मेक्स से डॉ. आर.आर. सोन्डे, और एमरेल्ड प्रकाशन के श्री बिजू गणेशन उद्योग जगत से विशिष्ट अतिथि थे।

सम्मेलन की प्रस्तुतियों, प्रकाशित पेपरों और अन्य कार्यों के विवरण, अनुसंधान एवं प्रकाशन समिति के वार्षिक प्रतिवेदन में देखे जा सकते हैं।

5. नियुक्ति

पीजीपी

स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) के लिए स्नातक हो रहे बैच के लिए नियुक्ति प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। थोड़ी सी प्रतिकूल मार्केट स्थिति के बावजूद भी छात्र अपनी पसंद के क्षेत्रों में नौकरी पाने में सक्षम रहे।

नियुक्ति प्रक्रिया

नियुक्ति प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की गई। शुरू में पार्श्विक प्रक्रिया थी जिसमें कम्पनियों ने कार्यानुभव वाले छात्रों के साक्षात्कार लिए और उन्हें मध्य स्तर के पदों की पेशकश की। अगला अंतिम नियुक्ति प्रक्रिया कॉहार्ट सिस्टम से आयोजित की गई जो सन् 2010 से चल रही है। नियमित पेशकश के अलावा, अपने छात्रों को 'सपनों' से खेलने की अपनी अनुमति जारी रखते हुए संस्थान ने उन्हें अपनी पसंद की किसी भी कम्पनी में जाने की छूट दी, चाहे उन्हें पहले पेशकश मिल गई हो, जिससे उनकी पसंद के क्षेत्रों में जाने की आज़ादी मिले और उन्हें अपना भविष्य बनाने में सहायता मिले। कुल मिलाकर, नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लेने वाले 364 छात्रों को 443 नौकरियों की पेशकश की गई।

पार्श्व नियुक्ति

पार्श्व नियुक्ति प्रक्रिया में इस पर जोर दिया गया कि बैच के 40 प्रतिशत से ज्यादा योग्य छात्र, अपने अनुभव का लाभ उठा सकें। अमेज़न, दिलोइत, आदित्य बिड़ला ग्रुप, सिमेन्स, और माइक्रोसोफ्ट जैसी नियोक्ता कम्पनियाँ थी जिन्होंने पेशकश रखी।

बाजार की प्रतिकूल स्थितियों के बावजूद, संस्थान को भर्ती के किसी भी क्षेत्र में रुकावट नहीं आई। इस वर्ष, बार्कलेज कैपिटल, ड्यूश बैंक, गोल्डमैन सैच्स, मॉर्गन स्टेनली, सिटिबैंक, नोमुरा जैसी निवेश बैंकों और भारतीय रिज़र्व बैंक जैसे वित्तीय संस्थानों, यस बैंक, डी.बी.एस., और एक्सिस बैंक आदि ने भी बड़ी संख्या में छात्रों को भर्ती किया। भर्ती की दोनों, अंतिम एवं पार्श्व प्रक्रियाओं में परामर्श कम्पनियों ने बड़ी संख्या में भर्ती की। इनमें बोस्टन कन्सल्टिंग ग्रुप, मैक्किन्ज़े एंड कम्पनी, बैन एंड कम्पनी, ओलिवर वायमेन, ओपेरा कन्सल्टिंग, ए.टी. केअर्नी, बूज़ एंड कम्पनी, एक्सैन्चर, और देलोइत शामिल थी। कई ई-कॉमर्स कम्पनियाँ जैसे कि ज़िंगा, येभी डॉट कॉम, रेडबस, और इन्फोएज ने उत्पाद विकास, विपणन, और सामान्य प्रबंधन में भी नियुक्तियाँ की। नियुक्ति प्रक्रिया में इस बार उनतालीस नये नियोक्ताओं ने भाग लिया।

प्रमुख नियोक्ता

पार्श्व नियुक्ति प्रक्रिया सहित नियुक्ति प्रक्रिया में 120 से अधिक कम्पनियों ने भाग लिया। सभी समूहों में से आई.बी.एम. प्रमुख नियोक्ता था जिसने 21 छात्रों का भर्ती के लिए चयन किया। प्रमुख वैश्विक परामर्श कम्पनियों में से बोस्टन कन्सल्टिंग ग्रुप ने 17 छात्रों को, और मैक्किंज़े एडं कम्पनी ने 9 छात्रों को भर्ती किया। एक्सेन्चर ने पार्श्व नियुक्ति प्रक्रिया के माध्यम से चयनित छात्रों के सहित 14 छात्रों को भर्ती किया। वैश्विक निवेश बैंकों में, रॉयल बैंक ऑफ़ स्कॉटलैंड ने 11 छात्रों को भर्ती किया और अपने साथियों में उसने सबसे बड़ी संख्या में भर्ती की। एफ़.एम.सी.जी. साथियों में पहली बार सुपरमैक्स ने सबसे ज्यादा पेशकश रखी और 14 छात्रों को भर्ती किया, जबकि, वैश्विक प्रमुख प्रोक्टर एंड गैम्बल ने 9 छात्रों को भर्ती किया। भारती एयरटेल ने 11 छात्रों को और ई.एक्स.एल. सर्विस ने 9 छात्रों को भर्ती किया।

उद्यमिता

हमेशा से संस्थान ने छात्रों को कैरियर के रूप में उद्यमिता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है और इस वर्ष, छह छात्रों ने अपने नये उपक्रम शुरू करने के लिए नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर रहने का विकल्प चुना। बुज़ुर्ग लोगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक सामाजिक उद्यम से शुरूआत करते हुए, घर पर ही डॉक्टर एवं दवाइयाँ उपलब्ध कराने की सेवा शुरू की गई, और एक सूचना सुरक्षा परामर्श कम्पनी शुरू की। उद्यमिता को बढ़ावा देने की अपनी संस्कृति के साथ इस क्रम में संस्थान अपने छात्रों को एक नियुक्ति छुट्टी प्रदान करता है।

नियुक्ति प्रतिवेदन मानक

संस्थान द्वारा देशभर की व्यावसायिक-स्कूलों की नियुक्ति प्रक्रिया में अधिक से अधिक पारदर्शिता लाने के प्रयास में शुरू किये गये, भारतीय नियुक्ति प्रतिवेदन मानकों (आईपीआरएस) के अनुरूप, मुआवजा सहित नियुक्ति प्रक्रिया का विवरण एक लेखा परिक्षित प्रतिवेदन में जारी किया जायेगा। बाहरी एजेन्सी (क्रिसिल) द्वारा लेखा परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही यह प्रतिवेदन उपलब्ध होगा, और आधिकारिक वेबसाइट - पर अपलोड किया जायेगा।

पीजीपी-एबीएम

अंतिम नियुक्ति प्रक्रिया फरवरी 2012 में आयोजित की गई थी और इसमें बीज, उर्वरक, कीटनाशक, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, खुदरा, कोर्पोरेट बैंकिंग, खाद्य एवं कृषिव्यवसाय अनुसंधान एवं सलाहकार, एफ़एमसीजी, रसद एवं भंडारण प्रबंधन, कृषि मशीनरी, ग्रामीण बैंकिंग, कृषि अनुसंधान, शिक्षा, ग्रामीण विकास, और परामर्शन जैसे उप-क्षेत्रों में विभिन्न पदों की पेशकश की गई।

इस वर्ष नियुक्ति प्रक्रिया में बत्तीस कम्पनियों ने भाग लिया, इसमें 37 छात्रों को 53 पेशकश की गई। एक छात्र ने अपना उद्यम शुरू करने के लिए इस प्रक्रिया से बाहर रहने का विकल्प चुना, और दो अन्य छात्रों को परिसर से बाहर की नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लेने की स्वीकृति दी गई। इस बैच ने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से लेकर मध्यम एवं लघु उद्यमों तथा जानेमाने प्रारम्भिक उद्यमों तक के विभिन्न नियोक्ताओं को आकर्षित किया।

गोदरेज एग्रोवेट और मोनसेन्टो इंडिया ने दो पूर्व-नियुक्ति पेशकश रखी थी। इसके अतिरिक्त, गोदरेज एग्रोवेट, ब्रिटानिया, और टाटा रेलिस ने चार पूर्व-नियुक्ति साक्षात्कार की पेशकश की।

सिंजेंटा ने पाँच पेशकश की और यह सबसे बड़ा नियोक्ता रहा। इफ़्ट्रा, यस बैंक और कोरोमंडल इंट रनेशनल, प्रत्येक ने चार-चार पेशकश की जिससे वे अन्य मुख्य नियोक्ताओं में शामिल हैं। नियुक्ति प्रक्रिया में पहली बार शामिल, लेमकेन ने भारतीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में वरिष्ठ पदों की पेशकश की। पहली बार के अन्य महत्वपूर्ण नियोक्ताओं में वेक्टर कन्सल्टिंग ग्रुप, स्टार एग्री, पीआई इंडस्ट्रीज़, और न्यू हॉलेंड एग्रिकल्चर शामिल हैं। नियमित नियोक्ताओं जैसे कि, रेबोबैंक, हेइन्ज़, मेरिको, ब्रिटानिया, और बेयर क्रोप सायन्स ने भी इस नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लिया। पूर्व अनुभव वाले कई छात्रों ने टाफे (टीएएफ़ई) की तरफ से पार्श्विक नियुक्ति स्वीकार की।

दो छात्रों को विदेश में नियुक्ति मिली।

पीजीपीएक्स

इस वर्ष पीजीपीएक्स में उत्कृष्ट नियुक्तियाँ देखी गई। इस कार्यक्रम में सीमापार तथा संस्कृतियों में नेतृत्व पर जोर देते हुए एक सामान्य प्रबंधन पर ध्यान दिया गया है और यह किये गये प्रस्तावों में प्रतिबिंबित हुआ है।

पीजीपीएक्स छात्रों को भारत में और विदेशों में वरिष्ठ और मध्य-वरिष्ठ प्रबंधकीय पदों पर नियुक्त किया गया। इन नियोक्ताओं में काफी प्रसिद्ध नाम शामिल हैं जैसे कि, बोस्टन कन्सल्टिंग ग्रुप, प्राइस वॉटर हाउस कूपर्स, रोलेंड बर्गर, माइक्रोसोफ्ट कोर्पोरेशन, ओरेकल फाइनेंसियल सर्विसिज़ सोफ्टवेयर लिमिटेड, विप्रो बी.पी.ओ., कोग्निज़ेन्ट टैकनोलोजिस सोल्युशन्स, माइंडट्री कन्सल्टिंग, अमेज़न डेवलपमेंट सेन्टर, यस बैंक, हिन्दुस्तान कोका कोला बेवरेजिस प्रा. लि., सियर्स होल्डिंग इंडिया, टाटा मोटर्स, एरिक्सन ग्लोबल, देलोइत कन्सल्टिंग, फिलिप्स हेल्थकेयर, और कई अन्य।

एक छात्र कम्पनी द्वारा प्रायोजित था, इसलिए उसने नियुक्ति से बाहर रहने का विकल्प चुना। शेष 100 छात्रों के लिए निन्यानवे पेशकश की गई। नियुक्ति प्रक्रिया के माध्यम से बहत्तर छात्रों को रोजगार मिला। आठ छात्रों ने पिछले नियोक्ताओं के साथ जुड़ने का निर्णय लिया। चार छात्रों ने विदेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर प्राप्त करने के लिए नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर रहने का विकल्प चुना। नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर रहते हुए दस छात्रों ने रोजगार प्राप्त किया। छह छात्रों के लिए उचित भूमिका, स्थान और पद तलाशने की प्रक्रिया जारी है।

एफपीएम

अंतिम नियुक्ति

चार एफपीएम छात्र अंतिम नियुक्ति के लिए पात्र थे। लेकिन, उनमें से किसी ने भी नियुक्ति का विकल्प नहीं चुना। एक छात्र ने भारतीय प्रबंध संस्थान, इन्दौर में शैक्षणिक पद ग्रहण किया, जबकि एक अन्य छात्र अपनी पहले वाली कम्पनी में लौट गया। तीसरे छात्र को पिछले वर्ष एक परामर्श कम्पनी द्वारा नियुक्त किया गया था, लेकिन वह इस वर्ष स्नातक हुआ है। चौथे छात्र ने इस प्रक्रिया से बाहर रहने का विकल्प चुना।

ग्रीष्मकालीन नियुक्ति

ग्रीष्मकालीन नियुक्ति के लिए दो छात्रों ने विकल्प चुना।

नियुक्ति प्रक्रिया

एफपीएम छात्रों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया को दिन-आधारित से बदल कर रोल आधारित कर दिया गया था। इस नई प्रक्रिया से छात्रों पर एक विशेष समय के अंदर अपना शोध-प्रबंध पूरा करने के लिए अनुचित बोझ नहीं आयेगा, जो कि दिन-आधारित प्रक्रिया के मामले में इस्तेमाल किया जाता है। एफपीएम छात्र अब वर्ष के दौरान किसी भी समय अपना शोध-प्रबंध पूरा कर सकते हैं और उसके तुरंत बाद कॉर्पोरेट नियुक्ति के लिए विकल्प चुन सकते हैं। नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने से पहले, शोध-प्रबंध सलाहाकार समिति की स्वीकृति की आवश्यतता होगी।

इसके विवरण **परिशिष्ट ङ** में दिये गये हैं।

6. दीक्षांत समारोह

सैंतालीसवाँ दीक्षांत समारोह के अवसर पर श्री के. वी. कामथ, अध्यक्ष, आईसीआईसीआई बैंक और अध्यक्ष, इनफोसिस टेकनोलॉजिज लिमिटेड

संस्थान का सैंतालीसवाँ दीक्षांत समारोह, 24 मार्च, 2012 को आयोजित किया गया। श्री के. वी. कामथ, अध्यक्ष, आईसीआईसीआई बैंक और अध्यक्ष, इनफोसिस टेकनोलॉजिज लिमिटेड, ने दीक्षांत भाषण दिया। दीक्षांत समारोह में, 5 एफपीएम छात्रों को 'भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद फैलो' की उपाधि, 369 छात्रों को स्नातकोत्तर प्रबंध डिप्लोमा, 40 छात्रों को कृषि-व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा दिया गया, 101 छात्रों को कार्यकारी अधिकारियों के लिए प्रबंधन में एकवर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा से सम्मानित किया गया।

प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) के निम्नलिखित छात्रों को शैक्षिक कार्य-निष्पादन के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद पदक से सम्मानित किया गया :

- गौरव जगदीश सिंघल
- नेहुल मल्होत्रा
- आदित्य खंडेलिया

कार्यकारी अधिकारियों के लिए प्रबंध में एकवर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम के छात्र शिवराम रामकृष्णन ने शैक्षिक प्रदर्शन के लिए, भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद पदक प्राप्त किया।

गौरव जगदीश सिंघल

नेहुल मल्होत्रा

आदित्य खंडेलिया

शिवराम रामकृष्णन

7. प्रबंध में संकाय विकास कार्यक्रम

संकाय विकास कार्यक्रम (एफ़डीपी) एक 15-सप्ताह का आवासीय कार्यक्रम है, जो विशेष रूप से प्रबंध शिक्षा के संकाय सदस्यों व प्रशिक्षण संस्थानों के लिए बनाया गया है। संस्थान ने 1979 में पहली बार पेश किये गये इस क्रार्यक्रम में बाद में विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ प्रयोग किये। पिछले कई वर्षों में इस कार्यक्रम की संरचना एवं पाठ्यक्रम में प्रबंध शिक्षकों के विकास की उभरती आवश्यकताओं को देखते हुए, फिर से काम किया गया है।

33वाँ एफडीपी 6 जून से 24 सितम्बर, 2011 तक आयोजित किया गया। भारतीय संस्थानों से उनतीस प्रबंध शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें से दस महिलाएँ थी। प्रबंधन से संबंधित विषयों में दस लोगों ने डॉक्टरेट किया।नौ लोग स्व-वित्तपोषित और दो लोग आंशिक रूप से स्व-वित्तपोषित थे। नौ स्व-वित्तपोषित प्रतिभागियों को शुल्क का छोटा-सा हिस्सा मिल जाए, इस तरह से 66,000 रुपयों की कुल फ़ैलोशिप प्रदान की गयी।

एफ़डीपी में प्रबंध शिक्षकों के शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान कौशलों पर विशेष रूप से शिक्षा तथा अनुसंधान तरीकों में जिन शिक्षकों को वर्तमान घटनाक्रम के परिचय का अवसर नहीं मिला है, ऐसे शिक्षकों के उन्नयन के लिए ध्यान दिया जाता है। 32वें एफडीपी के विकासशील गठन को जारी रखते हुए, 33वें एफ़डीपी में पाठ्यक्रम के तीन समूह पेश किये गये : अनुशासन आधारित पाठ्यक्रम, मूलभूत पाठ्यक्रम, और ऐच्छिक का एक समूह। पाठ्यक्रम के पहले समूह में रणनीति निर्माण व कार्यान्वयन, कानूनी पर्यावरण, प्रबंधन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी, आर्थिक पर्यावरण व नीति, प्रबंधन लेखा, वित्तीय प्रबंधन, विपणन, संगठनात्मक व्यवहार को समझना, मानव संसाधन प्रबंधन, डेटा विश्लेषण के लिए सांख्यिकी, संचालन प्रबंधन, और राजस्व प्रबंधन को शामिल किया गया है।

मूलभूत पाठ्यक्रम में विशिष्ट शैक्षणिक व अनुसंधान कौशलों के उद्देश्य सें प्रबंध, संचार, अनुसंधान तरीके, डेटा विश्लेषण के लिए अनुप्रयोग, तथा प्रबंध शिक्षा में केस विधि की नींव शामिल हैं।

ऐच्छिक पाठ्यक्रम में परियोजना प्रबंधन, स्वास्थ्य व अस्पताल प्रबंधन, पाठ्यक्रम डिजाइन – जलवायु परिवर्तन प्रबंधन, पर्यावरण प्रबंधन, विपणन अनुसंधान, कार्यक्रम के डिजाइन-विकास-डिलिवरी, ज्ञान प्रबंधन, तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आदि पेश किये गये। प्रतिभागियों ने क्षेत्र का दौरा भी किया और केस लेखन पर आयोजित एक कार्यशाला में भाग लिया।

एफडीपी को एक गहन प्रबंधन संकाय विकास के अनुभव के लिए देश में सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम के तौर पर मान्यता प्राप्त है। अभी एफडीपी में 623 सदस्यों वाले पूर्वछात्र नेटवर्क में नेपाल, बांग्लादेश, मालदीव, श्रीलंका, और इथियोपिया सहित 76 प्रबंध शिक्षक हैं, जो प्रबंध शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए योगदान कर रहे हैं।

अनुसंधान एवं प्रकाशन

इस संस्थान में अनुसंधान महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधि का गठन करता है। वित्तीय सहायता एवं अन्य समर्थनों की मात्रा के आधार पर वृहत, लघु, या मूलधन परियोजनाओं के रूप में वर्गीकृत अनुसंधान परियोजनाओं को वित्तीय सहायता इस संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। केस-लेखन एक अन्य महत्त्वपूर्ण गतिविधि है जिसे संस्थान से वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। प्रकाशन के विभिन्न प्रकार जैसे पुस्तकें, मॉनोग्राफ्स , जर्नल्स में लेख, केस - इन अनुसंधान परियोजनाओं के परिणाम हैं।

वर्ष के दौरान, 11 अनुसंधान परियोजनाएँ, 6 मूलधन परियोजनाएँ, और 7 केस-विकास परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ किया गया। ग्यारह अनुसंधान परियोजनाएँ, दो मूलधन परियोजनाएँ, 12 ग्रीष्म इंटर्नशिप परियोजनाएँ, और दो केस-विकास परियोजनाएँ पूरी की गई। तीन अनुसंधान परियोजनाओं को वापिस लिया गया।

इस वर्ष के दौरान, शैक्षणिक समुदाय ने 13 पुस्तकें, 8 मोनोग्राफ एवं जर्नल्स में 83 लेख लिखे। उन्होंने पुस्तकों में 29 अध्यायों का योगदान दिया, सम्मेलनों में 103 आलेख प्रस्तुत किए और 35 वर्किंग पेपर लिखे।

इनके विवरण, **परिशिष्ट च, छ और ज** में दिए गए हैं।

विकल्पः निर्णयकर्ताओं का जर्नल

***विकल्प* : निर्णयकर्ताओं का जर्नल**,(www.vikalpa.com) एक तिमाही प्रकाशन है। प्रकाशन के अपने 37वें वर्ष में विकल्प, भारत में शीर्ष प्रबंध-जर्नल के रूप में उभरा है। इसमें अनुप्रयुक्त अनुसंधान पर ध्यान केन्द्रित किया गया है, जो शैक्षणिक कठिनता और प्रतिभावों के मानकों को पूरा करते हैं जो कि अभी नये जुड़े प्रबंधकों के लिए प्रासंगिक बने हुए हैं।

विकल्प के प्रत्येक अंक में निम्नलिखित नियमित विशेषताएँ होती हैं। **दृष्टिकोण** उन उभरते मुद्दों व विचारों को प्रस्तुत करता है जो संगठनों में प्रबंधकों, प्रशासकों व नीति निर्माताओं से कार्रवाई या पुनर्विचार की

मांग करते हैं। **अनुसंधान** में विश्लेषणात्मक या अनुसंधान आधारित लेख होते हैं, जो प्रबंधकीय व शैक्षणिक मुद्दों के समाधान पर ध्यान आकर्षित करते हैं। **अंतराफलक** ऐसे लेख प्रस्तुत करता है, जो प्रबंधकों के लिए व्यावहारिक रूप से उपयोगी होते हैं तथा उनके प्रबंधकीय कौशलों को अद्यतन बनाने में सहायक होते हैं। **टिप्पणियाँ एवं व्याख्याएँ** प्रारंभिक अनुसंधान, साहित्य की समीक्षा, और प्रकाशित आलेखों या किसी संगत विषय पर टिप्पणियों को समाविष्ट करती हैं । **वार्ता** के अंतर्गत, प्रसिद्ध पैनलिस्टों द्वारा समसामयिक विषय पर की गई चर्चा शामिल होती है। **प्रबंध केस** में, किसी एक प्रबंधक या संगठन ने, रणनीतिगत, प्रकार्यात्मक या प्रचालनात्मक स्तरों पर किसी वास्तविक स्थिति का सामना किया हो, उस पर निर्णय लिया हो या कार्रवाई की हो, तो उसका वर्णन होता है। **निदान**, अकादमी के सदस्यों एवं व्यवसायियों द्वारा किए गए किसी केस के विश्लेषण को प्रस्तुत करता है। पिछले दो वर्षों से, ***विकल्प*** ने केस और उसके निदान को एक ही अंक में समाहित करना शुरू कर दिया है। *विकल्प* **पुस्तक समीक्षाएँ** भी प्रस्तुत करता है।

विकल्प, ऐसा जर्नल है जिसकी समीक्षा समान योग्यता वाले व्यक्तियों द्वारा की जाती है। प्रकाशन के लिए प्राप्त सामग्री की दोहरी अप्रत्यक्ष समीक्षा की जाती है और स्वीकृत सामग्री, इस जर्नल द्वारा अपेक्षित उच्च मानकों के अनुरूप संपादित की जाती है। वर्ष के दौरान, लगभग 130 समीक्षकों को समीक्षा के कार्य पर लगाया गया।

2011-12 के दौरान, ***विकल्प*** को 239 पेपर प्राप्त हुए, जिनमें से 113 को प्रारंभिक चरण में अस्वीकार कर दिया गया, तथा बाकी को समीक्षा के बाद, या तो संशोधन के बिना, या लेखकों द्वारा संशोधन के बाद स्वीकार किया जायेगा, या अस्वीकार किया जायेगा। इस वर्ष के दौरान, *विकल्प* ग्राहक संख्या (प्रति अंक औसत) 4029 थी। *विकल्प* आईआईएमए / आईआईएमए सोसायटी के 372 सदस्यों को वितरित किया गया।

प्रबंध विकास कार्यक्रम

वर्ष 2011-12 के दौरान, संस्थान ने 58 प्रबंध विकास कार्यक्रम पेश किये, जिनमें सरकारी विभागों सहित, निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों से 1,812 अधिकारियों ने भाग लिया। प्रबंध विकास कार्यक्रम गतिविधि 14,548 प्रतिभागी - दिवसों के लिए चलायी गई।

इस वर्ष के दौरान, दो कार्यक्रमों को दो बार पेश किया गया : 3टीपी : मध्य प्रबंधन कार्यक्रम और भूटान में सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम।

इन 58 कार्यक्रमों में से, चार कार्यक्रम नियमित सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम थे। बाकी के 54 कार्यक्रमों में से, 11 नये कार्यक्रम थे, और 43 कार्यक्रमों की पुनरावृत्ति हुई थी। इन 11 नये कार्यक्रम में से, एक सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम (दो बार पेश हुआ) था और 9 कार्यक्रम क्षेत्र-विशेष कार्यक्रम थे।

जब 73 कार्यक्रमों को पेश करने की योजना की गई, तब 15 कार्यक्रमों को या तो रद्द कर दिया गया, या फिर स्थगित कर दिया गया था।

प्रस्तुत कार्यक्रमों, प्रतिभागियों की संख्या, इत्यादि का विवरण **परिशिष्ट 'झ'** में दिया गया है।











अंतर्विषयक केंद्र एवं समूह

1. इलेक्ट्रॉनिक अभिशासन केन्द्र

चालू वर्ष के दौरान, इलेक्ट्रॉनिक अभिशासन केन्द्र (सीईजी) के संकायों ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ई-प्रशासी परियोजना के प्रभावी आकलन अध्ययनों के दूसरे चरण से प्राप्त निष्कर्षों का प्रसार किया।

प्रबंध संस्थान, निरमा विश्वविद्यालय (आईएमएलयू), आईआईटी-दिल्ली, भारतीय कम्प्यूटर सोसायटी, और गुजरात सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ई-अभिशासन-2011 विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान, अहमदाबाद में नवम्बर 2011 को आयोजित भारतीय कम्प्यूटर सोसायटी वार्षिक सम्मेलन में, 12 दिसम्बर 2011 को मुम्बई में दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्रीय कम्प्यूटर सम्मेलन (सेआर्क) में, 29 सितम्बर, 2011 को 8वें अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन, एसोचेम, नई दिल्ली में, और आईटीबिज़ बैंगलुरू में 18 से 20 अक्टूबर, 2011 के दौरान पूर्ण पैनल सत्र में प्रस्तुतियाँ की गई। ई-अभिशासन के विषय पर विभिन्न संस्थानों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में लगभग एक दर्जन प्रस्तुतियाँ की गई।

आई एफ आई पी / सी ई जी न्यूज़लेटर

विकासशील देशों में आई टी शीर्षक अंतर्गत आई एफ आई पी / सी ई जी न्यूज़लेटर के तीन मुद्दे इस वर्ष के दौरान प्रकाशित किये गये। इस न्यूज़लेटर के 600 ग्राहक हैं और विभिन्न देशों से लगभग 2500 पाठक हैं।

2. लिंग समानता, विविधता, और समावेशिता केन्द्र

संस्थान द्वारा नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों, नेताओं, प्रबंधकों, उद्यमियों, और अन्य हितकारक घटकों के सहित लिंग संबंधित चिंताओं के अध्ययन के लिए लिंग संसाधन केन्द्र एक नयी पहल है। इस केन्द्र का प्राथमिक कार्य लिंग संवेदनशील प्रक्रियाओं को सृजित करने, समर्थन देने, और उसे टिकाये रखने के लिए बेहतर समझ रखना है और लिंग भेद के प्रबंधन में असाम्यता से निपटना है। यह केन्द्र 2006 में नीति अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए और शिक्षा, प्रशिक्षण, और बाहरी पहुँच के माध्यम से क्षमता निर्माण के उद्देश्य से रचा गया, जिसमें नीति निर्माताओं, अभ्यस्तों, विद्वानों, और पूर्वछात्रों को लिंग पहल पर सलाह समर्थन के साथ उपलब्ध किया जाता है, और लिंग समानता में ज्ञान सृजन एवं कार्रवाई अनुसंधान, विविधता, एवं समावेशिता के लिए गतिविधियों के उपक्रम उपलब्ध कराये जाते हैं। इसी कारण से, इस केन्द्र का नाम **जेडी सेन्टर** लोकप्रिय हुआ है और इस वर्ष के दौरान इसी नाम से इसका पुनः नामकरण किया गया है।

विषयगत केन्द्र-बिंदु

आदर्श रूप से, 'लिंग' शब्द पुरुष और स्त्री दोनों के दृष्टिकोण की एक समझ का उल्लेख करता है। महिलाओं के अध्ययन के प्रवाह से खुद को अलग रखते हुए, यह केन्द्र लिंग अलगाव के प्रबंधन में असामंजस्य की राजनीति के बारे में प्रकाश डालता है। जीवन के विभिन्न चरणों में लिंग असमानता उत्पन्न होती है और कार्य स्थल के जीवन में वयस्क भूमिकाओं की संकीर्णता के लिए त्वरित रूप से कुछ भी तय

नहीं किया जा सकता। इसी कारण से, इस केन्द्र ने जीवन-चक्र के परिपेक्ष्य में, गर्भ से लेकर बुढ़ापे तक लिंग भेद की राजनीतिक असामंजस्यता से निपटने के लिए प्रसव पूर्व देखभाल, शिशु देखभाल, बच्चे का पालन, शिक्षा, कार्यालय-जीवन में जोड़ों की भूमिकाओं और प्रणालियों में संतुलन, आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रबंधन तथा पेशेवर महिलाओं के जीवन में पुराने प्रतिधित्व को अपनाया है। इनमें से कुछ पहचानी गई प्राथमिकताओं में निर्वाचित महिलाओं के प्रतिनिधित्व के तहत पेशेवर महिलाओं के उत्तरदायित्व की चयनित भूमिकाओं और कार्यस्थल पर तथा उच्चतर शिक्षा प्रणाली में लिंग विविधता, समानता, एवं समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण और बच्चे के पालन में लिंगगत व्यवहार और शैक्षिक पाठ्यक्रम के डिजाइन में प्रणालीगत कमी तथा महिला उद्यमियों और प्रबंधकों के लिए विशेष चुनौतियों मुकाबला करना है।

सेवा के बारे में केस अध्ययन

यह केन्द्र विश्व में सबसे बड़ा महिला संगठन *सेवा* संगठन के बारे में एक केस अध्ययन को अंजाम दे रहा है, जिससे छत्र विशेषताओं, संकर संगठनात्मक सुविधाओं, और प्रतिकारी शक्ति गतिशीलता को समझा जा सके।

क्षमता निर्माण

इस केन्द्र ने 14 से 20 मार्च, 2012 के दौरान 'आप में और मुझ में भूमिकाओं एवं प्रणालियों का प्रबंध' विषय पर एक सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य संगठनों में प्रबंधन और नेतृत्व में चुनौतियों का सामना करने के लिए क्षमता का विकास करना था।

जेडी संवर्धन संध्या

एक फ्रेन्च फिल्म *विमेन आर हिरोज़* प्रदर्शित करते हुए और बाद में आलियोन्स फ्रोन्सेज़ द-एहमेदाबाद के निदेशक श्री फिलिप मार्टिन द्वारा उत्साहजनक चर्चा के साथ मासिक जेडी संवर्धन संध्या का उद्घाटन एक उल्लेखनीय नयी गतिविधि से हुआ। सितम्बर में, 'महिलाओं और पुरुषों को संगठित करने में क्या भिन्नता है?' शीर्षक से जेडी के अध्यक्ष प्रोफेसर अजीत एन. माथुर द्वारा एक सार्वजनिक व्याख्यान आयोजित किया गया था। सितम्बर 2011 में जेडी संवर्धन संध्या में चर्चा हुई थी कि जिन तरीकों से महिलाओं और पुरुषों को संगठित किया जाता है वे तरीके परस्पर क्यों भिन्न होते हैं? अक्टूबर 2011 में जेडी संवर्धन संध्या का विषय था - 'लिंगगत भूमिका पहचान' और एक फिनिस फिल्म *कोवास पिल्वेट कर्कवत* को अँग्रेज़ी उपशीर्षक से प्रदर्शित किया गया था और बाद में रोजगार के संदर्भ में भूमिका पहचान के बारे में एक चर्चा का आयोजन हुआ था। नवम्बर 2011 से फरवरी 2012 के दौरान जेडी संवर्धन संध्या के विषय थे - 'भूमिकाओं एवं प्रणालियों में लिंग भेद का प्रबंधन' (29.11.2011 और 16.12.2012), 'लिंग परिचर्चा में एक समूह के भीतर और परस्पर दोनों समूहों के दौरान होता संघर्ष' (20.01.2012)।

जेडी केन्द्र ने 8 मार्च, 2012 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक विशेष जेडी संवर्धन आयोजित किया था। इस अवसर पर दो वक्ताओं को आमंत्रित किया गया था। सेवा बैंक की प्रबंध निदेशक सुश्री जयश्री व्यास ने 'गरीबों के लिए पूंजी निर्माण : सेवा संगठन के अनुभवों से सबक' विषय पर वक्तव्य दिया और उनके बाद भारत में रेडियोफोनी के संस्थापक श्री विक्रम कृष्णा ने 'गोपनीयता नीतियों और आर्थिक रूप से असन्तुष्ट प्रजा : लिंग, समानता, विविधता और समावेशिता (जेडी) के निहितार्थ' विषय पर अपना वक्तव्य दिया।

3. अवसंरचना नीति एवं विनियमन केंद्र

अवसंरचना नीति एवं विनियमन केंद्र (सीआईपीआर), परामर्शी सेवाओं, शिक्षा, प्रकाशन, अनुसंधान तथा अवसंरचना, नीति व विनियमन के क्षेत्रों में प्रशिक्षण को बढ़ावा देता है। सीआईपीआर, संस्थान में उपलब्ध बुनियादी ढाँचे व विनियमन के क्षेत्रों में नीति अनुसंधान में महत्वपूर्ण अनुभव को शक्ति प्रदान करने का प्रयास करता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

कंपनी के कार्यक्रम

- *डेनिक्स* के (सार्वजनिक नीति एवं अभिशासन, विकास प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन, ई-अभिशासन एवं पीपीपी में प्रशिक्षण कार्यक्रम) वरिष्ठ अधिकारियों की व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए प्रबंध विकास कार्यक्रम, 11-15 अप्रैल, 2011
- योजना आयोग के लिए बुनियादी ढाँचे में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी), 18-23 अप्रैल, 2011।
- ऊर्जा बाजार नेतृत्व (पावर मार्केट लीडरशिप कोर्स) – पावर एक्सचेन्ज (ऊर्जा विनिमय) भारत लिमिटेड (पीएक्सआईएल) के लिए अनुकूलन पीढ़ी और पावर ट्रेडिंग, 25-27 अप्रैल, 2011
- आईएएस अधिकारियों के लिए मध्य कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम : सार्वजनिक नीति एवं विश्लेषण पर मोड्यूल, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन एकेडमी, मसूरी, 25 अप्रैल से 5 मई, 2011
- नियामकों के फोरम के लिए इलैक्ट्रिसिटी विनियामकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम, 3 से 10 जून, 2011
- पावर मार्केट लीडरशिप कोर्स – पावर एक्सचेन्ज इंडिया लिमिटेड (पीएक्सआईएल) के लिए ट्रान्समिशन मूल्य निर्धारण और खुली पहुँच, 13 से 15 मार्च, 2012

सार्वजनिक प्रणाली समूह के माध्यम से प्रस्तुत प्रबंध विकास कार्यक्रम

- विमानन प्रबंधन
- बुनियादी ढाँचे में कानूनी व विनियामक मुद्दे
- अवसंरचना में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी)
- वरिष्ठ प्रबंधन के लिए सामरिक पोर्ट प्रबंधन
- शहरी परिवहन

राष्ट्रीय सम्मेलन

(भारतीय अवसंरचना प्रकाशन के साथ सहयोग से आयोजित)

- कन्टेनर अवसंरचना विकास के बारे में 5वाँ वार्षिक सम्मेलन, नई दिल्ली, 21-22 जुलाई, 2011
- भारत में रेलवे के बारे में 5वाँ वार्षिक सम्मेलन, नई दिल्ली, 3-4 नवम्बर, 2011
- भारत में बन्दरगाहों के बारे में 9वाँ वार्षिक सम्मेलन, नई दिल्ली, 31 जनवरी से 1 फरवरी, 2012

4. नवाचार, ऊष्मायन एवं उद्यमिता केंद्र

नवाचार, ऊष्मायन और उद्यमिता केन्द्र (सीआईआईई) नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में अनुसंधान केन्द्र के रूप में 2001 में स्थापित किया गया। गुजरात सरकार तथा भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से 2007 में भौतिक अवसंरचना एवं प्रौद्योगिकी व्यापार ऊष्मायन की स्थापना हुई थी।

रुचि के प्राथमिक क्षेत्रों के रूप में तीन क्षेत्र उभरे हैं :

- ऊष्मायन एवं निवेश
- अनुसंधान एवं प्रशिक्षण
- पारिस्थितिकी तंत्र विकास

पिछले कुछ वर्षों में इस केन्द्र ने भारत में सलाह, निवेश, ऊष्मायन और प्रशिक्षण के माध्यम से उद्यमियों के सृजन में नेतृत्व किया है।

ऊष्मायन एवं निवेश

सीआईआईई उद्यमिता समाधान आधारित अभिनव प्रौद्योगिकी एवं व्यापार मॉडल के लिए सक्रिय भौतिक और आभासी ऊष्मायन समर्थन एवं निवेश उपलब्ध कराता है। देशभर के प्रत्येक आकांक्षी के लिए नवाचार एवं निवेश समर्थन खुला रहता है।

सीआईआईई प्राथमिक रूप से सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, शुद्ध प्रौद्योगिकी, और स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्रों में जहाँ व्यापार मॉडल के साथ प्रौद्योगिकी का सम्मिश्रण विशाल सामाजिक प्रभाव उत्पन्न कर सकता है उन क्षेत्रों से अलग सामाजिक रूप से प्रासंगिक एवं टिकाऊ उद्यमों में नवाचार एवं निवेश पर ध्यान केन्द्रित करता है। सीआईआईई ने उपरोक्त डोमेन में सलाह के अलावा 60 से ज्यादा स्टार्टअप में ऊष्मायन / निवेश किया हुआ है। नवाचार एवं उद्यमशीलता के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए, सीआईआईई को भारत सरकार द्वारा श्रेष्ठ प्रौद्योगिकी व्यापार इनक्युबेटर पुरस्कार-2010 से सम्मानित किया गया था।

भारत भर में शीर्ष 18 नवीन आविष्कारकर्ताओं की घोषणा *एमआईटी टैकनोलोजी रिव्यू* ने की और उनमें से तीन नवीन आविष्कारकर्ता सीआईआईई द्वारा समर्थित थे। लॉकहीड मार्टिन और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने हाल ही में भारत में शीर्ष नवाचारकर्ता की घोषणा की और फिर से उनमें से 5 नवीन आविष्कारकर्ता सीआईआईई द्वारा समर्थित थे। सीआईआईई द्वारा समर्थित कई उद्यमों ने बाद में रकम जुटाई और आज वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य बन गये हैं। सीआईआईई द्वारा समर्थित उद्यमों को सामान्यतया सीआईआईई द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय स्काउटिंग कार्यक्रमों के माध्यम से सीधे ही चयन किया जाता है अथवा सीआईआईई के साथ भागीदारी में चयन किया जाता है।

संस्थान में मौजूद अनुभव एवं विशेषज्ञ, उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम के साथ साथ प्रबंधन, नवाचार, और प्रौद्योगिकी नेटवर्क के क्षेत्रों की इस पहल में प्रोत्साहन और बौद्धिक आधार प्रदान करते हैं। संकाय सदस्य इन टीमों को सलाह देने में सक्रिय रूप से शामिल होते हैं जिससे सीआईआईई के सहयोग से हुई ऊष्मान्वित परियोजनाओं में सहायता मिलती है। इनमें प्रबंधकीय निवेश की जरुरतों को संकाय सदस्यों की देखरेख में छात्रों की परियोजनाओं में बदला जाता है। ऊष्मान्वितों को किसी भी संकाय के साथ बातचीत करने और नेटवर्किंग समर्थन का पता लगाने की आज़ादी रहती है।

अक्षय - ऊर्जा के लिए भारतीय निधि (इनफ़्यूज़)

अक्षय ऊर्जा के लिए भारतीय निधि (इनफ़्यूज़) अपनी तरह की पहली सार्वजनिक निजी शिक्षा भागीदारी है जो भारत में टिकाऊ उद्यमशीलता समाधान के माध्यम से ऊर्जा की माँग-आपूर्ति के बीच के अंतराल को पाटती है। यह मंच नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों, निगमों, और विकास संगठनों को एकसाथ लाता है जिससे ऊष्मायन, रचना एवं अक्षय ऊर्जा निधि क्षेत्र में नये उद्यम बनते हैं।

संस्थान में, 25 अगस्त, 2011 को नवीन एवं अक्षय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के आदरणीय मंत्री डॉ. फारुक अब्दुल्लाह और आदरणीय मुख्य मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, गुजरात सरकार, द्वारा **इनफ़्यूज़** का उद्घाटन किया गया।

आई-गतिवर्धक कार्यक्रम – 2011

आई-गतिवर्धक, आई टी और मोबाइल क्षेत्र में अभिनव प्रौद्योगिकियों को पहचानने, प्रोत्साहित करने तथा प्रेरणा के लिए सीआईआईइ द्वारा किया गया उपक्रम है। यह दो से चार महीने का शुरुआती शिविर है, जिसका उद्देश्य है - शुरुआती-टीमों को सघन समर्थन प्रदान करना। कार्यक्रम का तीसरा संस्करण 2011 में आयोजित किया गया। लगभग 250 आवेदनों की जाँच करने के बाद ग्यारह टीमों का चयन किया गया और आदर्श विकसित करने के लिए सहायता एवं धनराशि प्रदान की गई। इन अतिरिक्त शिविर में, जर्मनी से भी दो शुरुआतियों ने भाग लिया। एन्जिल निवेशकों ने काफी समय का योगदान दिया और सफल उद्यमियों ने टीमों के साथ बातचीत की।

पारिस्थितिकी तंत्र विकास

सीआईआईई का लक्ष्य इच्छुक उद्यमियों एवं नवीन आविष्कारकर्ताओं को एक अनुकूल माहौल और शुरूआती नवीन आविष्कारकर्ताओं तथा उद्यमियों को खतरे से सुरक्षा प्रदान करना है। इस केन्द्र ने प्रमुख उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के प्रयासों के साथ आगे कदम बढ़ाये हैं और भागीदारी की है।

उद्यमशीलता की भावना को उत्प्रेरित करने के लिए, संस्थान के पूर्वछात्रों एवं सीआईआईई ने एक सक्रिय सलाहकार नेटवर्क के माध्यम से बैंगलुरू से शुरू करके देशभर में सीआईआईई की पहुँच के लिए भागीदारी की है। यह नेटवर्क आकांक्षी उद्यमियों को मदद करने हेतु पूर्वछात्रों की विशेषज्ञता एवं सीआईआईई के ऊष्मायन अनुभव का लाभ उठायेगा।

सीआईआईई नयी प्रवृत्तियों, नवाचार एवं उद्यमशीलता के क्षेत्र में अनुसंधान एवं प्रशिक्षण को अंजाम देता है। संस्थान के छात्रों एवं इच्छुक उद्यमियों, दोनों को उपक्रम निवेश, उद्यमशीलता, और प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में आवश्यक कौशलों का विकास करने के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है। सीआईआईई आईआईएमए में विभिन्न संगोष्ठियों और प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन करने के अलावा, नये पाठ्यक्रम एवं केसों के गठन में भी शामिल रहा है।

पुरस्कार / मान्यता

सीआईआईई को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी व्यापार ऊष्मायनकर्ता 2010 के रूप में मान्यता दी गई।

हाल ही में निम्नलिखित शुरूआतकर्ताओं को मान्यता दी गई :

- इनोज़, इकोलिब्रियम और ग्रिडबोट्स को एमआईटी-प्रौद्योगिकी समीक्षा की 35 प्रवर्तक सूची-2011 में विजेता घोषित किया गया है।
- ग्रिडबोट्स, *नासकोम इनोवेशन पुरस्कार की* शीर्ष 8 नवाचार कम्पनियों में रही।
- शीर्ष 200 एशियाई कंपनियों की रेड हेरिंग सूची में ग्रिडबोट्स को शामिल किया गया।
- लगातार तीसरे वर्ष वाइब्रेन्ट गुजरात की वेबकास्टिंग के लिए वी-मुक्ति को सम्मानित किया गया।
- वैश्विक सामाजिक उद्यमशीलता प्रतियोगिता 2010 में बायोसेन्स प्रौद्योगिकियों के लिए वॉशिंगटन युनिवर्सिटी, सिएटल, वैश्विक स्वास्थ्य ग्रैंड पुरस्कार मिला ।
- रोलोक्यूल के फ़्लिक टेनिस ने स्पेन में आयोजित इंटरनेशनल मोबाइल गेमिंग पुरस्कार 2012 में *पीपल्स चोइस पुरस्कार* जीता।

5. कृषि प्रबंध केंद्र

संस्थान में कृषि प्रबंध केंद्र (सीएमए) एक अंतर्विषयक समूह है, जो खाद्य, कृषि व्यवसाय, ग्रामीण व समवर्गी क्षेत्रों में अनुप्रयुक्त नीति एवं समस्या समाधान के अनुसंधान में संलग्न है। सीएमए, इन क्षेत्रों/इलाकों में शिक्षण, प्रशिक्षण व परामर्शी कार्यकलापों में भी संलग्न है। इस केन्द्र में, छह प्राथमिक और चार माध्यमिक संकाय-सदस्य हैं।

अनुसंधान परियोजनाएँ

सम्पन्न

- व्यापार प्रतिस्पर्धा और भारतीय कृषि की कीमत वसूली के लिए क्षमता निर्माण

विवरण **परिशिष्ट ञ** में दिये गये हैं।

प्रगति में

- कृषि व्यवसाय एवं एलाइड क्रेडिट में आजीविका संवर्धन के लिए क्रेडिट बनाम क्रेडिट-प्लस अभिगम : एक समेकित अध्ययन रिपोर्ट
- भूमि स्वास्थ्य, पौधों का स्वास्थ्य, और मानव स्वास्थ्य
- भारत में प्रमुख खाद्यान्नों के विपणन और विक्रय अधिशेष का आकलन

- भारत में तिलहन और पाम उत्पादन की समस्याएँ तथा संभावनाएँ
- संसाधन संरक्षण प्रौद्योगिकी का एक अर्थमितीय विश्लेषण : लघु सिंचाई प्रणाली का एक केस
- लघु वित्त के तहत स्वयं सहायता और संयुक्त देयता समूह संस्थानों की स्थिरता
- कृषि में जैव प्रौद्योगिकी : वादे, प्रदर्शन, चिंताएँ, और अर्थशास्त्र की जाँच

अध्यापन

स्नातकोत्तर कार्यक्रम

कृषि प्रबंध केंद्र (सीएमए) ने, पीजीपी-एबीएम, पीजीपी, और पीजीपीएक्स में 31 पाठ्यक्रम तथा फैलो प्रबंध कार्यक्रम (कृषि) में पाँच पाठ्यक्रम चलाए।

प्रबंध विकास कार्यक्रम / संगोष्ठियाँ

- कृषि निवेश विपणन
- सामरिक प्रतिस्पर्धा एवं सहयोगात्मक लाभ के लिए बौद्धिक संपदा का दोहन करना
- कृषि के साथ व्यापक आर्थिक संबंध
- डेयरी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन और प्रासंगिक अनुकूलन निवेश के प्रभाव का मूल्यांकन करना : संयुक्त राज्य अमेरिका से एक केस अध्ययन

6. खुदरा बिक्री केंद्र

खुदरा बिक्री केन्द्र का उद्देश्य अंतिम ग्राहक तक उत्पाद एवं सेवाओं के वितरण की क्षमता एवं गुणवत्ता में सुधार करने के लिए खुदरा प्रबंधन विषयक ज्ञान का सृजन और प्रसार करना है। नौ संकाय-सदस्यों की एक अंतःशास्त्रीय टीम को इस केन्द्र के उद्देश्यों से संबंधित अनुसंधान, प्रशिक्षण, व परामर्शी कार्यकलाप में लगाया गया है।

प्रबंधन विकास / संस्थान के आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

- खुदरा प्रबंधन
- खुदरा प्रबंधन पर अल्पावधि कार्यक्रम, दुबई

छात्रों द्वारा स्वतंत्र अनुसंधान परियोजना (आईआरपी)

- 'एक भारतीय ब्राण्ड द्वारा हेयर कलर बाजार में बढ़ते हुए बाजार हिस्से के लिए विपणन रणनीति का विकास', अभिक प्रमाणिक, स्पन्दन सिन्हा और सुब्रता सहारिया; अनुसंधान मार्गदर्शक, प्रोफेसर पीयूष कुमार सिन्हा
- 'आत्यंतिक बाजार में दुकानदारों का व्यवहार', कुमार सोनल और मृणाल एस. कवूर, अनुसंधान मार्गदर्शक, प्रोफेसर पीयूष कुमार सिन्हा
- 'सामाजिक मीडिया विपणन', अमित भसिन, अनिर्बन डी. दास और अंकित गर्ग; अनुसंधान मार्गदर्शक, प्रोफेसर पीयूष कुमार सिन्हा

7. कंप्यूटर एवं सूचना प्रणाली समूह (सी. एंड आई.एस.जी.)

पाठ्यक्रम

पीजीपी

सी. एंड आई.एस.जी. ने निम्नलिखित पाठ्यक्रम प्रस्तुत किये :

अनिवार्य

- व्यापार के लिए सूचना प्रणाली
- व्यापार के लिए इंटरनेट प्रौद्योगिकी
- प्रबंधकीय कम्प्यूटिंग

ऐच्छिक

- ई-शासन में परामर्श : दूरदृष्टि से कार्यान्वयन तक (पीजीपी-एबीएम के लिए खुला है)
- डाटा खनन और व्यापार आसूचना
- निर्णय करने के लिए डाटा कल्पनाशीलता
- निर्णय समर्थन प्रणाली
- विकास के लिए डिजिटल समावेशन
- उद्यम डिजिटल अवसंरचना
- ईआरपी प्रणालियाँ : प्रौद्योगिकी योजना और कार्यान्वयन
- सॉफ्टवेयर परियोजनाओं और उद्यमों का प्रबंधन
- सूचना प्रणाली की सामरिक योजना

एफ़डीपी

- प्रबंधन के लिए आई.टी.

प्रबंधन विकास कार्यक्रम

इस वर्ष के दौरान समूह द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम पेश किये गये :

- प्रबंधन के लिए उन्नत विश्लेषिकी
- ईआरपी प्रणालियाँ : तकनीकी योजना एवं कार्यान्वयन
- सामरिक आईटी प्रबंध
- सूचना प्रणाली की सामरिक योजना

8. सार्वजनिक प्रणाली समूह (पीएसजी)

इस वर्ष के दौरान, सार्वजनिक प्रणाली समूह ने अपने कार्यकलाप को पर्यावरण, परिवहन, अवसंरचना, शहरी प्रबंध, स्वास्थ्य प्रबंध और मूल्यांकन पर केन्द्रित किया।

पाठ्यक्रम

पीजीपी

- कार्बन वित्त
- पर्यावरण प्रबंध
- अस्पताल प्रबंध
- अवसंरचना विकास एवं वित्त व्यवस्था
- कॉर्पोरेट सामाजिक अनुत्तरदायित्व की जाँच
- अवसंरचना में कानूनी एवं विनियामक मुद्दे
- ऊर्जा व्यवसाय प्रबंधन
- दूरसंचार उद्यम प्रबंधन
- विकास के लिए भागीदारी रंगमंच
- सार्वजनिक वित्त
- सार्वजनिक नीति
- सामाजिक उद्यमिता
- परिवहन अवसंरचना
- शहरी अर्थव्यवस्थाएँ और व्यवसायिक वातावरण

पीजीपी-एबीएम

- कृषि व्यवसाय एवं ऊर्जा बाजार
- कृषि व्यवसाय में कार्बन वित्त
- कॉर्पोरेट सामाजिक अनुत्तरदायित्व की जाँच
- सार्वजनिक वित्त
- सामाजिक उद्यमिता

एफपीएम

- आर्थिक विकास एवं वृद्धि
- इलैक्ट्रिक पावर अर्थशास्त्र और नीति
- ऊर्जा एवं पर्यावरण नीति
- सार्वजनिक वित्त
- सार्वजनिक प्रबंध
- सार्वजनिक नीति
- पर्यावरण प्रबंध के लिए सार्वजनिक नीति उपकरण
- परिवहन नीति पर संगोष्ठी
- शहरी विकास नीति एवं कार्यान्वयन

पीजीपीएक्स

- कार्बन वित्त
- पर्यावरण प्रबंध
- अस्पताल प्रबंध
- अवसंरचना विकास एवं सार्वजनिक निजी भागीदारी
- बुनियादी ढाँचे में कानूनी एवं विनियामक मुद्दे
- दूरसंचार उद्यम प्रबंधन
- परिवहन अवसंरचना

एफडीपी

- जलवायु परिवर्तन प्रबंध पर पाठ्यक्रम डिजाइन
- पर्यावरण प्रबंठध
- स्वास्थ्य और अस्पताल प्रबंध
- गुणात्मक अनुसंधान के तरीके

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस वर्ष के दौरान समूह ने निम्नलिखित कार्यक्रम प्रस्तुत किये :

- विमानन प्रबंध
- अस्पताल प्रबंध
- अवसंरचना में कानूनी एवं विनियामक मुद्दे
- अवसंरचना में सार्वजनिक-निजी भागीदारी
- वरिष्ठ प्रबंधन के लिए सामरिक बंदरगाह प्रबंध
- शहरी परिवहन

9. रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवाचार केंद्र

रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवाचार केन्द्र (आरजेएमसीईआई) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संस्था निर्माण के अनुसंधान में शामिल है। 'परियोजना आधारित शिक्षण एवं सीखने की विधि' नामक परियोजना के तहत तीन स्कूलों का एक अध्ययन सम्पन्न हुआ है। निलोबराय विद्यालय, रालेगाँव सिद्धि, और बैंगलुरू के परिक्रमा स्कूल जैसे नवाचार स्कूलों का भी अध्ययन किया गया। 'नेटवर्क व्यावसायिक विकास : अध्यापको द्वारा संचालित शैक्षणिक नवाचार के लिए एक क्लियरिंग हाउस' शीर्षक की परियोजना के तहत 25 अभिनव प्राथमिक शिक्षकों के केस अध्ययनों के संग्रह को गुजरात शैक्षणिक नवाचार आयोग द्वारा सितम्बर 2011 में प्रकाश में लाया गया। अन्य प्राथमिक शिक्षकों के केस अध्ययनों को भी शुरू किया गया था। महाराष्ट्र में शिक्षक विकास नेटवर्क के एक अध्ययन की शुरूआत की गई। इसके अलावा, दो प्रबंधन शिक्षा संस्थानों के केस अध्ययन भी शुरू किये गये।

सीबीएसई स्कूलों के आचार्यों के लिए और प्रबंध शिक्षा संस्थानों के निदेशकों के लिए आरजेएमसीइआई ने हफ्ते भर के कार्यक्रमों की(प्रति वर्ष एक कार्यक्रम) पेशकश जारी रखी। "शिक्षा में उद्यमशीलता" पीजीपी के लिए एक वैकल्पिक पाठ्यक्रम और एफडीपी व एफपीएम के लिए संचार संबंधित वैकल्पिक पाठ्यक्रम भी पेश किये गये।

अनुशासनिक क्षेत्र

संस्थान में आठ अनुशासनिक क्षेत्र हैं : व्यापार नीति, संचार, अर्थशास्त्र, वित्त एवं लेखा, विपणन, संगठनात्मक व्यवहार, कार्मिक व औद्योगिक संबंध तथा उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके।

1. व्यापार नीति

शैक्षणिक वर्ष 2011-12 के दौरान व्यापार नीति क्षेत्र की निम्नलिखित गतिविधियाँ रही :

पाठ्यक्रम

पीजीपी

- व्यवसाय बौद्धिक सम्पदा
- व्यापार कराधान
- व्यवसाय, सरकार और कानून
- कॉर्पोरेट कर योजना
- रणनीति का अर्थशास्त्र
- परिवार व्यवसाय गतिशीलता
- रणनीति परामर्शन की नींव
- नवाचार एवं बौद्धिक सम्पदा
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार विवाद समाधान
- नेतृत्व : दृष्टि, अर्थ और वास्तविकता
- व्यवसाय के कानूनी पहलू
- सामरिक प्रबंधन
- रणनीतियाँ और भविष्य
- उच्च-तकनीक उद्योगों के लिए प्रौद्योगिकी रणनीति

पीजीपी-एबीएम

- अंतरराष्ट्रीय कृषि व्यवसाय

पीजीपीएक्स

- व्यवसाय नेतृत्व और कानून
- कैपस्टन प्रोत्साहन
- प्रतिस्पर्धात्मक रणनीति
- कॉर्पोरेट अभिशासन
- अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय
- नेतृत्व, मूल्य और नैतिकता
- सीख जो पढ़ाई नही गई
- प्रबंधन परामर्शन कौशल
- नई और छोटी कंपनियों का प्रबंधन
- विलय और अधिग्रहण
- एक महाप्रबंधक की भूमिका
- कॉर्पोरेट विकास के लिए रणनीतियाँ

एफपीएम

- कार्रवाई अनुसंधान प्रणालियों पर उच्च स्तरीय संगोष्ठी
- कॉर्पोरेट अभिशासन
- रणनीति का अर्थशास्त्र
- अन्तर्राष्ट्रीय सामरिक प्रबंधन
- रणनीति प्रबंध - I
- रणनीति प्रबंध - II
- रणनीति और नवाचार

एफडीपी

- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार
- विधिक पर्यावरण
- रणनीति निर्माण और कार्यान्वयन
- केस विधि कार्यशाला

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस क्षेत्र ने पाँच प्रबंध विकास कार्यक्रम प्रस्तुत किये :

- व्यवसाय नेतृत्व और कानून
- अनुबंध प्रबंधन
- नवाचार, कोर्पोरेट रणनीति, और प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन
- ज्ञान प्रबंधन
- 21वीं सदी के लिए संगठनात्मक नेतृत्त्व
- विकास के लिए रणनीतियाँ

संस्थान में 24 से 28 मार्च,2012 के दौरान ईसेक, पेरिस के ईडीपी प्रतिभागियों के लिए एक पाँच दिवसीय मोड्यूल का आयोजन किया गया।

अनुसंधान एवं प्रकाशन

उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में केसों को विकसित करने का काम क्षेत्रीय संकाय ने जारी रखा। अनुसंधान में विभिन्न संस्कृतियो की शिक्षा, बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित सामरिक मुद्दे, वैश्विकीकरण, और क्षमता विकास के हित शामिल हैं। भारत में और विदेशों के सम्मेलनों में संकाय सदस्यों ने अपने पेपर्स प्रस्तुत किये।

2. संचार

शैक्षणिक वर्ष 2011-12 के दौरान संचार क्षेत्र की गतिविधियाँ निम्नानुसार हैं :

पाठ्यक्रम

पीजीपी / पीजीपी-एबीएम

- मौखिक व्यापार संचार
- लिखित विश्लेषण और संचार I
- लिखित विश्लेषण और संचार II

ऐच्छिक

- चीनी व्यवसाय
- फ्रेन्च व्यवसाय
- जर्मन व्यवसाय
- कॉर्पोरेट प्रतिष्ठा संचार
- मुश्किल संचार
- अंतर-सांस्कृतिक संचार क्षमता
- प्रबंधकीय संचार
- मीडिया और समाज : आर्थिक, राजनीतिक, नैतिक, और जन संचार प्रौद्योगिकियाँ
- संगठनात्मक संचार
- प्रेरक संचार

पीजीपीएक्स

- प्रबंध संचार
- कॉर्पोरेट प्रतिष्ठा का निर्माण एवं प्रबंधन

एफपीएम

- लिखित विश्लेषण और संचार I
- प्रबंध शिक्षकों के लिए संचार

एफडीपी

- प्रबंध शिक्षकों के लिए संचार

प्रबंध विकास कार्यक्रम

क्षेत्र ने निम्नलिखित प्रबंध विकास कार्यक्रमों की पेशकश की :

- प्रभावशाली संचार रणनीतियाँ
- जीतने की कगार : नेतृत्वकर्ताओं के लिए संचार रणनीतियाँ
- लोगों को साथ लेकर : प्रोत्साहन द्वारा प्रबंधन

3. अर्थशास्त्र

शैक्षणिक वर्ष 2011-12 के दौरान अर्थशास्त्र क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में निम्नलिखित अनिवार्य पाठ्यक्रम चलाए गए :

पाठ्यक्रम

पीजीपी I

- सूक्ष्म अर्थशास्त्र
- सूक्ष्म अर्थशास्त्र एवं नीति
- आर्थिक वातावरण एवं नीति

पीजीपी II

- खेल सिद्धांत एवं अनुप्रयोग
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं निवेश
- आर्थिक रणनीति
- संगठन का अर्थशास्त्र
- विकासशील देशों में श्रम बाजार
- सार्वजनिक वित्त

पीजीपीएक्स

- कंपनियाँ एवं बाजार
- खुली अर्थव्यवस्था में अर्थशास्त्र
- अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था एवं राजनीतिक माहौल

एफपीएम

- अर्थमिति
- उन्नत सूक्ष्म अर्थशास्त्र
- उन्नत बृहत अर्थशास्त्र

एफडीपी

- अर्थशास्त्र मॉड्यूल

4. वित्त एवं लेखा

शैक्षणिक वर्ष 2011-12 के दौरान वित्त एवं लेखा क्षेत्र की गतिविधियाँ निम्नानुसार हैं :

पाठ्यक्रम

पीजपी

- कॉर्पोरेट वित्त
- लागत एवं नियंत्रण प्रणालियाँ
- वित्तीय लेखा, रिपोर्टिंग एवं विश्लेषण
- वित्तीय बाजार

ऐच्छिक

- सम्पत्ति समर्थित प्रतिभूतिकरण
- व्यावहारिक वित्त
- गणनात्मक वित्त
- निर्धारित आय प्रतिभूतियाँ - सी
- निर्धारित आय प्रतिभूतियाँ - आर
- वायदा, विकल्प व जोखिम प्रबंधन
- वित्तीय संस्थाओं का प्रबंधन
- बीमा व्यवसाय का प्रबंधन
- विलय, अधिग्रहण, एवं कॉर्पोरेट पुनर्गठन
- आधुनिक निवेश व पोर्टफोलियो प्रबंधन

- हस्तांतरण मूल्य निर्धारण के सिद्धांत
- प्रतिभूति विनियमन
- कॉर्पोरेट वित्त पर संगोष्ठी पाठ्यक्रम
- वित्त में प्रसंभाव्य कलन
- रणनीतिगत वित्तीय प्रबंधन
- व्युत्पन्न मूल्य निर्धारण के विषय
- व्यापार रणनीतियाँ
- उद्यम पूंजी एवं निजी इक्विटी

एफपीएम

- गणितीय वित्त
- लेखांकन शोध संबंधी संगोष्ठी पाठ्यक्रम
- कॉर्पोरेट वित्त पर संगोष्ठी पाठ्यक्रम
- वित्त सिद्धान्त I
- वित्त सिद्धान्त II

पीजीपीएक्स

- लेखांकन-नीति विकल्प और वित्तीय विवरण
- गणनात्मक वित्त
- कॉर्पोरेट वित्त
- वित्तीय कार्य का प्रभावशाली प्रबंधन
- वित्तीय बाजार
- वित्तीय रिपोर्टिंग व विश्लेषण
- वित्तीय विवरण विश्लेषण
- प्रबंधन नियंत्रण प्रणालियाँ
- विलय, अधिग्रहण और कॉर्पोरेट पुनर्गठन
- रणनीतिगत लागत प्रबंधन
- संगठनात्मक प्रदर्शन की समझ
- उद्यम पूंजी एवं निजी इक्विटी

एफडीपी

- लेखा
- वित्तीय प्रबंधन

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस क्षेत्र ने दो कार्यक्रम प्रस्तुत किये :

- उन्नत कॉर्पोरेट वित्त
- रणनीतिगत लागत प्रबंधन

अनुसंधान

इस वर्ष काफी संख्या में अनुसंधान परियोजनाएँ शुरू की गई।

5. विपणन

विपणन क्षेत्र ने शिक्षण, अनुसंधान, परामर्श गतिविधियों, और अकादमिक प्रशासन की दिशा में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। अग्रणी व्यवसायियों द्वारा अनुभव बाँट कर इस क्षेत्र के पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया गया। उद्योग से कई वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारियों ने क्षेत्र द्वारा पेश हुए विभिन्न पाठ्यक्रमों में अपने अनुभव बाँटे।

खुदरा बिक्री, संवर्धन, वैश्विक विपणन प्रबंध, विपणन रणनीति, और पढ़ाई की केस विधि जैसे विविध विपणन विषयों में अनुसंधान गतिविधियों के विस्तार पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

पाठ्यक्रम

इस क्षेत्र ने दीर्घ अवधि के कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को अनिवार्य और वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की पेशकश जारी रखी : एफपीएम, पीजीपी, और पीजीपीएक्स।

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस क्षेत्र ने निम्नलिखित प्रबंध विकास कार्यक्रम चलाए :

- विपणन निर्णयों के लिए उच्चस्तरीय आंकड़ा विश्लेषण
- बी टू बी (व्यापार से व्यापार तक) विपणन
- विक्रय बल के कार्य निष्पादन को बढ़ाना
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार
- खुदरा व्यापार का प्रबंधन
- लाभ के लिए मूल्य निर्धारण

क्षेत्रीय संकाय ने इजिप्त, दुबई, मलेशिया, और फ्रांस में भी कार्यक्रम की रचना की और चलाए/कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

अनुकूलित कार्यक्रम

क्षेत्रिय संकायों ने 25 से अधिक संगठनों के अधिकारियों के लिए अनुकूलित कार्यक्रम तैयार किये तथा पेश किये। इन कार्यक्रमों में विपणन एवं नेतृत्व कौशलों का विकास करने के अलावा, ब्रांडिंग, उत्पाद प्रंबधन, व्यापार विकास, सेवा प्रबंधन, और रणनीतिक विपणन शामिल हैं।

अनुसंधान और संगोष्ठियाँ

इस क्षेत्र के संकाय सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के विषयों पर अनुसंधान किये। इन्होंने 20 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नलों/पुस्तकों में प्रकाशित पेपरों के माध्यम से इन निष्कर्षों को साझा किया और सम्मेलनों एवं कार्यशालाओं में अपनी प्रस्तुतियाँ दी। अनुसंधान में जिन विषयों पर ध्यान केन्द्रित किया गया वे हैं, उपभोक्ता व्यवहार, ब्रांडिंग, विज्ञापन, बिक्री संवर्धन, खुदरा बिक्री, सूचना उत्पाद और सेवाएँ, पिरामिड का तल तथा सेवा-केन्द्रित रणनीति।

केस पद्धति और केस अनुसंधान

विपणन में, केस-पद्धति का एक महत्वपूर्ण शिक्षण पद्धति बनी रही है। इस वर्ष के दौरान, छह केस पत्रिकाओं/पुस्तकों में प्रकाशित किए गए। कुल अठारह केस-अध्ययन और शिक्षण तथा तकनीकी नोट उत्पाद-बाजार की स्थितियों एवं संगठनों के एक व्यापक स्पेक्ट्रम को शामिल करते हुए पूर्ण किए गए एवं कई इस वर्ष के दौरान शुरू किए गए। ये केस थे – एमआईएस के डिजाइन, अनुभवात्मक विपणन, ग्रामीण वितरण, ऑनलाइन उत्पाद, एफएमसीजी उत्पाद, बैंकिंग सेवाएँ, संगठन पुनर्गठन और ग्राहक सेवा।

6. संगठनात्मक व्यवहार

शैक्षणिक वर्ष 2011-12 के दौरान संगठनात्मक व्यवहार क्षेत्र की गतिविधियाँ निम्नानुसार हैं :

पाठ्यक्रम

पीजीपी / पीजीपी-एबीएम

- व्यक्तिगत गतिशीलता
- पारस्परिक एवं सामूहिक प्रक्रियाएँ
- संगठनात्मक निदान
- संगठनात्मक गतिशीलता

पीजीपी II

- सहनिर्माणाधीन संगठनात्मक परिवर्तन
- उद्यमी व्यक्तित्व का विकास
- स्व-रचनात्मक का विकास
- भूमिकाओं एवं पहचान का अन्वेषण
- प्रतिभा प्रबंधन
- मानव संसाधन विकास स्कोर कार्ड 2500 के साथ बौद्धिक पूंजी प्रबंधन
- कोर्पोरेट सामाजिक अनुत्तरदायित्व की जाँच
- संगठन में सत्ता एवं राजनीति

पीजीपीएक्स

- उन्मुखीकरण कार्यक्रम
- संगठन व्यवहार
- नेतृत्व कौशल पर कार्यशाला (पूर्व नेतृत्व : फंसाने के सिद्धांत एवं व्यवहार)

एफपीएम

- उन्नत सूक्ष्म संगठन व्यवहार (ओबी)
- संगठन व्यवहार में उन्नत अनुसंधान के तरीके
- अनुप्रयुक्त व्यवहार विज्ञान I
- अनुप्रयुक्त व्यवहार विज्ञान II
- अनुसंधान का क्राफ़्टिंग और प्रकाशन
- स्वतंत्र परियोजना
- बृहत् संगठन व्यवहार (ओबी)
- सूक्ष्म संगठन व्यवहार (ओबी)
- राष्ट्रीय संस्कृति : कल्पित कथाएँ, अर्थ, और उपाय
- संगठनात्मक सिद्धांत और उसत्त्व सामाजिक संदर्भ

एफडीपी

- संगठनात्मक व्यवहार को समझना

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस वर्ष के दौरान छह प्रबंध विकास कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये :

- मुख्य क्षमता के रूप में रचनात्मकता और नवाचार : व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता का विकास
- व्यावसायिक महिलाओं की नेतृत्व क्षमताओं और संभावनाओं को बढ़ावा देना
- पारस्परिक प्रभाव एवं टीम निर्माण
- नेतृत्व एवं प्रबंध बदलाव
- अंतर संगठनात्मक संबंधों और नेटवर्कों का प्रबंधन
- काम में स्व-रचनात्मकता : आपकी अभिनव क्षमता का प्रणालीकरण

7. कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध

शैक्षणिक वर्ष 2011-12 के दौरान कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध क्षेत्र की गतिविधियाँ इस प्रकार हैं :

पाठ्यक्रम

पीजीपी/पीजीपी-एबीएम

- क्षमताओं का विश्लेषण एवं निर्माण
- समझौता-वार्ता का प्रबंधन
- कार्मिक क्षमता एवं क्षमता निर्माण प्रणालियाँ
- सामरिक मानव संसाधन प्रबंधन

पीजीपीएक्स

- सामरिक मानव संसाधन प्रबंधन

एफडीपी

- मानव संसाधन प्रबंधन

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस वर्ष के दौरान इस क्षेत्र ने पाँच प्रबंध विकास कार्यक्रम प्रस्तुत किये :

- उन्नत मानव संसाधन प्रबंधन
- मानव संसाधन सम्पन्नता प्रबंधन
- प्रेरणा द्वारा प्रबंधन
- वार्ता एवं कौशल क्लिनिक
- कार्यप्रदर्शन प्रबंधन एवं प्रतिस्पर्धात्मक लाभ

अनुसंधान

इस क्षेत्र के संकाय सदस्यों ने केस-लेखन, शिक्षण-सामग्री विकास और उनकी अभिरूचि के क्षेत्रों के अनुसंधान में अपना योगदान दिया। वे संस्थान में तथा संस्थान से बाहर भी अनुसंधानकर्ताओं के साथ अंतः विषय अनुसंधान में सहयोग करने में शामिल थे। सदस्यों द्वारा लिखित आलेखों को, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किया गया तथा सहकर्मी समीक्षा पत्रिकाओं में प्रकाशित किया गया।

8. उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके

शैक्षणिक वर्ष 2011-12 के दौरान उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके क्षेत्र की गतिविधियाँ इस प्रकार हैं :

पाठ्यक्रम

पीजीपी

- डाटा विश्लेषण के उन्नत तरीके
- निर्णय निर्माण I एवं II
- संचालन प्रबंधन I एवं II
- संभावना एवं सांख्यिकी I, II एवं III
- राजस्व प्रबंधन और गतिशील मूल्य निर्धारण
- डेटा विश्लेषण में सांख्यिकीय पद्धतियाँ
- वित्त में प्रसंभाव्य आकलन

पीजीपीएक्स

- डेटा विश्लेषण
- निर्णय के लिए मॉडलिंग
- माँग-पूर्ति के लिए परिचालनों की डिजाइनिंग
- सेवा स्तरों की स्थापना एवं वितरित करना
- गुणवत्ता प्रबंधन
- आपूर्ति श्रृंखला एवं रसद प्रबंध
- जोखिम की समझ और आकलन

एफपीएम

- निर्णय निर्माण I एवं II
- संचालन प्रबंधन I एवं II
- संभावना एवं सांख्यिकी I, II एवं III
- संचालन अनुसंधान II
- अनुप्रयुक्त बहुभिन्नरूपी विश्लेषण
- प्रणाली विश्लेषण और अनुकरण

एफ़डीपी

- डाटा विश्लेषण
- डाटा विश्लेषण के अनुप्रयोग
- संचालन प्रबंधन

अनुसंधान

प्रौद्योगिकी प्रबंधन, प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारों, विनिर्माण, निर्णय समर्थन प्रणाली, रसद, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, राजस्व प्रबंधन, अनुकूलन, नेटवर्क अनुकूलन एवं बहु-अनुमानी, नेटवर्क विश्वसनीयता, वित्त में सांख्यिकीय मॉडलिंग, और सांख्यिकीय निष्कर्ष, आदि ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें क्षेत्रिय संकाय सदस्यों ने प्रकाशनों के माध्यम से अपना योगदान दिया है।

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस क्षेत्र ने इस वर्ष के दौरान आठ प्रबंधन कार्यक्रम प्रस्तुत किये :

- उन्नत विश्लेषिकी
- उन्नत गुणवत्ता प्रबंधन
- रसद वितरण समाधान
- परियोजना प्रबंध
- परियोजना जोखिम प्रबंधन
- राजस्व प्रबंधन
- जोखिम : मॉडलिंग और प्रबंधन
- आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन

पूर्वछात्र केन्द्र गतिविधियाँ

लगभग 35,000 सदस्यों की सक्रिय सदस्यता के साथ, इस संस्थान के पास पूर्वछात्रों का एक बड़ा नेटवर्क है। पूर्वछात्र केन्द्र संस्थान के पूर्वछात्र सदस्यों एवं आईआईएम-ए समुदाय की घटनाओं, समाचारों, उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी सदस्यों को प्रदान करके, इस नेटवर्क को सक्रिय रखता है। यह केन्द्र, *आईआईएम-ए अल्युम्नस* नामक पत्रिका का प्रकाशन वर्ष में तीन बार करता है, और यह पत्रिका पूर्वछात्र संघ के सभी सक्रिय सदस्यों को भेजी जाती है। यह एक विशेष वेबसाइट iimaalumni.org का रखरखाव भी करता है। हर वर्ष, यह केंद्र, रजत जयंती बैच, अर्थात 25 वर्ष पूर्व स्नातक हुए बैच का वार्षिक पुनर्मिलन आयोजित करता है। यह केन्द्र अभी संस्थान के लिए निधि जुटाने संबंधी गतिविधियों में संलग्न है।

नई सदस्यता

प्रति वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागी इसकी सदस्यता से जुड़ते हैं। 2011-12 के दौरान, सदस्यता-अंशदान वर्ष 2010-11 के 37.81 लाख रु. से बढ़कर वर्ष 2011-12 में 38.77 लाख रु. हुआ है।

आईआईएम-ए अल्युम्नस पत्रिका



आईआईएम-ए अल्युम्नस, पूर्वछात्र-सदस्यों के साथ संपर्क बनाए रखने का प्रमुख माध्यम है। फरवरी, जून, और अक्टूबर में तीन बार प्रकाशित होने वाली, इस पत्रिका में अल्युम्नी-सदस्यों के अनुभवों पर आधारित उनके लेख प्रकाशित होते रहते हैं। पूर्वछात्र वेबसाइट पर रखे जा रहे नौकरी के विज्ञापनों और अन्य वेब विज्ञापन अभियान से राजस्व जुटाया जाता है। वर्ष 2011-12 के दौरान, प्राप्त होने वाला विज्ञापन-राजस्व 7.57 लाख रुपये से बढ़कर 8.05 लाख रूपये हुआ।

रजत जयंती पुनर्मिलन

इस केंद्र की प्रमुख गतिविधियों में से एक है - उन छात्रों के लिए रजत जयंती पुनर्मिलन आयोजित करना, जिन्होंने लंबी अवधि के कार्यक्रमों में 25 वर्ष पूर्व भाग लिया था। प्रत्येक वर्ष दिसंबर माह में इस पुनर्मिलन का आयोजन होता है। 30 दिसम्बर, 2011 से 1 जनवरी, 2012 के दौरान 1985-87 में स्नातक हुए बैच का रजत जयंती पुनर्मिलन आयोजित किया गया था। छियासी

पूर्वछात्रों और उनके परिवारों ने इस पुनर्मिलन में भाग लिया। इस पुनर्मिलन के दौरान, उन 12 संकाय-सदस्यों, जिन्होंने इस बैच को पढ़ाया था और कार्यक्रम अधिकारी (एमडीपी) को सम्मानित किया गया।

अन्य पुनर्मिलन

रजत-जयंती पुनर्मिलन के अतिरिक्त, विभिन्न बैचों के पुनर्मिलन भी स्वर्ण जयंती समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित किये गये : 40 वर्ष पूर्ण करने पर 16 दिसम्बर, 2011 को 1969-71 बैच का मिलन हुआ; 15 वर्ष पूर्ण करने पर 24-25 दिसम्बर, 2011 को 1994-96 बैच का मिलन हुआ; और 10 वर्ष पूर्ण करने पर 23-24 दिसम्बर, 2011 को 1999-2001 बैच का मिलन हुआ।

स्वर्ण जयंती समारोह

भारतीय प्रबंध संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह का समापन समारोह 10 और 11 दिसम्बर, 2011 को आयोजित हुआ था। अपने कैरियर में जिन चालीस पूर्वछात्रों ने महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की और शैक्षणिक, कोर्पोरेट, उद्यमशीलता, ललित कला, और सामाजिक सेवा क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया, उन सभी को विशिष्ट पूर्वछात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिन पूर्वछात्रों ने संस्थान को महत्त्वपूर्ण वित्तीय योगदान दिया उनको भी सम्मानित किया गया।

पूर्वछात्र संबंध

संस्थान ने अपने पूर्वछात्रों के साथ भावनात्मक संबंध बढ़ाने के लिए कदम उठाये हैं। कुछ पूर्वछात्रों द्वारा कई वैकल्पिक पाठ्यक्रम प्रस्तुत किये हैं। नियमित रूप से पूर्वछात्रों को अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करने के महत्त्व के बारे में 'बौद्धिक योगदान' के माध्यम से अनुस्मारक दिया जाता है।

निधि जुटाने की गतिविधियाँ

संस्थान का अपनी प्रगति को समर्थन देने के लिए आने वाले पाँच वर्षों में पर्याप्त संसाधन जुटाने का उद्देश्य है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए पूर्वछात्र केन्द्र, पूर्वछात्रों और कंपनियों से धन जुटाने के लिए सक्रिय है। इस कोष को जुटाने की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक पूर्णकालिक प्रबंधक नियुक्त किया गया है। स्वर्ण जयंती उत्सव के समापन समारोह के दौरान, पूर्वछात्रों ने अगले पाँच वर्ष में लगभग 38 करोड़ रुपये का योगदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। इन्होंने इस वर्ष के दौरान प्रथम किश्त के रूप में 2 करोड़ रुपये का योगदान दिया है।

संस्थान ने पूर्वछात्रों को योगदान करने के लिए, संस्थान की अपनी मुख्य वेबसाइट के माध्यम से भुगतान हेतु छात्र समर्थन, संकाय समर्थन, और बुनियादी सुविधा समर्थन जैसे उद्देश्यों के लिए सुविधा प्रदान की है।

छात्रवृत्तियाँ

इस वर्ष के दौरान, निम्नलिखित छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई :

- **आईआईएमए पूर्वछात्र ट्रस्ट छात्रवृत्ति**

  आईआईएमए पूर्वछात्र ट्रस्ट में से प्रति वर्ष पीजीपी के योग्य छात्रों को योग्यता-सह-साधन छात्रवृत्ति (प्रत्येक को 1 लाख रु.) के रूप में ट्यूशन फीस का एक हिस्सा मदद के तौर पर दिया जाता है। इस वर्ष, आईआईएमए पूर्वछात्र ट्रस्ट समिति ने इस राशि का भुगतान प्रायोजकों के माध्यम से प्राप्त योगदान से करने पर सहमत जताई। ये छात्रवृत्तियाँ विक्रम साराभाई, रवि मथाई, एस.के. भट्टाचार्य, कमला चौधरी, लब्धि भंडारी, और एम.एन. वोरा की स्मृति एवं नाम पर प्रदान की जाती हैं।

- **1969 बैच छात्रवृत्ति**

  पीजीपी 1969 बैच के दाताओं ने आर्थिक, सामाजिक और शारीरिक रूप से कमजोर प्रथम वर्ष पीजीपी के छात्रों को सहायता देने के लिए 2011-13 बैच से निधि बनाने का निर्णय लिया है। इस निधि से पाँच छात्रों को प्रत्येक को 2 लाख रु. की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

- **श्री जी.सी. मित्तल उद्यमिता सहायता**

  वर्ष 2005 के एक पूर्वछात्र ने इस सहायता निधि (2 लाख रु.) की स्थापना उन छात्रों के लिए की है जो अपना स्वयं का उद्यम शुरू करने के लिए नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर रहने का विकल्प चुनते हैं। यह सहायता 2012 के वर्ग से दी जायेगी।

स्मारिका वस्तुएँ

वर्ष 2011-12 के दौरान, इस केन्द्र को स्मारिका वस्तुएँ जैसे कि, टी-शर्ट्स, सिल्क टाई, ब्रास वॉल हेंगिंग, कॉफी मग, इत्यादि के बेचने से 3.19 लाख रु. की राशि प्राप्त हुई।

सभा गतिविधियाँ

चेन्नई, हैदराबाद, पूणे, कोलकाता, यूएसए, इत्यादि में स्थित सभाएँ काफी सक्रिय थी। इन सभाओं ने निम्नलिखित पूर्वछात्र सम्मेलन आयोजित किये जिनमें बड़ी संख्या में आईआईएमए पूर्वछात्र उपस्थित रहे।

- 23 अप्रैल, 2011 को संयुक्त राज्य अमेरिका के सैन फ्रान्सिस्को में वार्षिक सम्मेलन।
- 7 मई, 2011 को चेन्नई में समकालीनों का सम्मेलन जहाँ पद्मश्री राघवेन्द्र को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रथम वर्ष पीजीपी के छात्रों को आमंत्रित किया गया था और वे उद्योग जगत् के कई दिग्गजों के साथ मुलाकात व बातचीत करने का अवसर पाकर रोमांचित हो गये थे।
- 24 सितम्बर, 2011 को शिकागो में ग्रेटर शिकागो उद्घाटन शिखर सम्मेलन 2011, जिसका विषय, 'सफलता से प्रतिष्ठा तक' था।
- 15 अक्टूबर, 2011 को कोलकाता में स्वर्ण जयंती समारोह। इस अवसर पर आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएम कोलकाता सुविज्ञ भागीदार बने थे।
- 29 अक्टूबर, 2011 को 'नवाचार एवं रचनात्मकता के साथ प्रबंधन शिक्षा पर पुनःविचार' के बारे में चेन्नई में चौथे सम्मेलन की श्रृंखला।
- 20 नवम्बर, 2011 को पूणे में स्वर्ण जयंती समारोह।
- 5 नवम्बर, 2011 को हैदराबाद में स्वर्ण जयंती समारोह।

वैश्विक भागीदारी और कॉर्पोरेट मामले

इस वर्ष के दौरान संस्थान ने 11 व्यावसायिक-स्कूलों के सर्वेक्षणों (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय) में भाग लिया। संस्थान ने सभी प्रमुख एवं प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में शीर्ष स्थान बनाये रखा। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि संस्थान के कार्यक्रमों एवं छात्रों की गुणवत्ता विश्व भर में सर्वोत्तम है।

प्रबंध में एफटी *(फाइनान्सियल टाइम्स) विशेषज्ञ* रैंकिंग 2011

प्रबंध में मास्टर्स के लिए वैश्विक फाइनान्सियल टाइम्स विशेषज्ञ रैंकिंग 2011 में, रैंकिंग के लिए समीक्षित 73 कार्यक्रमों में यह संस्थान सातवें (आठवें रैंक से आगे बढ़ते हुए) रैंक पर रहा। एकमात्र भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद ने प्रबंध शिक्षा के वैश्विक नक्शे पर प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम की रैंकिंग में शीर्ष 10 स्थानों में स्थान प्राप्त करना जारी रखा है।

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद का स्नातकोत्तर कार्यक्रम नियुक्ति सफलता रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है।

एफटी वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2012

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद फाइनान्सियल टाइम्स वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2012 में शीर्ष 100 बी-स्कूलों में ग्यारहवें स्थान पर रहा है। इसके अलावा, *एफ़.टी. कैरियर प्रगति रैंकिंग* में पीजीपीएक्स ने दुर्लभ गौरव प्राप्त करते हुए **प्रथम स्थान** प्राप्त किया है। इस रैंकिंग के साथ, एक वर्षीय कार्यकारी अधिकारियों के कार्यक्रम पीजीपीएक्स ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों द्वारा प्रस्तुत किये गये शीर्षस्थ वैश्विक 20 एमबीए कार्यक्रमों में अपना स्थान बनाये रखा है और इसके विश्व स्तर का होने के प्रति ध्यान आकर्षित करना जारी रखा है।

इकोनोमिस्ट रैंकिंग 2011

***भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद इकोनोमिस्ट पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम रैंकिंग 2011* में स्थान प्राप्त करने वाला एकमात्र भारतीय व्यावसायिक-स्कूल है।**

रैंकिंग के लिए "खुले नये रोजगार अवसर" कसौटी में शीर्ष दस व्यावसायिक-स्कूलों की सूची में संस्थान ने **पाँचवाँ स्थान** प्राप्त किया है। **एशिया एवं ऑस्ट्रेलिया क्षेत्रीय रैंकिंग 2011 में संस्थान को नौवाँ स्थान प्राप्त हुआ है तथा *दी इकोनोमिस्ट पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम रैंकिंग 2011* में वैश्विक रूप से छह स्थान बढ़कर 78वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।**

एड्यूनिवर्सल सर्वोत्तम मास्टर रैंकिंग 2011

आईआईएमए के कृषि-व्यवसाय में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एबीएम) ने इस क्षेत्र के लिए वैश्विक रूप से शीर्ष 50 रैंककृत कार्यक्रमों में एड्यूनिवर्सल *कृषि-व्यवसाय / खाद्य उद्योग प्रबंधन की सर्वोत्तम मास्टर* रैंकिंग में **प्रथम स्थान** प्राप्त किया है।

ईक्विस पुनः मान्यता

यूरोपीय प्रबंधन विकास फाउंडेशन (ईएफ़एमडी) ने वर्ष 2011 में, भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद को तीन वर्ष की अवधि के लिए ओर पुनः मान्यता दी थी। वर्ष 2008 में भारत के पहले ईक्विस मान्यता प्राप्त व्यावसायिक - स्कूल बनने के बाद, इस संस्थान ने उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने में अंतरराष्ट्रीय मानकों की स्थापना की है और शीर्षस्थ अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक स्कूलों में अपना नाम शामिल होना जारी रखा है।

ईक्विस की पुनः मान्यता की प्रक्रिया के एक भाग के रूप में, संस्थान ने सहकर्मी समीक्षा टीम की मेजबानी की, जिसमें शामिल थे :

- प्रोफेसर मार्सेलो पालादिनो, डीन, ऑस्ट्राल उनिवेर्सिदाद, आईएई बिजनेस स्कूल, आर्जेन्टिना, अध्यक्ष, सहकर्मी समीक्षा टीम
- डॉ. डेनियल मुज़िका, डीन, सोदर बिजनेस स्कूल, ब्रिटिश कोलम्बिया युनिवर्सिटी, कनाडा
- प्रोफेसर झिहोंग यी, डीन, रेनमिन चायना युनिवर्सिटी, बिजनेस स्कूल, चीन
- श्री जेरोम गुएनियेर, ऑपरेशन विभाग निदेशक, कॉर्पोरेट विश्वविद्यालय, ईडीएफ़ समूह, फ्रांस

वैश्विक भागीदारी

आईआईएमए ने प्रतिष्ठित विदेशी व्यावसायिक -स्कूलों / विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी के लिए शुरूआत की है। आईआईएमए ने अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा मे किये गये अगले प्रयासों के तहत नये क्षेत्रों में शैक्षणिक सहयोग के लिए समझौता सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं।

- मैकक्वेर युनिवर्सिटी, सिडनी, ऑस्ट्रेलिया (डॉक्टरेट स्तर का छात्र विनिमय)
- फुन्दाकाओ डोम काब्राल, ब्राजील (संकाय विकास, सहयोगात्मक संयुक्त अनुसंधान परियोजना, संयुक्त कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम, विनिमय कार्यक्रम)
- ओहियो स्टेट युनिवर्सिटी, कोलम्बस ओहियो, यूएसए (अनुसंधान सहयोग, संकाय / विद्वानों / छात्रों का विनिमय, कृषि व्यवसाय प्रबंध और परस्पर हित के अन्य क्षेत्रों में अग्रिम अध्ययन एवं अनुसंधान)
- टेक्सास युनिवर्सिटी, ऑस्टिन, मैक कोम्ब बिजनेस स्कूल, यूएसए (छात्र विनिमय)

विदेशी संस्थानों के साथ संलग्नता

इस वर्ष के दौरान आईआईएमए, विदेशी संस्थानों / अंतरराष्ट्रीय एजेन्सियों के 25 उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडलों के साथ शैक्षिक सहयोग के लिए सार्थक संवाद में संलग्न रहा है।

प्रमुख प्रतिनिधिमंडल शामिल थे :

- लेफ्टेनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एंडी एम. गालिब, इंडोनेशियाई राजदूत, इंडोनेशिया गणराज्य दूतावास
- प्रोफेसर एलेक केमरोन, डीन, ऑस्ट्रेलियाई बिजनेस स्कूल, युनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वैल्स
- प्रोफेसर एमर्सन दे आल्मेइड़ा, डीन, फुन्दाकाओ डोम काब्राल (एफ़डीसी), ब्राजील
- श्री वेर्नेर ई. नीवरगेल्ट, कौंसल जनरल, स्विट्जरलेंड
- श्री पैट्रिक किएरिन्स, कौंसल (वाणिज्य) एवं व्यापार आयुक्त (ऑस्ट्रेड), ऑस्ट्रेलिया
- डॉ. ई. गोर्डोन जी, प्रमुख, एवं डॉ. विलियम आई. ब्रुस्टीन, वैश्विक रणनीति एवं अंतरराष्ट्रीय मामले के उपाध्यक्ष, ओहियो स्टेट युनिवर्सिटी
- श्री कर्टिस आर. मंचून, अध्यक्ष, त्रिनिदाद एवं टोबैगो विश्वविद्यालय, वेस्ट इंडीज़
- डॉ. रोजर जेफरी, दक्षिण एशिया में समाजशास्त्र के प्रोफेसर, डीन अतंरराष्ट्रीय (भारत), एडिनबर्ग विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर मार्क पी. टैलर, डीन, वारविक बिजनेस स्कूल, वारविक विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर पीटर मोइजेर, डीन, लीड्स बिजनेस स्कूल युनिवर्सिटी

प्रोफेसर श्रीकान्त दातार

प्रोफेसर विजय गोविन्दराजन

श्री नलिन सूरी

डॉ. ई. गॉर्डन जी

संस्थान व्याख्यान

यह आईआईएमए का व्यापारिक समुदाय तथा सहभागी स्कूलों के साथ मिल कर काम करने की दिशा में विदेशी संबंधों के निर्माण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद परिसर में सार्वजनिक भागीदारी को सक्षम बनाने के एक बड़े उद्देश्य के साथ सार्वजनिक व्याख्यानों का आयोजन करता है।

आईआईएमए के स्वर्ण जयंती समारोह के हिस्से के रूप में प्रोफेसर श्रीकान्त दातार, लेखाकंन प्रोफेसर, आर्थर लोव्स डिकिन्सन, पूर्व वरिष्ठ सहयोगी, डीन, हावर्ड बिजनेस स्कूल एवं आईआईएमए से स्वर्ण पदक विजेता, द्वारा '**प्रभावी नेतृत्व के लिए महत्वपूर्ण कौशल के विकास**,' विषय पर 10 अक्टूबर, 2011 का एक वार्ता की गई।

3 जनवरी, 2012 को प्रोफेसर विजय गोविन्दराजन, प्रोफेसर, डार्टमाउथ कोलेज की टक बिजनेस स्कूल, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा '**रणनीति नवाचार है**,' विषय पर एक वार्ता की गई।

श्री नलिन सूरी, चीन और ब्रिटेन के पूर्व राजदूत, द्वारा 16 फरवरी 2012 को सार्वजनिक कूटनीति प्रभाग, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से '**भारत-चीन संबंध : पूर्ण या संलग्न**?' पर एक व्याख्यान हुआ।

डॉ. ई. गॉर्डन जी, प्रमुख, ओहियो स्टेट युनिवर्सिटी, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा '**अभिनव एवं एक सुविज्ञ अर्थव्यवस्था में सहयोग**' विषय पर 9 मार्च, 2012 का एक वार्ता की गई।

प्रोटोकॉल एवं दौरे

प्रत्येक वर्ष संस्थान की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के लिए सक्षम आगंतुक उपलब्ध कराता है। वर्ष 2011-12 के दौरान संस्थान ने लगभग 3700 आगंतुकों का स्वागत किया, इनमें विदेशी नागरिक, सरकारी अधिकारी, कॉर्पोरेट क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी तथा शिक्षा क्षेत्र, सशस्त्र बलों के पेशेवर एवं छात्र शामिल थे।

मीडिया संपर्क

संस्थान नियमित रूप से बड़ी संख्या में प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पेशेवरों के साथ अपनी पहुँच के अनुसार जुड़ा है। यह समर्थन कई साक्षात्कारों, प्रेस ब्रीफिंगों, प्रेस सम्मेलनों एवं प्रेस विज्ञप्तियों को जारी करने के माध्यम से बढ़ाया गया है।

स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर प्रोफेसर समीर के. बरुआ, निदेशक ने 7 दिसम्बर, 2011 को मीडिया से जुड़े लोगों की मेजबानी की और उनके पिछले कुछ वर्षों के समर्थन को स्वीकारते हुए, उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किये।

सहायता अनुदान

वर्ष 2011-12 के दौरान, इस संस्थान ने गैर-योजना (नियमित) एवं योजना (नियमित) के अंतर्गत, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से कोई भी सहायता अनुदान प्राप्त नहीं किया।

वर्ष 2011-12 के दौरान, इस संस्थान को अन्य पिछड़ी जाति विस्तार के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से 500 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ।

बुनियादी ढाँचे का विकास

नया परिसर

320 कमरों वाले छात्रावास का कार्य पूरा हो गया और नये शयनगृहों का उपयोग शुरु हो गया है। नये परिसर का कुल निर्माण क्षेत्र 7,13,900 वर्ग फुट है। नये परिसर को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए प्रतिदिन 3 लाख लीटर की क्षमता वाला एक मलजल शोधन संयंत्र बनाने का प्रस्ताव है।

पुराना परिसर

नया निर्माणकार्य

एक नया टेनिस कोर्ट बनाया गया है। एक 12,500 वर्ग फुट क्षेत्र का इनडोर खेल परिसर 280 लाख रुपयों की लागत से बनाया गया है। इसमें दो बैडमिंटन कोर्ट, दो टेबिल टेनिस कोर्ट, एक बिलियर्ड कक्ष और एक स्क्वैश कोर्ट हैं।

नवीनीकरण और मरम्मत

चार संगोष्ठी कक्षों को पुनर्निर्मित एवं फिर से सुसज्जित किया गया है। इनमें से तीन 48 छात्रों की क्षमता वाले क्लासरूम हैं और एक 32 छात्रों की क्षमता वाला एफ़पीएम कक्ष है। बास्केटबॉल और टेनिस कोर्टों को सिंथेटिक कोर्टों में बदल दिया गया है।

क्लासरूम की छत के मेहराबों की मरम्मत की गई है।

कार्मिक

वर्ष 2011-12 के दौरान, सात संकाय सदस्यों और नौ स्टाफ़ सदस्यों ने इस संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया। चार संकाय सदस्यों ने और पाँच स्टाफ सदस्यों ने संस्थान की सेवा से त्यागपत्र दिया, और दो संकाय सदस्यों ने संस्थान में अपना कार्यकाल पूर्ण होने पर संस्थान की सेवाएँ छोड़ दी। सोलह स्टाफ सदस्यों ने सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त ली,जबकि एक संकाय सदस्य ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुना।

दो संकाय सदस्यों को एवं एक अनुसंधान कर्मी को अन्यत्र कार्यभार ग्रहण करने के लिए, अनुपस्थिति की छुट्टी दी गई, जबकि पाँच संकाय सदस्यों ने और एक स्टाफ सदस्य ने अनुपस्थिति की छुट्टी समाप्त होने पर, पुनः संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया।

परिशिष्ट ठ7 में कर्मचारियों की संख्या का विवरण दिया गया है।

अधिकारी एवं कर्मचारी विकास गतिविधि

वर्ष के दौरान, कई अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों को अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन तथा अन्य प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित, कौशल विकास एवं और साथ ही साथ सामान्य पर्यवेक्षी व प्रबंधकीय कार्य संबंधी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए प्रायोजित किया गया। संस्थान ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में कई कर्मचारियों को प्रायोजित करना जारी रखा।

राजभाषा कार्यान्वयन

संस्थान पूर्णतया भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान में, 14 से 29 सितम्बर, 2011 तक विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे हिन्दी निबंध लेखन, हिन्दी कविता पाठ, शब्द-ज्ञान, आशु-भाषण, तथा सुलेखन के साथ हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें 100 से अधिक हिन्दीभाषी और गैर-हिन्दीभाषी कर्मचारियों ने भाग लिया। स्टाफ सदस्यों और छात्रों की जानकारी के लिए विक्रम साराभाई पुस्तकालय में उपलब्ध विभिन्न विषयों की हिन्दी पुस्तकों की एक प्रदर्शनी लगाई गई। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माननीय मंत्री, माननीय गृहमंत्री तथा कैबिनेट सचिव द्वारा भेजे गये संदेशों की प्रतियाँ सभी नोटिस-बोर्डों पर प्रदर्शित की गई। समापन-दिवस के अवसर पर, राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर आनंद कुमार जायसवाल द्वारा विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। इस पखवाड़े के दौरान, 26 सितम्बर, 2011 को डीन, प्रोफेसर बी. एच. जाजू द्वारा संस्थान की हिन्दी वेबसाइट का अनावरण किया गया, जिसकी मीडिया द्वारा अत्यधिक सराहना की गई थी।

संस्थान की पहली हिन्दी पत्रिका "*प्रतिबिम्ब*" का प्रकाशन जनवरी 2012 में किया गया, जिसे सभी आईआईएम, आईआईटी, संबंधित मंत्रालयों और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी 156 सदस्यों को अहमदाबाद एवं गाँधीनगर में भेजा गया। इस पत्रिका के लिए 22 प्रशंसा पत्र प्राप्त हुए।

संस्थान ने अपने आरजेएमसीईआई सभागृह में 28 मार्च, 2012 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 60वीं बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में संस्थान को राजभाषा कार्यान्वयन में विशेष योगदान करने के लिए प्रशंसा पत्र एवं शील्ड से सम्मानित किया गया। इस समिति द्वारा संस्थान के हिन्दी अधिकारी डॉ. मुकेश शर्मा को भी संस्थान में राजभाषा के कार्यान्वयन में विशेष योगदान करने के लिए स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया।

वर्ष के दौरान, हिन्दी में टिप्पण व प्रारूपण पर, चार हिन्दी-कार्यशालाएँ आयोजित की गई, इनमें 70 कर्मचारियों ने भाग लिया। इन कार्यशालाओं में व्याख्यान देने के लिए हिन्दी के प्रसिद्ध वक्ताओं को आमंत्रित किया गया।

वर्ष के दौरान, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठकें आयोजित की गई, इनमें भारत सरकार द्वारा जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु 'ख' क्षेत्र के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर जोर दिया गया।

कर्मचारी पुरस्कार/सम्मान

एक संकाय सदस्य को और पाँच कर्मचारियों को, 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के निमित्त, इस वर्ष के दौरान पुरस्कृत किया गया। मनुभाई ए. चौधरी, एम.एस. नाणावटी, ए.एम. मिस्त्री, वी.सी. डोडिया, हीराभाई आर. वाघेला, टी.एम. चन्द्रगोपी, वी.बी. दलवी, जुहाजी पी. ठाकोर, प्रतिमा देसाई, सुधाकर बी. हिवाले, एस. गोविन्दराजन, राजेन्द्र ए. पंड्या, और हसमुख पी. साधु को संस्थान की रिकॉर्ड दीर्घ सेवा से सेवानिवृत्त पर, इन कर्मचारियों को संस्थान द्वारा सुदीर्घ सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसके विवरण **परिशिष्ट ठ** में दिये गये हैं।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन, वर्ष के दौरान बहत्तर आवेदन प्राप्त हुए तथा निपटाए गए।

छात्र गतिविधियाँ

एबेकस

एबेकस, एक मुकाबला क्लब है, इसका उद्देश्य गणित एवं साँख्यिकी के उत्साहियों को व्यवसाय प्रबंधन में मात्रात्मक तरीकों की बढ़ती भूमिका का पता लगाने के लिए एक औपचारिक मंच प्रदान करना है। यह क्लब छात्रों को कम या बिना किसी पूर्व प्रशिक्षण के गणित में आगे आने के लिए विभिन्न परिणामात्मक पाठ्यक्रमों द्वारा भी मदद करना चाहता है। इस वर्ष, एबेकस ने प्रथम वर्ष के छात्रों की उनकी ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप की तैयारी में मदद हेतु एक औपचारिक उद्यम का शुभारंभ किया।

नटक्रेकर – पहेली प्रतियोगिता इस क्लब का प्रमुख वार्षिक आयोजन है। इस वर्ष, एक पखवाड़े से अधिक अवधि में विस्तृत एक त्रिस्तरीय प्रारूप के माध्यम से इस आयोजन को फैलाया गया था। प्रथम क्वालीफायर का आयोजन ऑनलाइन किया गया और इसमें कैम्पस से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। दूसरे और अंतिम क्वालीफायर का आयोजन अंतिम अवसर पर ही किया गया। आखिरी में बराबर की आठ टीमों के बीच कुछ नवीन डिजाइन किये दौर के माध्यम से कड़ा मुकाबला हुआ।

संभावना, सांख्यिकी, निर्णयनिर्माण और संचालन प्रबंधन पाठ्यक्रमों के सुधारात्मक सत्रों को छात्र समुदाय से उत्कृष्ट प्रतिक्रिया मिली। ये कक्षाएँ विशेष रूप से जो छात्र इंजीनियरिंग एवं विज्ञान की पृष्ठभूमि से नहीं थे उनके लिए मददगार साबित हुई।

कोन्फ्लुअन्स के बैनर तले इस क्लब ने **क्रिकएक्स** जो कि एक क्रिकेट व्यापार का खेल है और आईपीएल खिलाड़ियों की नीलामी जैसा ही है उसका भी आयोजन किया। एक पूर्व परीक्षण के रूप में इस इवैंट में एक क्रिकेट सामान्य ज्ञान क्विज़ का भी आयोजन किया गया।

इस क्लब की तरफ से एक और भी उल्लेखनीय पहल थी – नियुक्ति की तैयारी में अपना धावा। टेसरऐक्ट जो प्रत्येक सप्ताह पाँच पज़ल का आयोजन करते हुए लंबा चलने वाला एक ऑनलाइन इवैंट है, उसके माध्यम से, यह क्लब प्रथम वर्ष के छात्रों को इंटर्नशिप साक्षात्कार के लिए तैयार करने में मदद करता है।

क्लब की वेबसाइट को इस वर्ष नया किया गया। क्लब की और उसकी गतिविधियों के बारे में अधिक सूचनात्मक होने के अलावा, वेबसाइट ने भी क्लब की ऑनलाइन इवैंट्स के लिए मेजबानी की, पहेलियों और साक्षात्कार प्रश्नों के डाटाबेज़ रखे तथा दैनिक सुडोकू एवं शतरंज खेलों का आयोजन किया।

शैक्षणिक परिषद्

शैक्षणिक परिषद् की यह जिम्मेदारी है कि वह छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच एक अंतरफलक के रूप में छात्रों के हितों की आवाज़ बने, और प्रशासन को छात्रों की जरूरतों के अनुरूप प्रासंगिक शैक्षणिक नीतियों के लिए सुझाव दे।

शैक्षणिक परिषद् आईआईएमए में वर्तमान शिक्षा मानकों की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए नये पाठ्यक्रमों के लिए सुझाव देने, छात्रों की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखकर मौजूदा पाठ्यक्रम में सुधार करने के लिए उत्तरदायी है। यह एक गतिशील पाठ्यक्रम प्रक्रिया हेतु प्रत्येक सत्र में छात्रों की सुविधा के लिए वैकल्पिक पंजीकरण प्रक्रिया का आयोजन करती है। पीजीपी कार्यालय के साथ काम करते हुए, शैक्षणिक परिषद् ने प्रभावी समयबद्ध एवं वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के बीच के संघर्ष को कम करने का प्रयास किया है, इस प्रकार ऐच्छिक पूल को विस्तृत करते हुए किसी भी छात्र को चुनने का विकल्प दिया है।

इस वर्ष शैक्षणिक परिषद् सभी पाठ्यक्रमों के लिए अनुमोदित घटक वार ग्रेड वितरण को प्राप्त करने में सफल रही, और दूसरे वर्ष के छात्रों के लिए सत्रों के संबंध में आवश्यक क्रेडिट में थोड़ा परिवर्तन लाकर लचीलापन बढाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह गतिशील पाठ्यक्रम बोली प्रक्रिया के माध्यम से द्वितीय वर्ष में तीन सत्रों के अंतर्गत 120 से अधिक ऐच्छिकों में कामयाब रही। कुछ निश्चित लोकप्रिय पाठ्यक्रम जो परम्परागत रूप से केवल एफ़पीएम, पीजीपी-एबीएम और पीजीपीएक्स छात्रों को ही पढ़ाये जाते थे, वे पीजीपी छात्रों को भी उपलब्ध कराये गये, और विशेषज्ञता के विभिन्न क्षेत्रों में ऐच्छिकों का संतुलन बनाये रखने का प्रयास किया गया।

कृषि व्यवसाय क्लब

खेत से दोराहे तक! यह ऐसा प्रभावशाली डोमेन है जो हमारे कृषि व्यवसाय जीवन में शामिल हो गया है! कृषि व्यवसाय का दायरा ऐसा है जो खाद्य उत्पादन में रासायनिक डालने से लेकर आखिरी उत्पाद तक और उसका प्रसंस्करण, बिक्री और विपणन, वित्त पोषण के विकल्पों से लेकर उद्योग के दैनिक संचालनों तक चलता है। कृषि व्यवसाय प्रबंधन (पीजीपी-एबीएम) में विशेषज्ञता के एक क्षेत्र के साथ इस क्लब के अपने उत्साही लोग हैं और साथ ही साथ उद्यमशीलता की वृत्ति एवं कृषि-व्यवसाय पर ध्यान केन्द्रित करने में छात्र भी सहभागी हैं।

इस वर्ष के दौरान, इस क्लब ने कृषि व्यवसाय में और संलग्न डोमेन में प्रमुख वक्ताओं की मेजबानी की। इस क्लब ने व्यापक प्रतिभागियों को आकर्षित करते हुए *इनक्विज़िशन* (बहुउद्देश्यीय सामान्य ज्ञान एवं व्यवसाय क्विज़) जैसी गतिविधियों की भी मेजबानी की। *हाइफन* पत्रिका, और एक ब्लॉग *द डेइली मेंगो* और एक वार्षिक पत्रिका *औरम* द्वारा यह क्लब मनोरंजन करता है और छात्रों को अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। *हाइफन* में छात्रों की तरफ से कृषि व्यवसाय के बारे में लेख प्रकाशित होते हैं, जबकि *द डेली मेंगो* ब्लॉग हाल की घटनाओं के बारे में तथा उद्योग के संदर्भ में विनोदपूर्ण पोस्ट था। *औरम* संकायों के कल्पनात्मक लेखों और प्रख्यात पूर्वछात्रों के साथ साक्षात्कार को दर्शाती हुई एक वार्षिक पत्रिका है।

भूखों को भोजन प्रदान करने के लिए इस क्लब ने *क्रोनोस* का गठन किया : *कोन्फ्लुअन्स* के कृषि व्यवसाय अंचल के साथ *क्रोनोस* आईआईएमए और प्रारंभिक इवैंट्स को महसूस करने के लिए छात्रों के लिए मध्याह्न भोजन योजना (मिड डे मील स्कीम- एमडीएमएस) चलाता है। जबरदस्त भागीदारी को आकर्षित करते हुए ग्रामीण विपणन के लिए *रुरल क्रुसेडर्स* इवेंट था। इस बार सभी छात्रों के लिए *ग्रीन पहल* मुक्त रखा गया था और फ्लैगशिप इवेंट्स पोर्टफोलियो के लिए *आविष्कार, द बिजनेस प्लान* की रचना की गई। 'गरीबों के लिए स्थायी आजीविका देना' के बारे में एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया, जिसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

पूर्वछात्र सहभागिता कक्ष

पूर्वछात्र सहभागिता कक्ष का मुख्य लक्ष्य पूर्वछात्रों और छात्रों के बीच दीर्घकालीन एवं अच्छे संबंध बनाना है और छात्रों के बीच नेतृत्व विकास में सहायता करने के लिए पूर्वछात्रों को सक्षम बनाये रखना भी है।

सिंक्रोनी

सिंक्रोनी पूर्वछात्र कक्ष के सहयोग से आयोजित एक वार्षिक मिलन है जो विश्वभर के विभिन्न क्षेत्रों के सम्मानित पूर्वछात्रों, और आईआईएमए के वर्तमान एवं भावि छात्रों को एक साथ लाता है। सिंक्रोनी 2011 का आयोजन दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, बैंगलुरू, हैदराबाद, न्यू योर्क, हाँगकाँग, दुबई, और लंदन सहित 10 शहरों में किया गया। इस इवैंट में कई कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी तथा नेटवर्क के लिए एक शानदार अवसर प्रदान किया और दिग्गजों के साथ अच्छे अनौपचारिक संबंध स्थापित किये।

पुनर्मिलन समारोह

हर वर्ष पूर्वछात्र प्रकोष्ठ, पूर्वछात्रों को अपनी मातृसंस्था में वापस लाने के प्रयास में पुनर्मिलन समारोह की मेजबानी करता है। इस वर्ष, यह पुनर्मिलन समारोह वर्ष 1987, 1996 और 2001 बैचों के लिए आयोजित किया गया था। पुनर्मिलन समारोह नें पूर्वछात्रों एवं उनके परिवारों को अपने बैच के साथियों से मिलने, अपने अनुभवों को बाँटने, एक दूसरे के साथ नेटवर्क बनाने, और संस्थान के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। प्रसन्न चेहरों और उत्साहित अभिव्यक्ति से समग्र परिसर में उत्साह की विशेष भावना फैल गई। पूर्वछात्रों के साथ बातचीत करने से वर्तमान छात्र काफी खुश एवं बहुत उत्साहित महसूस कर रहे थे। इसके अलावा, पूर्वछात्र प्रकोष्ठ ने स्वर्ण जयंती समारोह में एक सक्रिय भूमिका निभाई।

अतिथि व्याख्यान श्रृंखला

इस वर्ष, पूर्वछात्र प्रकोष्ठ ने हमारे आदरणीय पूर्वछात्रों द्वारा अतिथि व्याख्यानों की श्रृंखला का आयोजन करने की एक नयी पहल शुरू की। इस पहल ने वर्तमान छात्रों को विभिन्न उद्योगों के प्रारंभिक ज्ञान और उद्योग जगत के दिग्गजों की तरफ से कैरियर के रास्ते तय करने का बड़ा अवसर प्रदान किया। अतिथि व्याख्यान श्रृंखला के लिए यहाँ आने वाले पूर्वछात्रों में श्री विक्रम संपत, श्री विनय दीक्षित, श्री अमित कुमार और श्री राजा विश्वेश्वरन थे।

पूर्वछात्र पत्रिका

पूर्वछात्र प्रकोष्ठ वर्ष में तीन बार पूर्वछात्रों की पत्रिका प्रकाशित करने में भी मदद करता है, जिसमें पूर्वछात्रों और संस्थान से संबंधित समाचार, घटनाएँ, कैरियर संबंधी गतिविधियाँ और संबंधित रिपोर्ट्स एवं उद्योग जगत के व्यवसायियों द्वारा लिखे गये विशिष्ट लेखों का प्रकाशन किया जाता है। यह पत्रिका संस्थान और पूर्वछात्रों के बीच एक सतत कड़ी के रूप में कार्य करती है।

बीटा

बीटा, वित्त एवं निवेश क्लब है। वह वित्तीय क्षितिज के दूर तक जाने वाली गतिविधियों के लिए विविध पोर्टफोलियो का आयोजन करता है। राष्ट्रीय स्तर की वित्तीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, वित्त में कैरियर के लिए छात्रों को तैयार करना, और अपने प्रकाशनों से 20 देशों के 120 संस्थानों में अपने पाठकों की बड़ी संख्या के साथ, इस क्लब ने काफी वर्षों से, वित्तीय उद्योग जगत में प्रतिष्ठा प्राप्त की है।

बीटा टीम पूरे कैलेंडर वर्ष में फैले सभी इवैंट्स के आयोजनों में सक्रिय रूप से शामिल रही। *एक्सचैकर* (राजकोष) देश का पहला ऐसा वित्त इवैंट बना रहा जिसमें देश के शीर्ष 25 बी-स्कूलों ने भाग लिया, और गुणात्मक और मात्रात्मक कौशलों के कई आयामों पर छात्रों का परीक्षण किया गया। ये इवैंट्स विविध विषयों में कटौती, निजी इक्विटी, निवेश बैंकिंग, बाजार और खुदरा बैंकिंग पर थे। एक्सिस बैंक के वर्तमान अध्यक्ष श्री नीलेश शाह एवं पूर्व म्युचुअल फंड मैनेजर, जिन्होंने 70,000 करोड़ रु. से अधिक की सम्पत्ति का प्रबंध किया है, उनकी एक वार्ता के साथ *एक्सचैकर* का समापन हुआ।

फिनोमिना नाम से एक सप्ताह तक चलने वाला वित्त उत्सव, वक्ता श्रृंखला और प्रतियोगिताओं के माध्यम से आयोजित किया जाता है, यह प्रथम वर्ष के छात्रों को वित्त जगत् में एक परिचायात्मक मंच प्रदान करने, उनकी समझ के किसी अंतराल को पाटने, साथ ही साथ इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में जागरुकता बढ़ाने का कार्य करता है। ब्लूमबर्ग के साथ भागीदारी में इस क्लब ने एक आकलन परीक्षण (बीएटी) का आयोजन किया था, जिससे वैश्विक रूप से अपने साथियों के साथ अपने वित्तीय ज्ञान को बेंचमार्क करने में छात्रों को मदद मिली।

इस क्लब ने आईआईएम अहमदाबाद के *मनी मैनेजर* के संस्करण को *दी एफिसियन्ट फ्रन्टियर* (टीईएफ़) नाम से पुनः ब्रांड बनाने का जागरूक निर्णय लिया। टीईएफ़ में दुनिया के सबसे बड़े हेज फंडों और वित्तीय संस्थानों के कुछ सीईओ और सीएफओ के साक्षात्कारों एवं विचारों के भाग प्रकाशित किये गये हैं। उद्योग जगत् के अग्रणियों जैसे कि, के.वी. कामथ, रोबर्ट कियेर्नन, डॉ. सुबीर गोकर्ण, ब्रूस रिचड्र्स, एड्री गुहा, और अन्य कई लोगों ने बाजार में उथलपुथल के समय पर अधिक प्रतिफल प्राप्त करने पर विचार विमर्श किये। इस अंक में शीर्ष बी-स्कूलों के छात्रों से प्राप्त तथा मूल्यांकन की कठोर प्रक्रिया से चुने हुए चयनित लेखों को भी प्रकाशित किया गया।

इस वर्ष, क्लब ने बजट पैनल चर्चा पर एक नया इवैंट *व्यू प्वाइंट* शुरू किया। व्यू प्वाइंट में जाने माने स्तम्भ लेखकों, पूर्व-नियामकों, और साहित्यकारों सहित सम्मानित वक्ताओं का एक पैनल शामिल था। इस विचार विमर्श में वित्तीय बजट और एक विश्लेषणात्मक सारांश जो शायद ही कभी कहीं वर्तमान पत्रों में देखा हो, उसका एक भेदक दृश्य ऊभर आया।

बाजार और आईबीडी तैयारी के लिए इस क्लब की एक विस्तृत हैंडबुक *बीटा प्राइमर* का छात्रों में अच्छा स्वागत हुआ, क्योंकि इस हैंडबुक में ग्रीष्म और अंतिम नियुक्तियों की दिशा में उनकी तैयारियों के लिए एक प्रभावी साधन उपलब्ध है। इस क्लब के द्वारा *बीटा टाइम्स* पूंजी बाजार और विलय तथा अधिग्रहण के बारे में टीम के विचारों को फैलाने और वित्तीय उद्योग में नवीनतम घटनाओं के साथ पाठकों को अद्यतन करते हुए *बीटा डेली* और *बीटा वर्ड ऑफ द डे* पत्रिका का प्रकाशन किया। इन प्रकाशनों के लिए पाठकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इस तेज़ वृद्धि के कारणों में से एक कारण है क्लब की वेबसाइट, जिसमें अधिक कार्यक्षमता शामिल है।

सीसीसी

कम्प्यूटर केंद्र समिति अथवा सीसीसी के रूप से परिसर में हर जगह जाना जाता है, यह ऐसा छात्र क्लब है जो परिसर में छात्रों की आई टी की बुनियादी जरूरतों को संभालता है और संस्थान के प्रशासन में छात्रों के प्रतिनिधि के रूप में कार्यकारी बनते हुए छात्रों के आई टी संबंधित मुद्दों को संबोधित करता है।

सीसीसी, अपने लैपटोप थोक सौदे और फच्चा अंतर्क्रिया समूह से, आने वाले नये बैच के छात्रों के साथ बातचीत करने का अनूठा विशेषाधिकार प्राप्त करता है। परिसर में छात्रों के रोजमर्रा जीवन को सीसीसी छूता है इसलिए इसके संबंध काफी मजबूत बने रहते हैं, फिर चाहे लैन व वाई-फाई नेटवर्क के माध्यम से हों, प्रिन्टर, संस्थान का मेल-बॉक्स अथवा डीबैब हों। सीसीसी जो काम करता है, वह काफी कम क्लब कर सकते हैं – परिसर में प्रत्येक छात्र तक पहुँचने की क्षमता और उनको एक तरीके से या अन्य तरीके से मदद करना।

हाल ही के वर्षों में उल्लेखनीय सौदे हुए हैं जिनमें मोबाइल फोन कनैक्शन के लिए बाहरी एचडीडी, लैपटोप माउस, पेन ड्राइव, डाटा काड्र्स और सीयूजी इत्यादि थे। हालाँकि परिसर में अब तक का सबसे महत्त्वपूर्ण और सबसे बड़ा सौदा लैपटोप सौदा है। पिछले वर्ष, इस सौदे से अखिल-आईआईएम की स्थिति प्राप्त करते हुए, आँकड़ों की (पोर्टर के पाँच-बल मॉडल का सीधा अनुप्रयोग करते हुए) प्रभावी ढंग से लेन-देन की सौदेबाजी देखने को मिली थी। सीसीसी ने बड़ी रियायती दर पर एक बेहद टिकाऊ

थिंकपैड्स की खरीद की। यह भी उल्लेखनीय रहा कि सीसीसी की सफल वार्ता से आईआईएमए में पहली बार लैपटोप की डिलिवरी सुनिश्चित हुई।

पिछले वर्ष पुराने डीबैब से नये डीबैब का परिवर्तन भी देखा गया, जो समग्र आईआईएम-अहमदाबाद समुदाय के लिए एक सामाजिक मंच बना रहा, फिर चाहे वे छात्र हों, टी.ए. हों, संकाय, कर्मचारी या पूर्वछात्र हों, सभी ने एक साथ मिलकर वार्ता की। स्वदेशी रूप से स्क्रैप करके विकसित किया हुआ नया डीबैब प्रदर्शित करने में सीसीसी गर्व का अनुभव कर सकता है क्योंकि आईआईएमए के छात्रों की टैकनोलोजी की क्षमता और एक सफल प्रयास ही विमवियान्स की जनरेशन को एकसाथ लेकर आये हैं।

कैओस

कैओस, दुनियाभर के सर्वोत्तम व्यावसायिक-स्कूलों से आईआईएम-अहमदाबाद में आने वाले प्रतिभागियों के साथ आयोजित होने वाला बड़ा सांस्कृतिक महोत्सव है। कैओस 2012 ने चार दिनों में 40 से अधिक इवैंट्स के साथ जबरदस्त हडकम्प मचा दिया। इसमें विभिन्न प्रतिभाओं, संगीत एवं कौशलों का भरपूर मिश्रण प्रमुख एवं प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा प्रदर्शित किया गया, इनमें अंबी सुब्रमणियम, अमान व अयान अली खान इत्यादि स्टार नाइट्स में आये थे, जबकि रॉक नाइट में अश्वमेध, इन्नर सैंक्टम, और हायर ओन मेडेन जैसे बैंड़ की मेजबानी की गई।

कैओस महोत्सव में श्रीमान् एवं श्रीमती कैओस, ललित कला और फोटो प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिता से लेकर कोरियो एवं फैश पी का व्यापक दृष्टिकोण था जिसमें से रचनात्मकता, काल्पनिकता और प्रतिभा निकल रही थी।

विभिन्न क्षेत्रों में रुचि का स्तर परखने के लिए प्रश्नोत्तरी एवं साहित्यिक इवैंट्स का आयोजन किया गया। ब्लिज़र्ड्स ऑफ़ रॉक सा कॉलेज बैंड का प्रदर्शन चौकाने वाला रहा। जबकि फोटोग्राफी कार्यशाला में तस्वीरों के माध्यम से कहानी बताने की कला की अभिव्यक्ति हुई, तथा नैतिक हैकिंग कार्यशाला में उत्साही प्रतिभागियों ने भाग लिया। कैलिग्राफी और वैक्स मॉडलिंग कार्यशालाओं में मुक्त रचनात्मकता देखने को मिली तथा प्रतिभा उजागर हुई, और नृत्य कार्यशालाओं ने तो चक्करों एवं घुमावों के साथ छात्रों को मोहित कर दिया।

शंकर, एहसान, और लॉय लुई काह्न प्लाज़ा में आखिरी नाइट शो में आये थे तब तो छात्रों के झूमने के साथ चक्का जाम हो गया था और तालबद्ध पल्स द्वारा दिये प्रदर्शन को भी बेहद सराहना मिली थी।

कॉन्फ्लुअन्स

इस वर्ष एशिया-पेसिफिक क्षेत्र में अपनी तरह के सबसे बड़े इवैंट कॉन्फ्लुअन्स में 32 से अधिक अंतरराष्ट्रीय बी-स्कूलों सहित 150 से अधिक भारतीय बी-स्कूलों, व्यापारिक घरानों के व्यवसाय अग्रणियों, कार्यपालकों से लेकर प्रबंधकों तक, संकायों से लेकर छात्रों तक ने भाग लिया। कॉन्फ्लुअन्स में, व्यापार योजना के इवैंटस, केस अध्ययन एवं वित्त प्रतियोगिताओं के अलावा, विपणन, संचालन, तथा सामान्य प्रबंधन क्षेत्रों में पैनल चर्चा एवं वक्ता सत्रों के लिए विभिन्न चर्चा मंच आयोजित किये गये। इस शिखर सम्मेलन की अवधि में कॉन्फ्लुअन्स में 5000 से अधिक प्रतिभागियों (प्राथमिक दौरे में प्रतिभागियों के सहित) ने भाग लिया। यह वर्ष संस्थान का पचासवाँ वर्ष था, इसलिए कॉन्फ्लुअन्स का आयोजन प्रतिष्ठित पूर्वछात्रों, कोरपोरेट जगत्, संकायों, और छात्रों के समर्थन से भव्य पैमाने पर किया गया।

इस वर्ष के विषय – *"परिवर्तन को बढ़ावा देना, उत्कृष्टता में अव्वल रहो"* आधुनिक भारत की अवधारणा पर थे। यह विषय उस परिवर्तन के लिए था जो हमें हमारे आसपास देखने को मिलता है, साथ ही साथ हम कैसे उस परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए खुद को करते हैं। यह विषय परिवर्तन के परिवेश, उत्कृष्टता की भावना, मौलिकता, जिसे सब देखते हैं उसके माहौल के बारे में भी था।

इन इवैंट्स को वित्त, विपणन, सामान्य प्रबंधन एवं रणनीति क्षेत्रों में अधिक स्पष्टता लाने एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए विभाजित किया गया था। *क्रोनोस* जो कि कृषि व्यवसाय क्षेत्र को ध्यान में रखकर बनाया गया है उसे कॉन्फ्लुअन्स में अलग से दर्शाया गया था। विभिन्न प्रकार के इवैंट्स – केस अध्ययन, प्रश्नोत्तरी, अनुकरण खेल, तुरंत प्रतियोगिता इत्यादि के अलावा विपणन, परामर्शन, वित्त, संचालन, एवं सामान्य प्रबंधन में चुनौतिपूर्ण एवं उत्साहित प्रतिभागी आये, जबकि उसी समय इन प्रतिभागियों को अपनी विशेषज्ञता दर्शाने का मंच प्रदान किया गया। लगभग 20 लाख रुपयों की पुरस्कार राशि, दूसरा बड़ा आकर्षण रहा।

इस वर्ष, कॉन्फ्लुअन्स ने दुनियाभर के सभी सर्वाधिक प्रेरणात्मक लोगों को अपने यहाँ बुलाने की अपनी विरासत बनाये रखी। वक्ताओं में प्रतिष्ठित कम्पनियों के प्रबंध निदेशकों एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ राकेश शर्मा और जे.एम. लिंगदोह जैसी हस्तियाँ शामिल थी।

परामर्श (कन्सल्ट) क्लब

प्रबंध परामर्शन के व्यवसाय में उत्कृष्टता का रखने वाले छात्रों के लिए परामर्श क्लब एक संगठन है। यह क्लब व्यवसाय की समझ विकसित करने एवं बढ़ाने हेतु तैयार गतिविधियों के माध्यम से छात्रों, संकायों, पूर्वछात्रों और व्यवसायियों के बीच बातचीत के लिए अवसर प्रदान करता है।

इस क्लब ने क्षेत्र आधारित केस अध्ययनों के बारे में क्लब के प्रमुख इवैंट - सेक्टोरामा 2011 का अत्यंत सफल आयोजन किया। इसमें 80 बी-स्कूलों की 2000 से अधिक टीमों ने भाग लिया, जिसमें फार्मास्यूटिकल्स एवं स्वास्थ्य देखभाल, खुदरा बिक्री, टैकनोलॉजी, मीडिया एवं टैलिकोम, ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाएँ, और ऊर्जा जैसे क्षेत्र शामिल थे।

इस क्लब के साथ प्रोक्टर एंड गैम्बल ने ग्राहक एवं बाजार ज्ञान (सीएमके) के बारे में अपने रणनीति अनुकार खेल का आयोजन करने में सहयोग किया। पिछले वर्ष में यह इवैंट दो बार आयोजित किया गया था – पीजीपी-1 छात्रों के लिए अक्टूबर में और पीजीपी-2 छात्रों के लिए फरवरी में। प्रत्येक इवैंट में 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

इस क्लब ने आईआईएम-बैंगलुरू और आईआईएम-कोलकाता के परामर्श क्लबों के सहयोग में *आउदिरे* नाम की पत्रिका का प्रकाशन किया। इस वर्ष की *आउदिरे* पत्रिका ने के.वी. कामथ (अध्यक्ष –इनफोसिस लिमिटेड एवं गैर-कार्यकारी अध्यक्ष - आईसीआईसीआई बैंक) और संजीव बिखचंदानी (संस्थापक एवं सी ई ओ – नौकरी डॉट कॉम) जैसे प्रमुख व्यक्तियों के साक्षात्कार को प्रकाशित करके अपने मानक बढ़ा दिये। इस पत्रिका में आईआईएम के तीन छात्रों के भी लेखों को प्रकाशित किया गया। इस क्लब ने एक मासिक समाचार पत्र *पैनोरामा* का भी प्रकाशन किया। समाचार पत्र के प्रत्येक संस्करण के विस्तार में एक विशेष क्षेत्र के मुख्य वाहकों, ऊभरती प्रवृत्तियों, प्रमुख खिलाड़ियों, और विनियामकों एवं नीतियों में परिवर्तन के प्रभाव का विश्लेषण समाहित करते हुए विस्तृत क्षेत्र को शामिल किया गया। इस समाचार पत्र में प्रासंगिक क्षेत्र के बारे में महत्त्वपूर्ण समाचार अद्यतन को भी समाहित किया गया। इसका अपना स्वयं का ब्लॉग भी है, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र में प्रबंधन से लेकर बॉलीवुड़ व्यवसाय के विषयों को लेकर लिखे गये लेखों को शामिल किया गया।

इस क्लब ने आईआईएमए केस बुक के अद्यतन संस्करण प्रकाशन किया है जिसमें परामर्श कम्पनियों द्वारा ग्रीष्मकालीन और अंतिम नियुक्ति के दौरान आयोजित केस साक्षात्कारों के लेख हैं जो छात्रों को अपनी परामर्शन नियुक्तियों के लिए बेहतर तैयारी करने में मददगार हैं।

कल्टकॉम

कल्टकॉम ही ऐसा क्लब है जो समय समय पर, परिसर में एक गूँज बनाये रखता है, जो काफी माइने रखता है, फिर चाहे वह नये वर्ष की पार्टी हो, वैलेन्टाइन डे हो, वेलकम पार्टी (नये छात्रों का स्वागत मिलन) हो अथवा कई समारोह हों। पिछले वर्ष छात्रों ने परिसर में होली, दिवाली, जन्माष्टमी, लोहड़ी, क्रिसमस और गणेश चतुर्थी जैसे त्यौहारों के समारोह, ऐसे कार्यों के लिए सक्रिय रहने वाले *कल्टकॉम* क्लब की शक्ति के साथ मनाये थे। अन्य उत्कृष्ट बाहरी समारोह भी थे, जिसमें परिसर पर चित्रित *शामियाना* नाम की एक लघुफिल्म प्रदर्शित की गई। परिसर में *स्पिकमेकेय* संगीत समारोह और गरबा कार्यक्रम भी हुआ, जिनमें परिसर के बाहर के प्रतिभागियों ने भी भाग लिया और आईआईएम-अहमदाबाद समुदाय के साथ मिलकर आनंद उठाया। एक काफी सुआयोजित टी-नाइट समारोह में, कई पीजीपी-1 के छात्र इकट्ठा हुए और अपने सांस्कृतिक कौशलों का प्रदर्शन किया और इस तरह से अनुभागों के संबंध लगातार बढ़ते रहे। इवैंट्स में एक व्यापक विविधता भी थी, जिससे छात्रों को अपने रचनात्मक पक्ष का पोषण करने एवं अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने में मदद मिली। *कल्टकॉम* ने जन्माष्टमी के दौरान अंतर-छात्रालय मटकी फोड़ प्रतियोगिता और दिवाली के दौरान रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन करके छात्रावास समुदाय का भी उपयोग किया है।

एंत्रे

एंत्रे, का लक्ष्य उद्यमशीलता क्लब के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए की विभिन्न गतिविधियों एवं इवैंटस का आयोजन करना है जो छात्रों के बीच उद्यमशीलता की भावना को प्रकट करने एवं उनकी प्रशंसा करने की दिशा में मनाये जाते हैं।

अपनी तरह का एक एंत्रे स्टोर इस क्लब के मुख्य यूएसपी में से एक है। इस स्टोर के माध्यम से, सौदे की एक किस्म को छात्रों, संकायों, और समुदाय के अन्य सदस्यों के समक्ष उपलब्ध कराया जाता है। सम्पूर्ण रूप से अपने ही बलबूते पर इस स्टोर को चलाना, और अपने कार्यों की सभी बारिकियों का खयाल रखना आदि के द्वारा इस क्लब के सदस्यों को उद्यमी अनुभव को अपने हाथों प्राप्त करने का अद्वितीय अवसर

दिया जाता है। एंत्रे, परिसर में शुरूआती और उद्यमी कम्पनियों को आमंत्रित करके एंत्रे मेला आयोजित करने के लिए भी काफी प्रसिद्ध है। यह मेला केवल आईआईएमए छात्रों के लिए ही नहीं, अपितु अन्य बिजनेस स्कूलों के छात्रों के लिए भी इन उद्यमी उपक्रमों के बारे में ज्यादा जानकारी एवं बातचीत के लिए एक मंच प्रदान करता है और उनके साथ काम करने की सुविधा उपलब्ध कराता है। *एंत्रे* ने *आइडिया फेस्ट* की पहल भी शुरू की है जो कि एक दो दिवसीय इवैंट है जिसमें प्रसिद्ध व्यक्ति परिसर में आते हैं और नवाचार एवं उद्यमशीलता के बारे में सत्रों में व्याख्यान देते हैं।

साम्यावस्था (इक्विपॉइज़)

इक्विपॉइज़ ने अपनी वार्षिक गतिविधि "*क्विज़-मास्टर्स*" के साथ शुरूआत की, जिसने पिछले वर्ष में काफी लोकप्रियता हासिल की थी। वास्तव में यह इवैंट प्रश्नोत्तरी के दौरान गूँज उत्पन्न करने एवं उत्तेजना पैदा करने के लिए है। इस क्लब ने सामान्य क्षेत्रिय अर्थशास्त्रियों के अलावा, वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं यश बैंक के परिसर भर्ती के प्रमुख की मेजबानी की थी, जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति और उसके वैश्विक संबंधों के प्रभाव के बारे में एक दृष्टिकोण उपलब्ध कराया।

कॉन्फ्लुअन्स के एक भाग के रूप में इस क्लब ने बजट, नीति निर्माण गतिविधि एवं तेल व्यापार के दिग्गजों का अनुकरण सहित इवैंट्स का आयोजन किया जिनमें देशभर से आये लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, "*इको*" के नियमित प्रकाशन में टीम के विचारों और कई आर्थिक मुद्दों व इवैंट्स के बारे में लेखों का प्रकाशन जारी है। ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के साक्षात्कार से पहले कैलिडोस्कोप को परिचालित किया गया, जो कि वर्तमान आर्थिक मामलों का एक उत्कृष्ट क्षेत्रीय दौर था। एक नयी पहल "*इको-कोन्सेप्ट्स*" को भी साप्ताहिक आधार पर वितरित किया गया। इन लेखों ने इस बैच को कई महत्त्वपूर्ण आर्थिक अवधारणाओं के बारे में जानकारी प्रदान की, जो साक्षात्कार के लिए आवश्यक होती हैं।

विनिमय परिषद्

छात्र विनिमय कार्यक्रम, छात्रों को दुनिया भर की विभिन्न संस्कृतियों एवं व्यवसाय पद्धतियों को उजागर करने का अवसर प्रदान करता है। दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में से एक ज्वलंत सेट का चयन कर, उसे शामिल करने के उपरांत, संस्थान ने एसेक-फ्रान्स, बोकोनी युनिवर्सिटी-इटली और एचईसी-फ्रान्स के साथ एक दोहरी उपाधि कार्यक्रम के समर्थन का भी समझौता किया है। विदेश जा रहे छात्रों को उनके संबंधित महाविद्यालय में ठहरने, बडे सौदे के द्वारिविदेशी मुद्रा की उपलब्धता सुनिश्चित करना इस परिषद् के कार्य हैं। अन्य कार्यों में यात्रा की सुविधा के लिए यूरो रेल पास, आवास की सुविधा के लिए यूथ होस्टल काड्र्स एवं विद्यार्थी कार्ड शामिल हैं। इस वर्ष, इस परिषद् ने नयी पहल *एक्सचेन्ज फेयर* की भी शुरूआत की, जहाँ परिसर में विनिमय छात्र प्रथम वर्ष के छात्रों के समक्ष अपने विश्वविद्यालय के बारे में प्रस्तुतियाँ देते हैं।

संकाय छात्र सहभागिता

संकाय छात्र सहभागिता (एफएसआई) प्रकोष्ठ संकाय सदस्यों एवं छात्रों के बीच अनौपचारिक संबंधों एवं बातचीत को बढ़ावा देता है। यह प्रकोष्ठ नियमित रूप से शिक्षक-छात्र रात्रिभोज, क्रिकेट मैच, प्रकृति में टहलना, और सामान्य विषयों पर विचार विमर्श जैसे इवैंट्स का आयोजन करता है जिससे प्रोफसरों और छात्रों के बीच की सीमारेखा को धुंधला किया जा सके और सोच तथा विचारों का एक परस्पर विनिमय हो सके। पिछले वर्ष आयोजित इवैंट्स में से कुछ शामिल हैं :

- **प्रोफेसर के साथ कॉफी** : यह कार्यक्रम छात्रों को संकाय के साथ शांति से बातचीत करने का अवसर प्रदान करता है जहाँ आप उनसे कुछ भी और सबकुछ एक छत के नीचे पूछ सकते हैं, चाहे वह शिक्षाविदों, वन्य जीवन, खेलकूद अथवा साहस के बारे में हों।
- **शिक्षक दिवस समारोह** : 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया गया। छात्रों ने अपने दुलारे प्रोफेसरों

के लिए अद्भुत इवेंट्स की बाद एक श्रृंखला रखी थी। हमने देखा कि प्रोफेसरों ने छात्रों के साथ अपने पढ़ाने के अनुभवों और अपने छात्र जीवन के अनुभवों को भी साझा किया। शिक्षक दिवस समारोह का मुख्य आकर्षण, अनुकूलित स्मृति चिन्हों और छात्रों के संदेशों वाले ग्रीटिंग कार्डों से प्रोफेसरों को पहचानना एवं सम्मान करना था।

- **क्रिकेट मैच** : इस क्लब ने संकाय-छात्रों के क्रिकेट मैचों का आयोजन किया – इन खेलों का दोनों ने ही पूरी तरह से आनंद उठाया। प्रोफेसरों के साथ अनेक तरीकों से बातचीत हुई, जैसे कि औपचारिक, अनौपचारिक, वर्ग में, वर्ग से बाहर, सामाजिक, शैक्षणिक, आकस्मिक, योजनाकृत, इत्यादि लेकिन जो इन क्रिकेट मैचों ने हासिल किया,वह शायद ही किसी खेल के रूप में देखने को मिलता है
- **गुरु-शिष्य कार्यक्रम** : संकाय सदस्य छात्रों के लिए एक गुरू के रूप में होने के कारण वे छात्रों को गुरुओं के साथ संबंध बनाने और उनकी रुचि के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए अवसर प्रदान करते हैं। नये बैच के संस्थान में आने के पहले दो सप्ताह के अन्दर ही गुरु नियत हो जाते हैं।संकाय सदस्यों को भी उनकी रुचि एवं उपलब्धता के बारे में पूछा गया है। यह क्लब गुरूओं और शिष्यों के बीच के अधिकतम हितों का अधिव्यापन करने की कोशिश करता है।
- **संकाय सदस्यों के जन्मदिन समारोह** : यह क्लब संकाय सदस्यों के जन्मदिन समारोहों का आयोजन करता है, जिसके अंतर्गत भोजनालय, वर्गखंड, कार्यालय अथवा संकायों के घरों पर केक काटने की रसम की जाती है।

उद्योग सहभागिता मंच

उद्योग सहभागिता मंच (एफआई आई) छात्र परामर्शन निकाय है। एफ आई आई का मूल लक्ष्य, विभिन्न क्षेत्रों में स्वदेशी तथा अंतरराष्ट्रीय कॉर्पोरेट कम्पनियों, प्रारम्भिक उपक्रमों, व गैर-लाभकारी संगठनों को नवीन एवं व्यावहारिक समाधान प्रदान करने के लिए छात्रों और उद्योग के बीच एक सफल भागदारी बनाना है।

पिछले वर्ष कई नये मानक स्थापित हुए थे। एफ़आईआई की कोर टीम वर्ष 2010-11 पूरा होने तक परियोजनाओं की संख्या 112 प्रतिशत तक बढ़ाने में सफल रही। एफ़आईआई का वार्षिक राजस्व पिछले वर्ष से 67.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए 10,00,000 रु. तक पहुँच गया। लगभग सभी टीमों को ग्राहकों द्वारा 'औसत से ऊपर' का दर्ज़ा दिया गया था। वर्ष 2011-12 में प्रारंभिक उपक्रमों से लेकर प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय कम्पनियों तक के ग्राहक थे। 2011-12 में एफ़आईआई के प्रमुख ग्राहकों में कुछ बड़े नाम शामिल थे, जैसे कि, आरबीएस, पीडबल्यूसी, एमेज़न, जीई, डीएलएफ़ इत्यादि।

दुनियाभर में कई शहरों में आईआईएमए पूर्वछात्र बैठक *सिंक्रोनी* के दौरान एफ़आईआई की औपचारिक प्रस्तुतियाँ की गई थी। मानकीकृत पराकाष्ठा एवं ग्राहक प्रस्तुति सांचों को लागू किया गया। एक एफ़आईआई नीति दस्तावेज़ तैयार किया गया, जिसमें परियोजना टीम की संरचना से संबंधित दिशा-निर्देश, विभिन्न हितधारकों की भूमिकाएँ, इत्यादि पर एफ़आईआई की विभिन्न विस्तृत नीतियाँ शामिल थी।

दिसम्बर में एक अंतिम पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया, जिसमें एफ़आईआई के विभिन्न हितधारकों – ग्राहकों, परियोजना टीमों, संकाय परामर्शकों , पीजीपीएक्स एवं एफ़पीएम गुरूओं – को आमंत्रित किया गया और पुरस्कार की राशि के रूप में लगभग 7,00,000 रु. बाँटे गये।

कौशल (फिनेस)

कौशल (फिनेस), ललित कला क्लब का लक्ष्य आईआईएमए समुदाय में ललित कला को बढ़ावा देना और मुक्त विचार-वहन से प्रेरित भविष्य के प्रबंधकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को प्रेरित करना है। यह क्लब न केवल ललित कला के नये रूपों को सीखने के अवसर देता है अपितु परिसर में आयोजित होने वाली प्रदर्शनियों में भी उनके काम को प्रदर्शित करने का अवसर देता है। पिछले वर्ष, फिनेस ने वर्षभर

विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया, जैसे कि, चित्रकला प्रदर्शनी, लकड़ी के कोयले एवं सूखी रंग-पेन्सिल की कार्यशाला, और चित्रकला प्रतियोगिता।

फुटलूज़

डान्स क्लब *फुटलूज़* एक मस्तीभरा उत्साही समूह है जिनके लिए नृत्य उनके जीवन का एक अविभाज्य अंग है। यह क्लब पूरे वर्ष स्वतंत्रता दिवस से लेकर शिक्षक दिवस तक के समारोह तथा रंगभरी डान्स नाइट्स तक के विभिन्न इवैंट्स में शामिल होता है। इस क्लब को इस वर्ष, स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान विशिष्ट पूर्व छात्रों सहित, बहुत अधिक एवं प्रतिष्ठित दर्शकों के सामने प्रदर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह इवैंट एक शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन के साथ शुरू हुआ और उसके बाद हिप-होप, लोकनृत्य, और कंटेंप्ररी नृत्य शैली जैसे कुछ भव्य नृत्य प्रदर्शन हुए। इस वर्ष फ़ूटलूज़ द्वारा विभिन्न प्रकार की नृत्य शैलियों, जैसे कि, सालसा, बॉलीवुड़ एवं टैंगो पर नृत्य कार्यशालाएँ भी आयोजित की गई।

जेनेसिस

आईआईएम-ए के प्रणाली क्लब *जेनेसिस* का लक्ष्य प्रौद्योगिकी के ऊभरते रुझान को प्रकट करना है। *जेनेसिस* प्रौद्योगिकी के विभिन्न कैरियर विकल्पों से भविष्य के प्रबंधकों और उद्योगों के बीच एक संचार मंच के रूप में प्रतिभागियों को परिचित कराता है : आईटी परामर्शन से प्रौद्योगिकी विपणन, परियोजना प्रबंधन और व्यवसाय विकास तक।

वर्ष 2011 में आयोजित मुख्य इवैंट – कॉन्फ्लुअन्स 2011 के हिस्से के रूप में सीआईओ गोलमेज सम्मेलन था जो कि आज तक का पहला गोलमेज सम्मेलन था। प्रतिष्ठित वक्ताओं में श्री सुमित चौधरी (आईबीएम के उपप्रमुख एवं भागीदार), श्री प्रकाश शुक्ल (ताज होटेल्स के वरिष्ठ उपप्रमुख एवं सीआईओ), श्री जगदीश बेलवाल (टाटा मोटर्स के सीआईओ), डॉ. वी. सुब्रमणियम (निदेशक, आईटी एवं सीआईओ, ओटिस इंडिया), श्री गुरुराज राव (महिन्द्रा एंड महिन्द्रा वित्तीय सेवा समूह के सीआईओ), और श्री प्रसून दत्त (रिलायन्स एनर्जी लिमिटेड के वरिष्ठ ईवीपी) शामिल थे। *जेनेसिस* ने प्रबंधकीय कम्प्यूटिंग में पीजीपी छात्रों के लिए रैम्स का भी आयोजन किया और आईटी में कैरियर के विभिन्न अवसरों के बारे में पीजीपी छात्रों की जागरूकता बढ़ाने के लिए पीजीपीएक्स छात्रों के साथ बातचीत के सत्रों का आयोजन किया। एक मार्गदर्शन कार्यक्रम भी आयोजन किया गया, जिसमें अपनी इंटर्नशिप के दौरान आईटी संबंधित पदों में दिलचस्पी रखने वाले पीजीपी छात्रों के लिए बुद्धिमान निर्णय लेने में मदद हेतु एक पीजीपीएक्स गुरू नियत किया गया।

स्वर्ण जयंती समिति

छात्रों की *स्वर्ण जयंती समारोह समिति* ने जॉय ऑफ़ गिविंग सप्ताह (2 से 8 अक्टूबर, 2011) के दौरान विभिन्न इवैंट्स का आयोजन किया, जिसने अलग अलग लोगों को समाज को देने और देने की खुशी को महसूस करने के लिए एक मंच प्रदान किया। एक राष्ट्रीय स्तर के चैरिटी इवैंट *सीईओ-की-छाँव* के लिए बोली लगाने में, जबर्दस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली, इसमें छात्र अपनी पसंद के सीईओ के साथ एक दिन बिताने के लिए निश्चित धनराशि व्यय करने के लिए बोली लगा सकते हैं। इस सप्ताह का मुख्य आकर्षण - "*आईआईएम अहमदाबाद में एक दिन*" *था,* जिसमें परिसर से बाहर के लोगों को संस्थान में एक दिन व्यतीत करने और प्रथम वर्ष के छात्रों के जीवन को अनुभव करने का मौका मिला। यह 50 सीटों की नीलामी से शुरू होकर लॉटरी प्रणाली द्वारा आमंत्रण में परिवर्तित हो गया, जबकि बोलियाँ आसमान छू रही थी और ऐसा लग रहा था कि कई लोग स्थान पर बोलियों का मेल करने में असक्षम रहेंगे और उन्हें इसका हिस्सा बनने का उचित मौका मिल जायेगा। प्रतिभागियों को प्रयास के लिए किये जा रहे सभी संग्रहों के लिए स्वैच्छिक रूप से दान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उपयोग किये हुए तथा अवांछित कपड़ों का संग्रहण करके, जरूरतमंदों की सुविधा के लिए उनमें वितरित करने का एक अभियान चलाया गया।

संस्थान के 50 वर्ष की स्थापना के क्रम में, पुराने एवं नये परिसर को परस्पर जोड़ने के लिए *अपनी तरह के* एक सुविधाजनक भूमिगत उपमार्ग की स्थापना की गई। इसके अधिष्ठापन में दो प्रोजेक्टरों की सिली हुई छवि का उपयोग किया गया है और यह माइक्रोसॉफ्ट काइनेक्ट 360 सेन्सर द्वारा पूर्वछात्रों की पिछले 50 वर्षों की पुरानी यादों को पुनःजीवित करने तथा छात्रों को संस्थान के विकास की एक झलक देने में सक्षम है। स्वर्ण जयंती पूर्वछात्र बैठकों के दौरान विभिन्न वर्षों की लगभग 750 छवियों को डाटा के साथ इस अधिष्ठापन पर प्रदर्शित किया गया।

आईआईएम अहमदाबाद सांस्कृतिक एवं नाट्य सोसायटी

आईआईएम ऐक्ट्स ने इस वर्ष तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव *रुबरू* द्वारा लगभग 450 से अधिक कदमों के साथ शुरूआत की। इस इवैंट के अंतर्गत, आईआईएम ऐक्ट्स ने *पार्क* (हिन्दी), *ब्लेक कोमेडी* (अँग्रेज़ी) जैसे नाटकों तथा टैगोर की 150वीं जयंती मनाते हुए *सम्पत्तिसमर्पण* (बंग्ला), *अंतिम पाथ* (हिन्दी), *ऑन क्युरियोसिटी* (अँग्रेज़ी) जैसे लघुनाटकों का सफलतापूर्वक मंचन किया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर *खुदा हाफ़िज़* में लिखित गुलज़ार के लेखों को भी मंच पर समाविष्ट किया गया। इस वर्ष एलेक्स ब्राउन की कहानी पर आधारित एक लघुफिल्म *किल* का निर्माण देखने को मिला, जिसका प्रदर्शन मुम्बई में काला घोड़ा महोत्सव में किया गया था और बाद में अहमदाबाद में नटरानी में किया गया। व्यंगात्मक रूप से, *किल* एक लघुफिल्म निर्माण के रूप में नाटक के अन्य पहलू और कौशलों को जीवंत कर देती है।

आईआईएम अहमदाबाद की समर्थन प्रणाली

संस्थान में यह कार्यक्रम अत्यंत कठिन है और छात्रों को इसमें स्वयं ही समायोजित होने की जरूरत है। संस्थान में सुरक्षा की कई पंक्तियाँ और समर्थन की प्रणालियाँ हैं।

